दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 20 मई 2025 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 98 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने एक तीर से कई निशाने साध डाले। यहां तक कि आपदा में भी अवसर तलाश लिया। भारत के हवाई हमले से पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई। वहीं पीओके और बलूचिस्तान में बगावत की आंधी तूफान के रूप में तब्दील हो गई। अमेरिका, चीन और तुर्किए के घटिया हथियारों की हकीकत दुनिया के सामने आ गई। भारतीय हथियारों का पूरी दुनिया लोहा मान गई। नतीजतन ब्रह्मोस मिसाइल सहित अन्य हथियार हासिल करने कई देश कतार में लग गए हैं। मतलब, आपरेशन सिंदूर पर भारत का जो खर्चा हुआ है, वह वसूल हो जाएगा।

महुआ पेड़ की छांव में विष्णुदेव साय की चौपाल : बोले, जो भी परेशानी है, निःसंकोच बताइए

विष्णुदेव साय ने लगाई इंजीनियर को फटकार, काम करो या सस्पेंड के लिए तैयार रहो, -चुकतीपानी में मुख्यमंत्री का अचानक दौरा, बैगा समुदाय ने किया आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री ने योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखा

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को बिना पूर्व सूचना के हेलीकॉप्टर से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम चुकतीपानी पहुंचे। ग्रामीण अपने बीच मुख्यमंत्री साय को यूं अचानक पाकर आश्चर्यचकित हो गए, लेकिन कुछ ही क्षणों में यह हैरानी स्वागत में बदल गई। ग्रामीणों ने गुलमोहर की माला, तेंदू फल की टोकरी और स्थानीय फूल-पत्तियों से बना गुलदस्ता भेंट कर मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय अभिनंदन किया। गांव के मिडिल स्कूल परिसर में महुआ पेड़ के नीचे लगी चौपाल में मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों से करते हुए कहा कि सरकार कैसे काम कर रही है, यह जानने मैं स्वयं आपके घर आया हूं। जो भी परेशानी है, निःसंकोच बताइए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री के कड़े तेवर - लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

सुशासन तिहार में सीएम साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मनियारी जलाशय और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है, सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

ट्रेन टिकटों पर ऑपरेशन सिंदूर, मोदी की फोटो छापना शर्मनाक : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार संवेदनशील मुद्दों को भी प्रचार के रूप में इस्तेमाल कर रही है और इसी का परिणाम है कि रेल टिकटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑपरेशन सिंदूर की फोटो लगाई जा रही है। कांग्रेस ने कहा ÷ट्रेन के टिकट पर 'ऑपरेशन सिंदूर' और नरेंद्र मोदी की फोटो छापी जा रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर'-आतंक के खिलाफ भारत का करारा जवाब था। हमारे जांबाज सैनिकों के शौर्य और पराक्रम की गाथा थी। लेकिन मोदी सरकार ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर भी प्रचार करने से बाज नहीं आ रही है।

ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए भारत सम्मानित

नयी दिल्ली (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन(डब्ल्यूएचओ) ने भारत को आंखों की बीमारी 'ट्रेकोमा' के उन्मूलन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जेनेवा 78 वीं बैठक में डब्ल्यूएचओके महानिदेशक डा घेब्रेयस टेड्रोस ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को 'ट्रेकोमा उन्मूलन प्रमाणपत्र' प्रदान किया। भारत को यह प्रमाण पत्र जन स्वास्थ्य की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदान किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रमाणपत्र बीमारी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल और सबके लिए स्वास्थ्य के सतत् प्रयासों का प्रतीक है।

नया ओसीआई पोर्टल शुरू

नयी दिल्ली 19 (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारक मूल नागरिकों को विश्वस्तरीय आव्रजन सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। श्री शाह ने सोमवार को यहां नया ओवरसीज सिटीजन ऑफइंडिया(ओसीआई) पोर्टल शुरू किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और आसूचना ब्यूरो के निदेशक सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शाह ने कहा कि ओवरसीज सिटीजन के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए अप-टू-डेट यूजर इंटरफेस के साथ नए पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।

विदेश सचिव ने संसदीय स्थायी समिति को दी ऑपरेशन सिन्दूर की जानकारी

पहलगाम हमले के समय पाक के संपर्क में थे आतंकी

किसी अन्य देश को जम्मू-कश्मीर के मुद्दों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं

नईदिल्ली/ए.। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हुए भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर सोमवार को एक संसदीय समिति को जानकारी दी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अपराजिता सारंगी एवं अरुण गोविल आदि ने भाग लिया।

आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं-मिस्री

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव ने संसदीय पैनल को बताया कि पहलगाम हमले की जांच से पता चला है कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड से संपर्क किया था। इसके साथ ही विक्रम मिस्री ने जानकारी दी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वांछित आतंकवादी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं, भारत के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं। आतंकवाद के पनाहगाह के रूप में पाकिस्तान का पिछला रिकॉर्ड दुनिया देख चुकी है, जो ठोस तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान में आतंकियों, सैन्य खुफिया एजेंसियों और नागरिक प्रशासन के बीच गहरा गठजोड़ है, जो भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने में अहम भूमिका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सैन्य कार्रवाई की पाक को पूर्व सूचना नहीं दी गई

विदेश सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकियों के ठिकानों के खिलाफसैन्य कार्रवाई के बारे में पाकिस्तान को कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि आतंकियों के खिलाफ शुरुआती मगर सटीक सैन्य हमले के बाद इसकी जानकारी पाकिस्तान को दी गई। पड़ोसी देश को बताया गया कि भारत ने किसी देश के खिलाफनहीं बल्कि आतंकियों के खिलाफसैन्य कार्रवाई की है। दरअसल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान का हवाला देते हुए दावा किया कि कि सैन्य कार्रवाई की पूर्व सूचना पाकिस्तान को दी गई थी। विदेश सचिव ने कहा कि विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है।

युद्ध विराम में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं

करीब दो घंटे तक चली बैठक में विदेश सचिव से सबसे अधिक सवाल संघर्ष विराम में अमेरिकी मध्यस्थता के संदर्भ पूछे गए। सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव ने संघर्ष विराम में अमेरिका या किसी अन्य देश की भूमिका से इन्कार किया। उन्होंने सरकार का रुख दोहराते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर ही लिया गया था। संघर्ष विराम का प्रस्ताव पाकिस्तान की ओर से आया था।

परमाणु हमले के संकेत नहीं

मिस्री ने समिति को यह भी बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष पारंपरिक ही रहा। पड़ोसी देश की तरफसे कोई ऐसा संकेत नहीं मिला कि वह परमाणु हमला भी कर सकता है। एक सदस्य की ओर से भारत के खिलाफ तुर्किये के प्रतिकूल रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तुर्किये कभी भारत का समर्थक नहीं रहा है। कुछ सांसदों ने सवाल किया कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान चीनी प्लेटफॉर्मों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विजय शाह को 'सुप्रीम' फटकार
आप ने देश को शर्मशार किया

■ जांच के लिए एसआईटी गठित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट लगा चुकी है फटकार

मंत्री शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान का विरोध तेज हुआ और उनके खिलाफकेस दर्ज करने की मांग की जाने लगी। मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने स्वतः संज्ञान लिया। सुनवाई के दौरान मंत्री शाह को जमकर फटकार लगाई गई। कोर्ट की ओर से तल्ख टिप्पणी करते हुए उनके बयान को कैंसर जैसा घातक बताया था। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री शाह ने गटरछाप भाषा का इस्तेमाल किया है, जो अस्वीकार्य है। कोर्ट ने डीजीपी को मंत्री के खिलाफएफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद बुधवार देर रात महू पुलिस ने विजय शाह के खिलाफकेस दर्ज किया गया। अलगे दिन की सुनवाई में एफआईआर की कॉपी पेश की गई, जिसे लेकर कोर्ट ने सवाल उठा दिए। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि एफआईआर की भाषा मंत्री के हित में लिखी हैं, यानी उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

सिंगारपुर में आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौत

गांव में शोक की लहर, प्रशासन से मदद की गुहार

सहसपुर लोहारा। ग्राम सिंगारपुर में रविवार की रात एक अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना घटी। शाम करीब 7 बजे के आसपास अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने लगी। इसी दौरान अपने खेत में रखे प्याज को बारिश से बचाने के लिए पहुंचे एक दंपति की मौके पर ही आकाशीय बिजली गिरने से दोनों पति और पत्नी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान हेमलाल पटेल (32 वर्ष) और उनकी पत्नी चैती पटेल के रूप में हुई है। दोनों खेत में प्याज की फसल को तिरपाल से ढकने के लिए पहुंचे थे, तभी आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आ गए। बिजली गिरने की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की याचिका पर सुनवाई को सहमत

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ कथित नकदी बरामदगी विवाद मामले में मुकदमा दर्ज करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा के इस मामले में तत्काल सुनवाई के अनुरोध के बाद कहा कि यदि प्रक्रिया संबंधी खामियां दूर हो गई हों तो इस मामले को मंगलवार के लिए (सुनवाई) सूचीबद्ध किया जा सकता है। शीर्ष अदालत के समक्ष अधिवक्ता नेदुम्परा ने 14 मई को भी मामले का उल्लेख किया था, लेकिन तब अदालत ने उनसे प्रक्रिया का पालन करने को कहा था। अपनी याचिका में नेदुम्परा ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है।

जामा मस्जिद विवाद : हाईकोर्ट में अर्जी खारिज, संभल में सर्वे जारी रहेगा

प्रयागराज। शाही जामा मस्जिद, संभल से जुड़े विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मस्जिद प्रबंधन समिति की सिविल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। इस फैसले के साथ ही अब यह स्पष्ट हो गया है कि संभल की जिला अदालत में चल रही सर्वे संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए यह निर्णय सुनाया। 13 मई को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

विवाद की पृष्ठभूमि

यह मामला 19 नवंबर 2024 को उस समय शुरू हुआ जब कुछ याचिकाकर्ताओं ने संभल की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अदालत में याचिका दाखिल कर दावा किया कि मस्जिद का निर्माण 1526 में एक प्राचीन हरिहर मंदिर को तोड़कर किया गया था, जो भगवान विष्णु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट की कार्यवाही

हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने बताया कि हमने 19 नवंबर 2024 को याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। सर्वे दो चरणों में पूरा हुआ। मस्जिद पक्ष सुप्रीम कोर्ट गया, जहां से उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा गया।

उन्होंने आगे बताया कि मुख्य कानूनी प्रश्न यह था कि क्या संभल के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) को सर्वे का आदेश देने का अधिकार था, और क्या यह मामला वहीं चलेगा या किसी अन्य न्यायालय में स्थानांतरित किया जाएगा।

गरमा-गरम

सुनवाई... सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा-

भारत कोई धर्मशाला नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।

अपने देश में जान का खतरा

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पति-पत्नी-बच्चे भारत में बस गए

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी। लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जाएं।

यह है मामला

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ LTTE कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने उसकी सजा घटाकर तीन साल कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में LTTE के पूर्व सदस्य के रूप में श्रीलंका में युद्ध लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नये वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

नयी दिल्ली (वार्ता)। मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फकी संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ कुरैशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है।

वकीलों से मारपीट मामले में 8 को अवमानना नोटिस

■ कोर्ट ने कहा- 16 जून तक दाखिल करें जवाब

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 25 अप्रैल को न्यायालय परिसर के पास वकीलों से हुई कथित मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अवमाननाकर्ताओं को मामले की अगली सुनवाई 16 जून तक अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

इस बीच, कोर्ट के पिछले आदेश के अनुसार कोलकाता पुलिस आयुक्त ने तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ के समक्ष घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत ने यह भी पाया कि अवमाननाकर्ताओं की ओर से वकील तो मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी पीठ के समक्ष हलफनामा प्रस्तुत नहीं किया।

पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट दाखिल करने का दिया था निर्देश

पीठ ने 2 मई को कोलकाता पुलिस आयुक्त को वकीलों से कथित रूप से की गई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

पीठ ने उन्हें वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कोलकाता पुलिस आयुक्त को जांच करने और वकीलों को परेशान करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करने के लिए भी कहा। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

हाईकोर्ट ने घटना का स्वतः संज्ञान लेकर गठित की थी विशेष पीठ-पीठ ने पुलिस आयुक्त से यह भी कहा है कि वह हाईकोर्ट परिसर के पास किरण शंकर रॉय रोड और ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट के जंक्शन पर हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें।

हाईकोर्ट ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें कथित तौर पर वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य सहित कई वकीलों के साथ कथित रूप से मारपीट की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम ने न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी, न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ का गठन किया था। दो मई को पीठ ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि न्याय के समुचित प्रशासन में हस्तक्षेप करके और न्यायपालिका को बदनाम करके आपराधिक अवमानना की गई है।

पाक मिसाइलों-ड्रोन्स के निशाने पर था स्वर्ण मंदिर, आकाश मिसाइल प्रणाली बनी ढाल

अमृतसर। पाकिस्तान ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने के लिए मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। इसे भारतीय रक्षा प्रणालियों ने ध्वस्त कर दिया था। इसे लेकर सेना ने एक डेमो भी जारी किया। इसके अलावा सेना के पश्चिमी मोर्चे ने एक नया वीडियो भी जारी किया। वीडियो में सेना ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल के मलबे भी दिखाए।

सेना के डेमो में क्या?

भारतीय सेना ने सोमवार को एक डेमो दिखाया। इसमें बताया गया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया। 15 इन्फैंट्री डिवीजन के GOC मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्री ने कहा, '... सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तानी सेना ने सुनियोजित तरीके से 22 अप्रैल को पहलगाम में अपने आतंकियों द्वारा देश और विदेश के निहत्थे पर्यटकों पर हमला करवाया था। इसके बाद पूरे देश के आक्रोश ने भारत के प्रबल नेतृत्व के अधीन ऑपरेशन सिंदूर का रूप लिया। हमने केवल आतंकी ठिकानों का नाश किया था और इसके अतिरिक्त किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।'

'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा'

भारतीय सेना के एक जवान ने कहा, 'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा हैं। 8-9 मई की रात को दुश्मन ने अचानक हम पर फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। हमने दुश्मन पर अचूक फायरिंग की और उसकी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह तक दुश्मन अपने घुटनों पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा लहरा दिया। हम अपने देशवासियों को यह भरोसा दिलाते हैं कि जब तक देश की सीमाओं पर भारतीय सेना तैनात है, तब तक कोई भी इस देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता।'

'नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए तैयार'

एक अन्य सैनिक ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी ढांचे पर सफल हमला किया। 22 अप्रैल के बाद हमने अपनी तैयारी शुरू कर दी और कम समय में तैनात होने के लिए तैयार थे। वर्तमान में आप अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पैंथर गनर्स की एक अच्छी तरह से छिपी हुई और अच्छी तरह से संरक्षित बंदूक की स्थिति में खड़े हैं। हम दुश्मन द्वारा हम पर किए जाने वाले सभी और किसी भी तरह के खतरों के लिए तैयार हैं, जिसमें ड्रोन हमले, हवाई हमले, जवाबी बमबारी और अन्य हाइब्रिड खतरे शामिल हैं। हम सतर्क हैं। हम सतर्क हैं और दुश्मन द्वारा हमारे खिलाफ किए जाने वाले किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए तैयार हैं।'

भारतीय रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता पर एक अन्य सैनिक ने कहा, 'जमीन आधारित वायु रक्षा हथियारों और सेना के वायु रक्षा हथियारों के गोला-बारूद का केवल 10त्न ही इस्तेमाल किया गया। हमने YI2-III और सोंगार जैसे कामिकेज ड्रोन और माइक्रो-ड्रोन बरामद किए हैं, जो संभवतः तुर्की मूल के हैं। हमारी वायु रक्षा दीवार को भेदना बहुत मुश्किल है।' उन्होंने आगे कहा कि 7 मई को जब हमने पाकिस्तान और पीओके में मुरीदके में लश्कर मुख्यालय जैसे शीर्ष आतंकवादी प्रतिष्ठानों की पहचान की और उन पर हमला किया, तो यह अनुमान लगाया गया था कि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा और हमारे मुख्य हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाएगा। आश्चर्य की बात यह रही कि कुछ कामिकेज ड्रोन, सतह से सतह और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें सीधे स्वर्ण मंदिर पर दागी गईं। लगभग 3 दिनों तक हमारे हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में कोई सफलता नहीं मिलने के बाद उन्होंने इन कामिकेज ड्रोन और रॉकेटों से नागरिक क्षेत्रों गुरुद्वारा साहिब और अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया। सभी हवाई हमलों को रोक दिया गया और बड़ी सटीकता के साथ मार गिराया गया।

'अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था'

उन्होंने कहा कि 7 मई की रात को हमें पुख्ता जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान किसी उचित और सटीक टार्गेट न होने के कारण सिविल ठिकानों, खासतौर पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनाएगा। इसमें अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था। हमें अतिरिक्त जानकारी यह भी मिली कि वे (पाकिस्तान) स्वर्ण मंदिर पर भारी तादाद में ड्रोन और मिसाइल से हमला करेंगे, इसलिए हमने तुरंत आधुनिक अतिरिक्त एवं उपयुक्त एयर डिफेंस उपलब्ध कराया था। हमने स्वर्ण मंदिर पर एक आंच भी नहीं आने दी।' 15 इन्फैंट्री डिवीजन के GOC मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने कहा, 'यदि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही विनाश होगा। याद रहे कि ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं हुआ है। उसका विकराल रूप अभी बाकी है। भारतीय सेना ने केवल आतंकवाद और आतंकी ठिकानों को बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के निशाना बनाया और सटीक तरीके से हमले किए। इसके उलट पाकिस्तानी सेना ने जानकर भारतीय सैन्य ठिकानों और सिविल इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तानी आर्मी के लिए सभी टार्गेट जायज हैं, मगर भारतीय सेना उनके नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी।

आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में स्थानीय राजनीति आड़े नहीं आनी चाहिए

मुंबई। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने अपने ही गठबंधन के नेता संजय राउत को लताड़ लगाई है। उन्होंने शिवेसना यूबीटी के नेता संजय राउत को सलाह दी कि जब भारत आतंकवाद के खिलाफलड़ाई लड़ रहा है, तो उसके बीच स्थानीय राजनीति को नहीं लाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि संजय राउत ने एक दिन पहले ही केंद्र सराकर द्वारा सांसदों का सर्वदलीय दल विभिन्न देशों को भेजने की आलोचना की थी और इंडी गठबंधन की पार्टियों से केंद्र सरकार के इस कदम का बहिष्कार करने की अपील की गई थी।

ज्योति का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

हिसार(आईएएनएस)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर 1.31 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430107000042

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष कुमार पिता/पति गिरधारी लाल पता बघेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 4/1(0.2870), 30/8(0.3440) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पंकज नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार पता मकान नं. 441 वार्ड 55 बघेरा जिला दुर्ग, श्रीमती सुप्रीति नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार पता मकान नं. 441 वार्ड 55 बघेरा जिला दुर्ग, छयांशु नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार पता मकान नं. 441 वार्ड 55 बघेरा जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./12/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक श्रीमती राजकुमारी गुप्ता पति स्व. सुशील कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 25 गायत्री मंदिर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 59 सी प्लाट नं. 18/2 रकबा 120.77 वर्गमीटर भूमि धारकगण सुशील, बृजनारायण, सुरेश, अशोक, शरद गुप्ता आ. रामेश्वर गुप्ता नि. स्टेशन रोड दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक सुशील की मृत्यु दिनांक 05.03.2023 को हो चुकी है। मृतक सहधारक के वारिसान उनकी पत्नि राजकुमारी गुप्ता पुत्री नीति गुप्ता है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक सहधारक सुशील कुमार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण किये जाने तथा शेष सहधारकों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत की है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00002 कोटनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430106900004

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00002 के अंतर्गत ग्राम कोटनी के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष कुमार पिता/पति गिरधारीलाल पता बघेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 560/2(0.2000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सुप्रीति नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार नेताम पता मकान नं. 441 वार्ड 55 बघेरा तह. व जिला दुर्ग, छयांशु नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार नेताम पता मकान नं. 441 वार्ड 55 बघेरा तह. व जिला दुर्ग, ना.बा. पंकज नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार नेताम पालक वली माता सुप्रीति नेताम पिता/पति स्व. संतोष कुमार नेताम पता मकान नं. 441 वार्ड 55 बघेरा तह. व जिला दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202505100700069 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार जैन आ. स्व. मोहन लाल जैन निवासी मनोहरन वर्धमान नगर खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग तह.व जिला-दुर्ग (छ. ग.) के द्वारा मौजा पुलगांव प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि का खसरा नं. 28/1-2, रकबा 1.2000 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में सुशीला देवी पति मोहन लाल के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को रजिस्टर्ड विलेख दिनांक 29/03/2025 को निष्पादित किया गया है। जिसका ग्रन्थ क्रं. 3636 पृष्ठ क्रं. 281 से 301 दस्तावेज क्र. सी.जी.-2024-25-113-1-7604 है। उक्त साझेदारी विलेख के आधार पर उपरोक्त भूमि पर पार्टनर 1-श्री किशोर कुमार जैन आ. स्व. मोहन लाल जैन, 2-श्रीमती सुशीला देवी बागमर पति मोहन लाल जैन, 3-संगीता जैन पति किशोर कुमार जैन, 4-सुनीता जैन पति राजेश जैन के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज किया जाये। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत साझेदारी विलेख के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 09.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वासर्ल्ल वेंकटेश्वर राव पिता व्ही. नागराजू उम्र-55 वर्ष, निवासी-5/सी. स्ट्रीट 15 बी, सेक्टर-02 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ, मेरे पुत्र वासर्ल्ल महेश राव की जन्मतिथि-03.08.2008 है। पूर्व में मेरे पुत्र को व्ही. महेश राव (V MAHESH RAO) आ. व्ही. वेंकटेश्व राव (V VENKATESHWAR RAO) के नाम से जाना जाता था, मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर वासर्ल्ल महेश राव (VASARLL MAHESH RAO) तथा पिताजी के स्थान पर वासर्ल्ल वेंकटेश्व राव (VASARLL VENKATESHWAR RAO) रख लिया है तथा इसी परिवर्तित नाम से मेरे पुत्र को जाना-पहचाना व पुकारा जायेगा।

अतः मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तोवज, जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, मार्कशीट, शासकीय एवं अर्धशासकीय अभिलेखों/दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम व्ही. महेश राव (V MAHESH RAO) आ. व्ही. वेंकटेश्व राव (V VENKATESHWAR RAO) के नाम से जाना जाता था, मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर वासर्ल्ल महेश राव (VASARLL MAHESH RAO) तथा पिताजी के स्थान पर वासर्ल्ल वेंकटेश्व राव (VASARLL VENKATESHWAR RAO) के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा एवं पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
वासर्ल्ल वेंकटेश्वर राव
पिता व्ही. नागराजू
निवासी-5/सी. स्ट्रीट 15 बी,
सेक्टर-02 भिलाई,
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक 126 बी/ 2022 सन् 2025

न्यायालय कु. रुचिका माहेश्वरी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग के द्वितीय अति. न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक :- आई.डी.बी.आई बैंक
अनावेदक :- धीमन डे

बनाम- धीमन डे आ. श्री शिवशंकर डे प्रोपाइटर श्री कृष्णा एजेंसी साकिन ए/15 चौहान टाउन जुनवानी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते रकम वसूली दावा कीमती 693138/- (अक्षरी- छः लाख तिरानबे हजार एक सौ अडतीश रुपए मात्र) का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 17.06.2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसके सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो अपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्ठि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बताई गाई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजान नही होंगे तो वाद कीसुनवाई और निराकण अपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

मुहर — **कु. रुचिका माहेश्वरी**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग के द्वितीय अति.
न्यायाधीश दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुशील पिता गौतम चंद निवासी हाउस नं. 01 गांधी वार्ड मुंगेली, मुंगेली (छ.ग) का यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम सुशील को त्याग कर नया नाम सुशील जैन रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सुशील जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
सुशील जैन
पिता गौतम चंद
निवासी हाउस नं. 01 गांधी
वार्ड मुंगेली, मुंगेली (छ.ग)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505103000006 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु कुमार कामड़ी पिता सुद्धू राम कामड़ी पता-मकान नंबर- 12/03, ग्राम व पोष्ट उतई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा उतई प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उत्तई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 471/1.471/4 रकबा क्रमशः 0.1600, 0.4800 हे कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.6400 हे. भूमि जो संयुक्त रूप से विष्णु प्रसाद पिता सुध्धूराम, ब्रम्हानद पिता सुध्धूराम, महेश नाबा. पिता सुध्धूराम, संतोष नावा. सुद्धू पा.मा. रामबाई पति सुद्धूराम, रामबाई पति सुध्धूराम के संयुक्त नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार महेश ना.बा पिता सुद्धूराम का जन्म तारीख 06/05/1981 है, जिसके अनुसार वह वर्तमान में बालिग हो चुकी है। सहखातेदार संतोष ना.बा पिता सुद्धू पा.मां रामबाई पति सुद्धूराम का जन्म तारीख 12/02/1983 है, जिसके अनुसार वह वर्तमान में बालिग हो चुके है। सहखातेदार संतोष पिता सुध्धूराम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण नाम है तथा सही व पूरा नाम संतोष कुमार कामड़ी पिता सुध्धूराम कामडी है जो उसके शैक्षणिक दस्तावेजों व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि में सहखातेदार महेश पिता सुध्धूराम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण नाम है तथा सही व पूरा नाम महेश कामड़ी पिता सुधु राम कामड़ी है जो उसके शैक्षणिक दस्तावेजों व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि में दस्तावेजों में सहखातेदार का सही व पूरा नाम संतोष कुमार कामड़ी पिता सुद्धू राम कामड़ी एवं महेश कामड़ी पिता सुद्धू राम कामड़ी दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505103000029 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भवदीप पटेल पिता स्व. श्री दिनेश पटेल जाति मरार पता हा.नं. 104, वार्ड 06 ग्राम सिरसिदा तह0 गुण्डरदेही जिला बालोद के द्वारा आवेदक के पिता दिनेश्वर पिता शत्रुहन लाल व अन्य सहखातेदार पुष्पेन्द, होमलाल, बृजेश्वरी, रूखमणी, मिथलेश्वरी, सुषमा सभी का पिता शत्रुहनलाल, जनकबाई पति शत्रुहनलाल, प्रेमसिंह, देवबती, गिरजा सभी का पिता स्व. जगतराम व गंगा प्रसाद पिता फितूराम के नाम से शामिलात खाता में मौजा चिरपोटी प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. उतई में स्थित कास्तकारी जमीन जिसका खसरा नंबर 128, 135 रकबा कमशः 0. 280, 2.830 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 3.110 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त संपत्ति के सहखातेदारों का निम्नानुसार स्वर्गवास हो चुके है जिसके विधिक वारिसान निम्नानुसार हैः- 1. चितेश्वर पिता स्व. शत्रुहन लाल का स्वर्गवास दिनांक 07/04/2021 को हो चुका है. जिसके विधिक वारिसान भवदीप पटेल, स्वपनिल पटेल पुत्र, गायत्री पटेल- पत्नि, 2. गंगाप्रसाद पिता स्व. फितू राम का स्वर्गवास दिनांक 29/09/2018 को एवं गंगा प्रसाद के पत्नि श्रीमती गंगा पटेल का स्वर्गवास दिनांक 16/05/2019 को हो चुकी है. जिसके विधिक वारिसान निम्नानुसार हैः- दानीराम, इन्द्रमणि पटेल, तुलेश्वर प्रसाद पटेल पुत्रगण, कुमारी देवी पटेल, गायत्री रामकुमार पटेल, बागेश्वरी पटेल पुत्रीगण का नाम दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन/सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि में स्वामीनाथन अमुधा पति श्री चिदम्बरन स्वामीनाथन, उम्र 57 वर्ष, निवासी-जेन. 20, गणपति विहार बोरसी, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम एस. अमुथा (SAMUTHA) पति श्री सी.एस. नेतन (C.S.NATHAN) तथा मेरा सही वास्तविक एवं पूरा नाम स्वामीनाथन अमुथा (SWAMINATHAN AMUTHA) पति श्री चिदम्बरम स्वामीनाथन (C H I D A M B A R A M SWAMINATHAN) है। स्वामीनाथन अमुथा (SWAMINATHAN AMUTHA) पति श्री चिदम्बरम स्वामीनाथन (C H I D A M B A R A M SWAMINATHAN) एवं एस. अमुथा (SAMUTHA) पति श्री सी.एस. नेतन (C.S.NATHAN) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही है परन्तु में अपने भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों में अपना नाम एस. अमुथा (S.AMUTHA) पति श्री सी.एस. नेतन (C.S.NATHAN) के स्थान पर स्वामीनाथन अनुथा (SWAMINATHAN AMUTHA) पति श्री चिदम्बरम स्वामीनाथन (H I D A M B A R A M SWAMINATHAN) कराना चाहती हूं जिसके लिए छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशन करना चाहती हूं। अतः आज दिनांक के पश्चात से मुझे स्वामीनाथन अमुथा (SWAMINATHAN AMUTHA) पति श्री चिदम्बरम स्वामीनाथन (C H I D A M B A R A M SWAMINATHAN) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

शपथकर्ती
स्वामीनाथन अमुथा

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती अर्जुमंद बानो (ARJUMAND BANO) पति मिर्जा तहसीन बेग (MIRZA TEHSEEN BAIG) उम्र 33 वर्ष, निवासी 49/1, राधिका नगर, काली बाड़ी के पास, सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे समस्त शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम अर्जुमंद बानो (FARJUMAND BANO) दर्ज है। है कि मेरे पुत्री आयशा मिर्जा (AYESHA MIRZA) उम्र 13 वर्ष के जन्म प्रणाम पत्र म मेरा नाम अर्जुमंद मिर्जा (ARJUMAND MIRZA) दर्ज हो गया है। यह की मैं अपनी पुत्री के जन्म प्रणाम पत्र में अपना नाम अर्जुमंद बानो (ARJUMAND BANO) दर्ज कराना चाहती हूँ। यह की उक्त शपथ पत्र राजपत्र में प्रकाशन हेतु है। अतः मेरा यह शपथ पत्र उक्त कथनों के समर्थन में सक्षम प्रोधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
अर्जुमंद बानो
पति मिर्जा तहसीन बेग
निवासी 49/1, राधिका नगर,
काली बाड़ी के पास, सुपेला
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505101500047
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

तेलीगुडरा प.ह.न. 00038 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- नोहर
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम तेलीगुडरा प.ह.नं. 38 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नोहर पिता दुकालू निवासी ग्राम तेलीगुडरा द्वारा ग्राम तेलीगुडरा प.ह.न 38 स्थित अपने नाम हक एवं स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 86, 1084/4, 1837/1, 1315/2, 1844 रकबा 0.170.10, 0.01, 0.26, 0.06 हे. कम्प्यूटर रिकार्ड किसी अन्य व्यक्ति धरमूराम पिता पुनीतराम का नाम दर्ज होने से उक्त नाम को विलोपित किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक नोहर पिता दुकालू के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 02.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी
(वि.ख. कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, वि.ख. कवर्धा, जिला-कबीरधाम)
Phone: 07741-266675 Email:- bpmchcpipariya@gmail.com
क्रमांक/एन.एच.एम./एवीडीएस./2025-26/469 पिपरिया दिनांक 16.05.2025

प्रेस विज्ञप्ति
-:: निविदा (Short Tender) आमंत्रण सूचना ::-

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम में संचालित Alternative Vaccine Delivery (Avds) के कार्य हेतु विकासखंड कवर्धा (पिपरिया) में वैक्सीन पहुंचाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य करने हेतु जिला- कबीरधाम निवासी हो/इच्छुक फर्म/NGO/संस्था संबंधित विकासखंड कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया से निर्धारित तिथि में कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 12.00 से संध्या 05.00 बजे तक रुपये 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) जो कि नान रिफन्डेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। डी.डी./बैंकर्स चेक Bolck Health Society Pipariya के नाम से ही स्वीकार किये जावेंगे।

0 निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि : 06 जून 2025 को शाम 05:00 बजे तक।
0 निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक : 06 जून 2025 को शाम 05:30 बजे तक।
0 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 12 जून 2025 को शाम 05:00 बजे तक।
0 निविदा खोले जाने की तिथि : 13 जून 2025 को शाम 04:00 बजे।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.kawardha.gov.in में देखा जा सकता है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकासखण्ड कवर्धा
जिला-कबीरधाम छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202505112500112/ब/121 वर्ष 2024-25 आरंग, दिनांक 08.05.2025
ग्राम- बेनीडीह, प.ह.नं. 25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल सिंह पवार निवासी ग्राम बेनीडीह तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा कलेक्टर महोदय रायपुर के माध्यम से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला रायपुर के द्वारा ज्ञापन प्राप्त हुआ है कि ग्राम बेनीडीह प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 220/2 का रकबा 2.00 हे. भूमि आवेदक की माता आशा देवी पवार को वर्ष 1973-74 में पारित आदेश दिनांक 01.08.1989 को शासन द्वारा कृषि भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। आवेदक की माता आशा देवी पवार का निधन 2003 में होने के उपरांत कृषि भूमि आवेदक के नाम पर दाखिल काबिज की गई। आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि को भू-स्वामी अधिकार प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पेश किए जाने पर प्रकरण इस न्यायालय में प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 23.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार आरंग (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्रं. क्यू.रा.नि. 2023 रिसाली

प्रति,
आवेदक/आवेदिका शोभाना ए साइमन
विषय : सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम रिसाली प.ह.नं.49 रा.नि.मं रिसाली तह. व जिला दुर्ग रिक्त भूमि खसरा नं. 274/13, 274/14 रकबा 4560 वर्गफीट न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक वाचक/ ना.तह. 2022/ दुर्ग दिनांक के परिपालन में दिनांक 23.05.2025 को 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है। अतः दस्तावेज रजिस्ट्री बयनामा लेआउट सहित नियत समय पर उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर — **राजस्व निरीक्षक रिसाली**

नाम परिवर्तन/सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख वसीम आ. श्री नूर मोहम्मद, उम्र-42 वर्ष, निवासी-म.नं.1390, वार्ड नं.09, अनिता किराना स्टोर्स के पीछे. कृष्णा नगर सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मेरी पुत्री जिसकी जन्मतिथि 28.09.2018 है के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम फतिमा शायना शेख (FATIMA SHAYANA SHEIKH) दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम फतिमा शायना (FATIMA SHAYNA) है जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है । फतिमा शायना शेख (FATIMA SHAYANA SHEIKH) एवं फतिमा शायना (FATIMA SHAYNA) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री का ही है। मैं अपनी पुत्री के समस्त अभिलेखों में उसका नाम फतिमा शायना शेख (FATIMA SHAYANA SHEIKH) के स्थान पर फतिमा शायना (FATIMA SHAYNA) दर्ज कराना चाहता हूं। अतः आज दिनांक के पश्चात से मेरी पुत्री को फतिमा शायना (FATIMA SHAYNA) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

शपथकर्ता
शेख वसीम
आ. श्री नूर मोहम्मद
निवासी-म.नं.1390, वार्ड नं.09,
अनिता किराना स्टोर्स के पीछे
कृष्णा नगर सुपेला, भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com
ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.20965 दिनांक 19.05.2025
वार्ड का नाम- 19- डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802N00721 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Savitri Bai Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Gajadhar Ram Sahu के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Khileshwar Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Gajadhar Ram Sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र- 2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर, स्थित भवन क्रमांक ई.डब्लू.एस.-69 सुश्री दुर्गा भूते पिता श्री नारायण भूते, के नाम से आबंटित किया गया। आबंटी द्वारा दिनांक 11.09.2018 को लीजडीड पंजीकृत कर, पूर्ण मूल्य जमा कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2251 दिनांक 08.10.2018 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया। वर्तमान में आबंटी सुश्री दुर्गा भूते पिता श्री नारायण भूते निवासी 22/883, न्यू गंज मंडी रोड, पंडरीतराई पो. पंडरी रायपुर तहसील व रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री किशन रत्नाकर पिता श्री दिनकर प्रसाद रत्नाकर निवासी वार्ड नं. 13, खम्हरिया जिला बलौदाबाजार रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक- 07

निविदा आमंत्रण सूचना
प्रथम निविदा

क्रमांक 08/जोन क्र.-07/न.पा.नि./2025 रायपुर दिनांक 19.05.2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग शासन लोक निर्माण विभाग, श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा निर्धारित पी.एफ. 13.00 प्रतिशत एवं ई.एस.आई.सी. 3.25 प्रतिशत जोड़कर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति पर लिफाफा ''अ'' में अमानती राशि तथा लिफाफा ''ब'' में सीलबंद निविदाएं नियमानुसार पृथक-पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं जोन कमिश्नर जोन क्र. 07 नगर पालिक निगम रायपुर रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है ।

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि दिनांक 10/06/2025 संध्या 5.30 बजे तक।
02 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13/06/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि दिनांक 16/06/2025 प्रातः 11.00 बजे तक।

क्र.	कार्य विवरण	निविदा फार्म	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	जोन क्रमांक 07 अंतर्गत जल प्रदाय विभाग में 02 कर्मचारी (अकुशल श्रमिक) प्लेसमेंट के माध्यम से रखे जाने का कार्य।	B	305449	4000	750	श्रम विभाग से पंजीकृत ठेकेदार /फर्म	12 माह

नियम एवं शर्तें :- (भाग 1)
01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तदनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। प्रथम लिफाफा में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज दूसरे लिफाफे में सिर्फ निविदा प्रपत्र सीलबंद कर **दोनों लिफाफे को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टण्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीकृत होना अनिवार्य है। 04 GST 05. GST RI. last 3 month 06. ITR last 3 years 07. Bank Solvency Certificate 08. Pan Card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नियम एवं शर्तें :- (भाग 2)
1 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3. निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम, रायपुर

ये कैसा सुशासन है, श्रम विभाग में लाखों आवेदन लंबित : सन्नी अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं मजदूर नेता सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों के आवेदन लाखों की संख्या में लंबित है। जैसे मिनीमाता महतारी जतन योजना में 4834, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना में 110049, श्रमिक औजार सहायता योजना में 237729, सिलाई मशीन सहायता योजना में 10238, नौनिहाल छात्रवृति योजना में 20000, निर्माण मजदूर कौशल विकाश योजना में 14370, निर्माण श्रमिक सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 188153, नोनी सशक्तिकरण योजना में 14076, श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क गणवेश सहायता योजना में 47345, पंजीयन में कुल 13243 आवेदन लंबित है। यह डाटा श्रम विभाग के ऑनलाइन से प्राप्त आंकड़े हैं।

श्रमिकों से प्राप्त सूचना अनुसार आजकल सभी योजनाओं में जो पूर्व सरकार में 90 दिवस के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिलता था अब इस सरकार में एक साल और कुछ योजनाओं में 3 साल तक कर दिया गया है जिसके कारण हमारे श्रमिक साथियों शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहें हैं। संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन तक नहीं हो रहे हैं जैसे ई रिक्शा, सायकल, सिलाई मशीन आदि में।

पूर्व भूपेश बघेल की सरकार में जहां श्रमिक महिलाओं को दीदी ई रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत राशि रुपए 1 लाख सीधे उनके खाते में प्रदान किया जाता था, आज बीजेपी की सरकार में उनके लोन अकाउंट में दिया जा रहा है जिसके कारण कई श्रमिकों को खाते में उक्त अनुदान राशि जमा नहीं हो रहा है, जिसके कारण श्रमिक बहनों को लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व में जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में टॉप 10 की सूची में आते थे उन्हें विभाग की ओर से 1 लाख रुपए, ई स्कूटी के लिए एक लाख रुपए तथा मुख्यमंत्री की तरफ से एक लाख रुपए और हेलीकॉप्टर में घुमाया जाता था।

जिसमें श्रमिकों के साथ ऐसा शोषण हो रहा है

संज्ञान में यह भी आया है कि कई जगहों से प्लेसमेंट में कार्य कर रहे कर्मचारियों को जबरदस्ती नौकरी से निकाल दिया गया है तथा ठेका एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को सही समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा हैं और श्रम विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही इन संस्थानों के ऊपर नहीं किया जा रहा हैं।

भीषण गर्मी से राहत देने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की पहल जारी

■ डूमरतराई के थोक सब्जी मंडी में नि:शुल्क जल सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स लगातार विभिन्न स्थानों पर प्याऊ स्थापित कर व्यापारियों, ग्राहकों समेत राहगीरों को राहत पहुंचने का कार्य कर रहा है। इसके तहत पिछले दिनों में रायपुर के अनेकों इलाकों में सफलतापूर्व प्याऊ लगाया जा चुका है इसी कड़ी में डूमरतराई के थोक सब्जी मंडी में भी श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति द्वारा निःशुल्क जल सेवा केंद्र का शुभारंभ कर भीषण गर्मी में राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने निःशुल्क ठंडा पानी का वितरण किया गया।

इसे लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी ने कहा कि हम लगातार सभी को गर्मी से राहत देने प्याऊ का प्रबंध कर रहे हैं और इसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी साथी पूरी लगन से अपना योगदान दे रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि हम रायपुर के विभिन्न स्थानों में प्याऊ लगाने में सफल हुए हैं जिसका लाभ व्यापारी साथियों और आमजन को मिल रहा है।

साथ ही चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी कुम्हारी, भिलाई 3 ,जवाहर मार्केट व सुपेला पहुंचे जहां क्षेत्र के व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।इस दौरान चेंबर अध्यक्ष ने श्री गारगी शंकर मिश्रा जी को छत्तीगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के भिलाई नगर का अध्यक्ष नियुक्त किया।

इसके साथ ही पंजाबी पैलेस सेक्टर 5 में चेंबर अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन समारोह और एक देश एक चुनाव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापार, उद्योग की दृष्टि से भिलाई छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख स्थान है।

संक्षिप्त खबरें

ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने अपने अधिकारियों-कर्मचारियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पालिसी कराई है। मानव संसाधन विभाग ने परिपत्र जारी कर सूचित किया कि बीमा अवधि दिनांक 06.05.2025 (00.00 बजे) से एक वर्ष के लिए प्रभावशील है। वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने 1431 अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए बीमा करवाया है।योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति कार्मिक का प्रावधान किया गया है। संबंधित कार्यालय द्वारा दुर्घटनावश मृत्यु की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर निर्धारित दावा प्रपत्र एवं समस्त वांछित दस्तावेजों की 3 प्रतियां व्यक्तिगत रूप से उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी कार्यालय से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों को वरिष्ठ व्यावसायिक प्रबंधक, मेसर्स दि ओरियंटल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रमुख व्यावसायिक कार्यालय, एमआईजी - 15,शंकर नगर ,सेक्टर 3,रायपुर,छत्तीसगढ़, पिन नं. -492004 ,दूरभाष क्रमांक 9425540156 को प्रेषित करना होगा। बीमा कंपनी द्वारा 30 दिन के अंदर दावा राशि का भुगतान किया जाएगा। यह योजना गैर अंशदायी प्रकृति पर आधारित है, यानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा वार्षिक प्रीमियम राशि,बीमा कंपनी को प्रदान की गयी है।

उपन्यास 'काया' का हुआ लोकार्पण

रायपुर। जन संस्कृति मंच रायपुर द्वारा स्थानीय वृंदावन हॉल में 17 मई को एक भव्य और भव्य और सुरुचि पूर्ण आयोजन में जसम की सदस्य और देश की शीर्ष स्त्री कथाकारों में शुमार जया जादवानी के हाल में प्रकाशित उपन्यास काया का लोकार्पण किया गया। यह उपन्यास अभी कुछ ही दिनों पहले भोपाल के प्रतिष्ठित मंजुल प्रकाशन से छापकर आया है।कार्यक्रम की शुरुआत में जसम के लोकप्रिय गायकों वसु गंधर्व और निवेदिता शंकर ने जसम की परंपरा के अनुरूप चुनिंदा कवियों की रचनाओं का गायन कर माहौल संगीतमय कर दिया। फिर अतिथियों द्वारा उपन्यास काया को विमोचित किया गया। विमोचन के पश्चात लेखिका जया जादवानी ने उपन्यास की रचना प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भी वे किसी की संवेदना को घायल होते देखती हैं तो उसके पक्ष में कलम उठाने को मजबूर हो जाती हैं। हमारे समय में ऐसा वर्ग जिसकी संवेदना सबसे अधिक घायल हो रही है और जो सामाजिक उपेक्षा का सबसे बड़ा शिकार है वह तृतीय जेंडर ही है, इसलिए उन्होंने उसके विषय में लिखने का मन बनाया था। उन्होंने पाठकों से अपील की कि वे काया उपन्यास को इस व्यापक संवेदनशीलता के साथ पढ़ें, कि हर व्यक्ति का जीवन उसका अपना होता है और जीवनयापन के उसके अधिकार में हस्तक्षेप करने का हक किसी को नहीं, चाहे वह उसका अपना परिवार या अपना समाज ही क्यों ना हो। समीक्षा सत्र की प्रथम वक्ता विद्या राजपूत ने जया जादवानी के लेखन में एलजीबीटी थीम की विशिष्टता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तृतीय जेंडर की संवेदना को जया जादवानी ने जिस प्रकार अपने उपन्यास में अभिव्यक्त किया है, ऐसा करने वाली वे हिंदी की अकेली लेखिका हैं। रवि अमरानी ने कहा कि इस विषय पर लिखना निस्संदेह एक साहसिक कार्य है। 'काया' की लेखिका ने उस क्षेत्र में प्रवेश किया है जहाँ सामाजिक वर्जना,संवेदना, जिज्ञासा, पीड़ा और सत्य – सब एक साथ चलते हैं।

रायपुर में बदमाशों के हौंसले बुलंद घर में घुसकर की मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश।राजधानी में गुंडे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. 4 से 5 बदमाश युवकों ने एक व्यक्ति की बेदम पिटाई की है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा कि रात के 2 बजे घर में घुसकर बदमाशों ने मारपीट की है। यह मामला सेजबहार मुजगहन थाना क्षेत्र का है।

कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, बाकी की तलाश जारी : एसएसपी-इस मामले में रायपुर एसएसपी लाल उमेंद सिंह ने कहा, एक व्यक्ति के साथ पड़ोस में रहने वाले 4-5 लड़कों द्वारा मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर थाना मुझगहन में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पूरे प्रकरण पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. अन्य की गिरफ्तारी शेष है, जिन्हें जल्द पकड़ लिया जाएगा। इसके अलावा आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्रियों की होगी जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में विशेष जांच समिति का गठन किया है, जो रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजी गई सामग्रियों की जांच करेगी ।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विभागीय सचिव शम्मी आबिदी को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा, बच्चों और महिलाओं के पोषण से जुड़ी सामग्री की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समिति को भौतिक जांच और गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ संदेहास्पद नमूनों को प्रयोगशाला में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराने का भी निर्देश दिया गया है. यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही पोषण सामग्री पूरी तरह सुरक्षित और मानकों के अनुरूप हो।

जांच समिति को 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसके आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

जांच समिति में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ किए गए शामिल

संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय अध्यक्ष
प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य
जीईसी रायपुर और निजी कंपनियों के तकनीकी विशेषज्ञ सदस्य
संबंधित जिलों के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक संचालक, आईसीडीएस संयोजक

कौशल्या माता विहार में 40 अवैध कब्जे तोड़े गए, फार्म हाउस ध्वस्त

■ जिला प्रशासन, नगर निगम, रायपुर विकास प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन का संयुक्त अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम और पुलिस विभाग की मदद से कौशल्या माता विहार योजना (कमल विहार योजना) के सेक्टर 11-ए में अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए पक्के - कच्चे मकानों को तोड़ दिया। इसमें कुछ फार्म हाऊस भी बनाए गए थे। यहां के एक पक्के मकान में सीसीटीवी भी लगा पाया गया। यही नहीं अवैध कब्जा धारियों ने यहां जानवर भी पाले और सुरक्षा के लिए चौकीदार भी नियुक्त कर रखे थे।

कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के मार्गदर्शन, आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के सहयोग से सोमवार को प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार योजना का अवैध कब्जा हटाया गया। जिला प्रशासन के साथ नगर पालिक निगम के सभी जोन कार्यालय, पुलिस प्रशासन और रायपुर विकास प्राधिकरण के लगभग 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने आज जेसीबी बैकहो लोडर मशीन से अवैध कब्जों को तोड़ कर हटाया।

कौशल्या माता विहार योजना के सेक्टर 11-ए के सिटी पार्क और 18 मीटर चौड़ी सड़क पर अवैध कब्जा किया गया था। प्राधिकरण प्रशासन व्दारा अवैध कब्जाधारियों को पहले कई बार नोटिस दिया गया था। पिछले सप्ताह उन्हें पुनः कब्जा हटाने के लिए कहा गया फिर भी कब्जा बरकरार रहा। इस पर आज संयुक्त रुप से प्राधिकरण ने हटाने की कार्रवाई की।

'अपना रक्तचाप सही से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबा जीवन जिएं'

■ अम्बेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मना

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मेडिसिन रोग विभाग में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस) के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की रोकथाम, पहचान और नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस वर्ष की थीम है। अपना रक्तचाप सही से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबा जीवन जिएं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. डी. पी. लकड़ा ने बताया कि उच्च रक्तचाप बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने लोगों को नियमित रक्तचाप जांच, स्वस्थ आहार, तनाव प्रबंधन और आवश्यकतानुसार दवा सेवन की सलाह दी। कई लोग उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित रहते हैं लेकिन उनको इसकी जानकारी नहीं होती। जिनका रक्तचाप नियंत्रित नहीं है या फिर जो लोग उपचार नहीं ले रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप उनमें हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी फेल्योर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जीवनशैली में सुधार जैसे - नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहारः फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम सोडियम वाले खाद्य पदार्थों का सेवन, धूम्रपान और शराब से परहेज, तनाव प्रबंधन इत्यादि के माध्यम से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2025 हमें यह याद दिलाता है कि नियमित रक्तचाप जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम इस बीमारी से बच सकते हैं। समय रहते जागरूकता और उचित कदम उठाकर हम अपने और अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

विभाग के पोस्ट ग्रेजुएट रेजीडेंट द्वारा लोगों की रक्तचाप जांच, जीवनशैली परामर्श और प्रश्न-उत्तर के माध्यम से स्ट्रोक, दिल का दौरा और किडनी फेल्योर जैसी जटिलताओं को रोकने में नियमित जांच, प्रारंभिक निदान और दवा के सेवन के महत्व पर जोर दिया। नमक का सेवन कम करना, नियमित शारीरिक गतिविधि और तनाव प्रबंधन जैसी स्वस्थ आदतों को सुदृढ़ करने के लिए पोस्टर प्रदर्शित किए गए। विभाग ने सभी डॉक्टरों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।

रॉयल पब्लिक स्कूल ने रचा शैक्षणिक कीर्तिमान

■ दसवीं में 100% सफलता, बारहवीं में प्रथम श्रेणी की शानदार प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रॉयल पब्लिक स्कूल, छौरसिया कॉलोनी, ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं सत्र 2024-25 में एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया प्रतिमान स्थापित किया है। विद्यालय ने जहां कक्षा 10 में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, वहीं कक्षा 12 के विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक परंपरा को सशक्त आधार प्रदान किया।

कक्षा 10वीं में नबीला खान ने 89.66% अंकों के साथ विद्यालय की टोपर बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं इकरा फातिमा ने 89% अंक प्राप्त कर निकटतम स्थान अर्जित किया। इनके अतिरिक्त मदीहा सय्यदा (84.66%), शेख अज़हान (81.16%), कमेश सोनी (78.66%) तथा मोहम्मद अयान हलदर (71.33%) जैसे होनहार विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय के गौरव में वृद्धि की। कुल मिलाकर 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 3 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय की अनुशासित शैक्षणिक संस्कृति और अध्यापन प्रणाली का प्रमाण है।कक्षा 12 में भी विद्यालय ने अपनी निरंतरता को कायम रखते हुए विज्ञान एवं वाणिज्य दोनों ही संकायों में शानदार परिणाम दिए। आयशा खान, फ़ज़ेला परवीन, और सलमान रज़ा ने अपने-अपने विषयों में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। यह प्रदर्शन विद्यालय की सर्वांगीण शिक्षण पद्धति और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की प्रभावशीलता को दर्शाता है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहसिन उस्मानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, ÷यह केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की निरंतर साधना, अनुशासन और आत्मबल का प्रतिफल है। इस सफलता के पीछे अध्यापकगण की अथक मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और छात्रों का दृढ़ निश्चय समाहित है। हम समस्त विद्यार्थियों और उनके परिवारों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। रॉयल पब्लिक स्कूल ने इस बार फिर यह सिद्ध किया है कि वह न केवल अंकों में, बल्कि शैक्षणिक मूल्य और नैतिकता में भी प्रदेश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में स्थान रखता है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है. यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा। जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है.महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे. पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है।

शराब घोटाला | **जमानत के बाद भी नहीं रिहा हो सकेंगे अनवर ढेबर**

अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए प्रमुख आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज ईसीआईआर (ECIR) के तहत अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। याचिकाकर्ता ढेबर के वकील अर्शदीप सिंह खुराना ने अदालत में तर्क दिया कि पहले की ईसीआईआर के तहत अनवर ढेबर पहले ही 80 दिनों की हिरासत पूरी कर चुके हैं। वर्तमान ईसीआईआर के तहत उन्हें 8 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था और अब तक 3 पूरक शिकायतें दायर की जा चुकी हैं, जिनमें 40 गवाहों का हवाला दिया गया है, और जांच अब भी जारी है ACB और EOW द्वारा दर्ज समानांतर मामले में 450 गवाह हैं, लेकिन अब तक किसी आरोप पर संज्ञान नहीं लिया गया है। लिहाजा, निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की संभावना नगण्य है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया यह फैसला–न्यायालय ने यह भी माना कि इस अपराध की अधिकतम सजा 7 वर्ष है और 'सेंथिल बालाजी बनाम उप निदेशक' के फैसले के अनुरूप यह मामला जमानत के योग्य बनता है। अदालत ने आदेश दिया कि अपीलकर्ता एक सप्ताह के भीतर विशेष अदालत के समक्ष प्रस्तुत हों, और प्रवर्तन निदेशालय की दलीलों को सुनने के बाद उन्हें कठोर शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया जाए।

ACB ने 17 मई को 13 अलग-अलग स्थानों पर की छापेमारी–छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित आबकारी घोटाले की जांच अब और तेज हो गई है। भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो (ACB) ने 17 मई को एक अहम कदम उठाते हुए रायपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में 13 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।

यह कार्रवाई पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की कथित संलिप्तता के बाद की गई है ACB के अनुसार, जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन मंत्री लखमा ने आबकारी सिंडिकेट सदस्यों के साथ मिलकर खुद और उनके सहयोगियों को अवैध आर्थिक लाभ पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लखमा ने काले धन को अपने नजदीकी रिश्तेदारों, दोस्तों और साझेदारों के माध्यम से छिपाया और उसका निवेश भी करवाया।

सुविचार

पहले चित्रगुप्त महाराज कलम दवात लेकर बैठते थे इसलिए हिसाब अगले जन्म में होता था। अब वे लेपटॉप लेकर बैठते हैं इसलिए इसी जन्म में हिसाब हो जाता है। -अज्ञात

ऑपरेशन पर पाक का कबूलनामा

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर वहां के आतंकी अड्डों को जमींदोज किया था और इसके बाद पाकिस्तान के एयरपोर्टों को निशाना बनाया था, उसे लेकर आखिरकार पाकिस्तान ने भारी मन से यह बात कबूल कर ली है कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को बड़ी क्षति पहुंची है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने वहां की संसद में यह बात कबूल की है। गौरतलब है कि पहले पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई तबाही की बात को कबूल नहीं कर रहा था और मामूली नुकसान की बात कह रहा था। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान के हुक्मरान और सेना यह झूठा दावा भी कर रहे थे कि पाकिस्तान की सेना ने भारत के हमले का करारा जवाब दिया है और भारत को भी बहुत नुकसान पहुंचाया है। किन्तु अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों और मीडिया समूह ने पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर से हुई क्षति का सच सामने रख दिया है। पाकिस्तान मीडिया ने भी यह सच्चाई उजागर कर दी कि आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के न सिर्फ आतंकी अड्डे नेस्तनाबूत हुए हैं बल्कि पाकिस्तान के विभिन्न एयरबेस भी तबाह हो गए हैं। ब्रह्मोस मिसाइल ने इन एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का कबूलनामा समाने आना ही था। बहरहाल, अब पाकिस्तान ने यह मान लिया है कि भारत ने वाकई पाकिस्तान के सीने पर करारा वार किया है। जबकि पाकिस्तान उधार में लिए हथियारों का उपयोग करने के बाद भी भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाया है। पाकिस्तान ने भारत के जिन एयरबेसों पर हमला करने की बातें कहीं थीं, वहां खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे थे। और पूरी दुनिया को हकीकत से रूबरू कराया था कि भारत के एयरबेसों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस बारे में पाकिस्तान का दावा झूठा है। पाकिस्तान के झूठ का भारत ने पहले ही पर्दाफाश कर दिया है और अब तो भारत ने आतंकवाद के खिलाफ विश्व को भारत के कड़े रूख का संदेश देने के लिए साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाने की घोषणा की है, जो इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे और पाकिस्तान के नापाक इरादों से विश्व समुदाय को अवगत कराएंगे। यह भारत की कूटनीति में जिससे वह पाकिस्तान को बेनकाब करके उसे एक आतंकवादी देश घोषित कराने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाएगा। यही वजह है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ एक बार फिर भारत के साथ बाचतीच की पेशकश कर रहे हैं लेकिन भारत ने उनके कबूलनामें के बावजूद पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की बातचीत से दो टूक शब्दों में इंकार कर दिया है। भारत के इस कठोर रूख से पाकिस्तान सकते में आ गया है।

पाकिस्तान के साथ अब बांग्लादेश की बारी

भारत ने पहले पाकिस्तान को सबक सिखाया है और अब उसने बंग्लादेश को भी सबक सिखाने की तैयारी शुरू कर दी है। बांग्लादेश में जिस तरह भारत विरोधी कार्यवाही हो रही है। उसे देखते हुए बांग्लादेश की भी बारी आनी ही थी। इस क्रम में भारत ने बांग्लादेश से आयात होने वाले समानों पर सीमित बंदरगाह प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया है। यह बांग्लादेश के खिलाफ एक बड़ी आर्थिक स्ट्राइक है। गौरतलब है कि बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंटस और डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों सहित कई सामान भारत होकर ही दुनिया के कई देशों में निर्यात होते थे। अब भारत ने बांग्लादेश को सबक सिखाने के लिए लैंडपोर्ट से एंट्री पर बैन लगा दिया है। अब बांग्लादेश असम, मेघालय, तिरपुरा, मिजोरम और बंगाल के किसी भी लैंड कस्टम स्टेशन से अपने सामानों का निर्यात नहीं कर पाएगा। वह सिर्फ कलकत्ता के बंदरगाहों से ही अपने उत्पाद का निर्यात कर सकेगा। निश्चित रूप से लैंडपोर्ट से एंट्री पर बैन लगाकर भारत ने बांग्लादेश को करारा झटका दिया है। अब उसके लिए अपने उत्पाद खासतौर पर रेडिमेड गारमेंट का दुनिया भर में निर्यात करना कठिन हो जाएगा और यह उसे काफी महंगा पड़ेगा। गौरतलब है कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था वहां की काटन इंडस्ट्रीज पर ही टिकी हुई है। बांग्लादेश सरकार को वस्त्र व्यवसाय से ही 80 प्रतिशत आय होती है। भारत के इस कदम से बांग्लादेश की काटन इंडस्ट्रीज पर संकट के बादल मंडराने लगेंगे और बांग्लादेश भी बहुत जल्द पाकिस्तान की तरह ही भुखमरी का शिकार बन जाएगा। दरअसल, बांग्लादेश के केयर टेकर प्रधानमंत्री मोहम्मद युनूस ने भारत विरोधी रवैया अख्तियार करके खुद ही आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली है। नतीजतन, भारत ने अब मोहम्मद युनूस के नटबोल्ट टाइट करने का फैसला ले लिया है, जिसका बांग्लादेश को निकट भविष्य में खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

राजीव खंडेलवाल

सीमा पर विराम परंतु श्रेय को लेकर रार, तकरार

बात को कहकर पलट जाना उसकी संस्कृति है। दोस्त कहकर लगातार सहज मोदी को असहज कर नीचा दिखाने वाले को मक्कार के अलावा क्या कहिएगा? बावजूद इसके भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया अमेरिका के आगे मित्र शब्द लगा कह रहे हैं। जबकि इसी अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के चलते एक बिलियन डॉलर का ऋण दिलवाया। और अभी एप्पल कंपनी को भारत में उत्पादन के लिए फैक्ट्री न खोलने की सलाह दे रहा है। भाटिया ट्रंप झूठ बोल रहे हैं इस बात का भी उच्चारण नहीं कर पा रहे हैं। झूठे अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप की “चौधराहट” के दावे को मोदी यह कहकर खारिज कर सकते थे कि, जिस व्यक्ति को यह ही नहीं मालूम कि पाकिस्तान को बने हुए मात्र 78 वर्ष हुए हैं, वह भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर समस्या को “हजारों साल” पुरानी बतलाता है। झूठ का यह पुलिंदा यही नहीं रुकता है, जब संघर्ष विराम के कुछ समय पूर्व ही

देश में इस समय चौक चौराहों पर चार-पांच प्रमुख मुद्दे, आतंकवाद का माकूल जवाब देने के लिए किया गया ऑपरेशन सिंदूर, संघर्ष विराम (युद्ध विराम, अल्पविराम,अंडरस्टैंडिंग), देश का आत्मसम्मान तथा संप्रभुता (ट्रंप का हस्तक्षेप) गंभीर रूप से चर्चा में हैं। क्या इन मुद्दों को हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री ने संतुष्टि पूर्वक संबोधित (एड्रेस) किया है? आइए इसकी सूक्ष्म विवेचना आगे करते हैं।

ट्रंप का वीडियो संदेश

ट्रंप ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र को संबोधन में प्रधानमंत्री पहले कहे वीडियो संदेश में स्पष्ट रूप से भारत-पाकिस्तान को एक तराजू में बराबर से रखते हुए व पाकिस्तान के ''आतंक'' का कोई उल्लेख न कर उस की जगह कश्मीर का उल्लेख कर ट्रेड बंद करने की धमकी व न्यूक्लियर वार का डर दिखाकर दोनों राष्ट्रों को युद्ध विराम के लिए ''तैयार'' करने का दावा किया। इस प्रकार ट्रंप का ''श्रेय'' की राजनीति से अंतरराष्ट्रीय पटल व अपने देश में मात्र 100 दिनों में ही तेजी से गिरती साख को सहारा देने का प्रयास है। यह उनके आगे कहे गए कथन से भी बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने दो ''न्यूक्लियर पावर'' देशों के बीच युद्ध को रोक दिया, अन्यथा लाखों लोगों की जान चली जाती। एक कदम और आगे बढ़कर वे यह भी कहते हैं कि अमेरिका ''मध्यस्थता'' के लिए तैयार है। कश्मीर पर बात किसी तीसरी जगह पर होनी चाहिए। सऊदी अरब जाकर पुनः वे ''ट्रेड'' के दबाव का उपयोग कर युद्ध विराम कराने की बात कहते हैं।

मोदी स्टाइल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि, उन्हें जिनको सार्वजनिक रूप से जवाब देना होता है, उसे महत्व न दे के नाम लिए बिना सटीक और माकूल जवाब देने में वे माहिर होते हैं। जब रात्रि 8 बजे देश के नाम प्रधानमंत्री के संदेश आने की घोषणा की गई, तब देश आतुरता और तीव्रता से यह प्रतीक्षा कर रहा था कि, पहलगाम आतंकी हत्याकांड से लेकर संघर्ष विराम और उसके बाद की स्थिति पर प्रधानमंत्री देश को क्या संदेश देंगे? यह कौतहूल और तब बढ़ गया, जब उसके मात्र आधे घंटे पूर्व ही अमेरिका के राष्ट्रपति बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो संदेश वायरल होकर उक्त बातें कही गई।

कहीं पर तीर कहीं पर निशाना।

प्रधानमंत्री ने देश के के नाम संबोधन में ''कहीं पर तीर कहीं पर निशाना'' अर्थात पाकिस्तान पर ''तीर'' और अमेरिका पर ''निशाना'' साधते हुए अपनी विशिष्ट मोदी शैली में ट्रंप के उक्त वीडियो से लेकर सोशल मीडिया में कहे गए दावों को नकार दिया। आधा गिलास खाली है या भरा है, आज के युग में किसी भी घटना को लेकर इसका आंकलन इसी तरीके से करने के कारण हर घटना के दो परस्पर विपरीत या एक दूसरे के पूरक पक्ष हो सकते हैं। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात आज की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में लड़ाई वास्तविक कार्रवाई (एक्शन) की नहीं, बल्कि बने या बनाए जा रहे ''परसेप्शन'' व ''नरेटिव'' की है। इस बात को ध्यान में रखने पर मोदी की बात को आप अच्छे से समझ पाएंगे। ट्रंप के बारम्बार कथन व संदेश की चार प्रमुख बातों का मोदी ने किस तरह से जवाब दिया, आइये! उसको देखते हैं।

मोदी के संबोधन के प्रमुख बिंदु

कश्मीर के संबंध में तीसरे तटस्थ देश में बातचीत के ट्रंप के प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा ''हमारी बातचीत होगी तो सिर्फ ''पीओके'' और ''आतंकवाद'' को लेकर। ट्रेड के संबंध में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि ''टेरर व ट्रेड'' एक साथ नहीं हो सकते हैं। मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत ''न्यूक्लियर ब्लैकमेल'' नहीं सहेगा, जैसा की ट्रंप दावा कर रहे थे। युद्ध विराम के संबंध में मोदी ने कहा 3:30 बजे घबराये पाकिस्तान के डीआरएमओ से हमारे डीआरएमओ को फोन कर गुहार लगाई और हमने उनके युद्ध विराम के अनुरोध को स्वीकार कर किया। यद्यपि इस समय सेना का अपर हैंड था। तथा जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीएफकी नेत्री महबूबा मुफ्ती ने वहां की जनता की भावनाओं के अनुरूप इस संघर्ष विराम का स्वागत किया है, जो पुंछ का एक निवासी संघर्ष विराम के संबंध में प्रश्न पूछने पर कहता है, जान है तो जहान है। परंतु ट्रंप द्वारा की गई मध्यस्थता के बार-बार किए गये स्पष्ट दावे के संबंध में उसी तरीके से स्पष्ट रूप में आश्चर्यजनक रूप से एक शब्द भी नहीं कहा। पाकिस्तानी आतंक का उल्लेख न करना ही एक ही तराजू पर दोनों देश को रखने (हाइफ्न) के ट्रंप के ''कुत्सिक प्रयास'' पर मोदी ने ट्रंप को कोई लताड़ नहीं लगाई। अमेरिका के राष्ट्रपति से लेकर उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी हैं, के एक के बाद एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमेरिकन मध्यस्थता के माध्यम से युद्ध विराम (अंडर स्टैंडिंग) के दावे के साथ ही दस्तावेजी रूप में विश्व को सबसे पहले जानकारी भारत और पाकिस्तान के द्वारा न होकर ट्रंप के सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लिखे गए कथन से मिली। संपूर्ण घटनाक्रम में ट्रंप के इस एक सोशल मीडिया द्वारा विश्व को दी गई सूचना ने इस बात को ''बल'' प्रदान कर किया है कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में कहीं न कहीं अमेरिका की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अमेरिका से हुई बातचीत के दौरान ''ट्रेड'' पर कभी भी किसी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई है भारतीय विदेश विभाग द्वारा देरी से जारी खंडन करते समय कहीं ना कहीं इस बात को भारत स्वीकार कर रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच डीआरएमओ के स्तर के ऊपर बातचीत तो हुई ही है। ट्रेड बातचीत के खंडन के समय भी विदेश विभाग के ट्रंप के ''अंडरस्टैंडिंग'' के दावे के संबंध में कुछ नहीं कहता है। भारत सरकार की इस संबंध में ''चुप्पी'' कहीं न कहीं इस मुद्दे को ''दाल में काला'' बना रही है?

मोदी का आतंक के प्रति नीति में "बदलाव" के संकेत।

प्रधानमंत्री ने कहा"आतंक और आतंक को आश्रय देने वाली सेना और देश में अब हम अंतर नहीं मानेंगे"। प्रधानमंत्री की देश को संबोधन में यह सबसे महत्वपूर्ण घोषणा है। इसमें छुपे निहित अर्थ को समझना होगा क्योंकि अभी तक हमने ''ऑपरेशन सिंदूर'' में स्पष्ट रूप से यह लाइन ली हुई थी कि हमने पाकिस्तान की सेना या नागरिकों को टारगेट नहीं बनाया है, सिर्फ आतंकी व उनके अड्डों को आगे मोदी ने किसी भी आतंकी कार्रवाई के जवाब में अब यह अंतर किया जाकर दोनों को टारगेट बनाया जाएगा, यह स्पष्ट संदेश विश्व को दिया है। ट्रंप को उसके देश अमेरिका में प्रतिदिन झूठ बोलने झूठों का सरदार राजनेता माना जाता है। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में 30573 झूठ बोले हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)।1902 में आज ही के दिन क्यूबा को संयुक्त राज्य अमेरिका से आजादी मिली थी। 1902 में 20 मई को ही टॉमस एस्ट्राडा पाल्मा देश के पहले राष्ट्रपति बने थे। 1923 में आज ही के दिन स्टेनली बाल्डविन ब्रिटेन के प्राइम मिनिस्टर बने थे। 1926 में 20 मई के दिन ही रेलवे श्रम अधिनियम पारित किया गया था। 1927 में आज ही के दिन सऊदी अरब को ब्रिटेन से फ्रीडम मिली थी। 1990 में आज ही के दिन हबल स्पेस टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष से पहली तस्वीरें भेजी थीं। 2000 में आज ही के दिन फिज़ी में जॉर्ज स्पेट अंतरिम प्रधानमंत्री बने थे। 2001 में 20 मई के ही दिन अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान ने हिंदुओं की अलग पहचान के लिए ड्रेस कोड बनाया था। 2002 में आज ही के दिन पुर्तगाल ने पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।2011 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मध्य प्रदेश के बीना में हज़ारों करोड़ की लागत से बनी ऑइल रिफ़ाइनरी देश को समर्पित की थी। 2011 में आज ही के दिन झारखंड की पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज़ भारतीय महिला बनी थीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कहूं किससे

कहूं किससे अभी तक जो रहा सपना। नहीं कोई जमाने में रहा अपना।। दिखावे की बनाती बात है दुनिया। यही सच है अकेले पड़ रहा खपना।।

– अजय मिश्रा अभिज्ञ

खास पाती | बचपन कहां...काश! ओ दिन

बचपन कहां...काश! ओ दिन फिर लौट आता काश! ओ दिन फिर लौट आता तुम मुझे देख कर हंसते मैं तुम्हें देख कर हंसता यह सिलसिला चलता रहता बचपन मचलता रहता पगडंडियों में सायकल की सवारी तालाबों के पनघट पर उछल कूद बरगद की डालियों में झुलना साथियों का पेंट छुपाना वह बचपन था खुशियों का पल था, अब तो बीत गए वे सुनहरे पल बस खामोशियों का पल है नहीं कोई अब हंसने वाला फटे पेंट पहनने वाला अब नहीं रहा किसी से किसी को मोहब्बत यह समय है नफ़रत वाला चेहरों पर अब हंसी कहां वह बचपन कहां। – **लक्ष्मीनारायण लहरे**

हम सभी ने जीवन भर भारत

हम सभी ने जीवन भर भारत पर आतंकी हमले देखे हैं। पाकिस्तान को कभी सजा नही मिलती थी। हम मन मसोस कर रह जाते थे। जबसे मोदीजी आए हैं पाकिस्तान में घुसकर बदला लिया जाता है। यह वैसा ही है जैसा कि राम मंदिर का निर्माण और धारा 370 का हटना। यदि कोई व्यक्ति इस आमूलचूल अंतर को भी उल्टा दिखाना चाहता है तो समझिये कि राजनीति के अंतिम रैबीज ने उसे डस लिया है। और यह बहुत ही घिनौना है। – **निश्चय बाजपई**

घर के सपनों

घर के सपनों का महल, उजड़ गया उस रोज। जब दसवीं के छात्र ने, मृत्यु स्वयं ली खोज।। जीवन का क्यों लग रहा, मृत्यु आज उपचार।। थोड़े से संघर्ष से, बच्चे मानें हार।। सिर्फ़ पढ़ाई ही नहीं, जीवन का आधार। बच्चों को पहनाइए,संस्कार का हार।। मात पिता का ध्येय हो, सबल बने संतान। अंकों से किसके हुई,मतिबल की पहचान।।

– शुचि 'भवि'

कितना कुछ है जो मुझे कहना है

कितना कुछ है जो मुझे कहना है ,बताना है, लिखना है किस्सों और कहानियों की शक्ल देनी है उस अनकहे को पर कभी वक्त नहीं होता और कभी हिम्मत नहीं होती।बस एक इन्तजार है सबकुछ मेरे पक्ष में आने का हो सकता है ये इंतजार अंतहीन हो पर सब्र करना तो सीखना पड़ता है और नहीं सीखो तो वक्त के थपेड़े सीखा देते हैं।। – **मीना सोनी**

अच्छा सुनो..तुम आना जब, तब....

अच्छा सुनो..तुम आना जब, तब....माथे पर ले बिंदिया चंदावाली पीली अंगिया फूलोंवाली लेकर आना तुम, तब... सावन की ऋतु झूलोंवाली फागुन की ऋतु भूलोंवाली कजरारी पलकें शरमीली निंदियारी अलकें उरझीली आना तुम तब मेरी बनकर फूलों को जूड़ों में कसकर हांथों में मेहँदी रचकर आना तुम ,तब...

– **नीरज वर्मा नीर**

भरी दुनिया में क्या है तुमसे प्यारा,

भरी दुनिया में क्या है तुमसे प्यारा, कुछ नहीं मेरा। हुआ करता था इक दिल वो भी हारा, कुछ नहीं मेरा। बचा है क्या मेरा, कर बैठी हूं कुर्बान सब तुमपर। मेरा तो सब तुम्हारा है तुम्हारा, कुछ नहीं मेरा।

– **शोभा किरण**

कैसा होता होगा स्त्री का पसंदीदा पुरुष

कैसा होता होगा स्त्री का पसंदीदा पुरुष, कृष्ण की तरह कैसा प्रेम राधा को गृहस्वामिनी नहीं, बना सके और रुक्मणी, सत्यभामा ह्रदय की स्वामिनी न हो सकी, राम की तरह कैसी मर्यादा जिसके लिए प्रजा के व्यंगबाण पत्नी के सम्मान से बड़ा हो शिव की तरह सत्य, शिव ही सुंदर है !!! पति के अपमान पर खुद को भस्म कर दे वो सती, और विरह में जो तांडव रच दे वही शिव , स्त्री के पसंदीदा पुरूष शिव जैसे ही हो सकते हैं

– **तनु देहलवी**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

कबूतर से ट्राई तक

विजय कुमार गुप्ता

क्या जमाना रहा होगा,
दूसरे विश्व युद्ध तक संदेश वाहक का काम कबूतर भी करता था।
जंगली फिल्म का याहू शब्द भी संचार का माध्यम था।
ऐ जी, ओ जी संबोधन से रिश्ते पला करते थे।
पत्रों का इंतजार रहता था, जवाबी कार्ड भेजते थे।
संचार क्रांति की हवा तेज हुई,
अब तो आंधी सी चल रही है।
प्रगति में कई 'जी' गिनती बढ़ा रही है,
सुविधा पे सुविधा बढ़े, कष्ट किसी को न रहे,
बस समय कम पड़ता जा रहा है,
दूरसंचार काम कर रहा है।
विश्व संचार दिवस पर ट्राई दुरुस्त चुस्त है,
पर नजदीक खड़े इंसान की भाषा पढ़ने में सुस्त है,
काम में अति हद तक मस्त है,
भेजा फ्राई सा हुआ रहता और पस्त
सेकंड में बात विश्व के कोने तक पहुंचती है,
रिश्ते नाते संबंध विश्व में जबरदस्त हैं।

QUIZ TIME

1) अप्रैल 2025 में प्रकाशित द चीफमिनिस्टर एंड द स्पाई पुस्तक के लेखक कौन है?

2) क्षीरोव, इन्दिरा तथा समुद्रजा किसके पर्यायवाची शब्द हैं?

3) प्रयोगशाला उपकरण बनाने के लिए किस काँच का प्रयोग होता है?

4) किस काल में गाँव को मावदा डीह के नाम से जाना जाता था?

5) कुमुदिनी लाखिया कौन है जिनका अप्रैल 2025 में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला -(1) अमरजीत सिंह दुलत (2) लक्ष्मी (3) पाइरेक्स काँच (4) मुगल (5) कथक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त : 07:05, चन्द्रोदयः : 24:43, चन्द्रास्तः 10:44, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : वणिज (06:11 तक), द्वितीय करण : विष्टि (18:05 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : मकर, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, अमृत काल : 08:49 से 10:28, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:21 से 19:29, रवि योग : 05:21 से 19:29, विजय मुहूर्त : 14:31 से 15:26, गोधूलि मुहूर्त : 19:05 से 19:25, सायाह्न सन्ध्या : 19:06 से 20:07, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:34, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:30 से 12:14, दुर्मुहूर्त : 12:41 से 13:36, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (06:11 तक), भद्रावास : पाताल (06:11 से 18:05)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। प्रातः काल जल्दी कार्यो में जुटने का फल शीघ्र ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।
वृषः आज का दिन काफी उठा पटक वाला रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में अचानक बदलाव करना पड़ेगा। दिन के आरंभ में कार्यो की गति धीमी रहेगी।
मिथुनः आपका आज का दिन व्यर्थ की भाग दौड़ में बीतेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से थकावट रहेगी।
कर्क : आज का दिन भी आशानुकूल रहेगा। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को मन लगाकर करेंगे लेकिन किसी के हस्तक्षेप करने से मन विक्षिप्त हो सकता है।
सिंह : आज के दिन अनैतिक कार्यो से बच कर रहें मन भ्रमित रहने के कारण निषेधात्मक कार्यो में भटकेगा।
कन्या : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज जिस भी कार्य को करने का मन बनायेंगे उसी में उलझने पड़ेंगी। फिर भी आज आप हिम्मत नही हारेंगे।
तुलाः आज का दिन आशाओं के विपरीत रहने वाला है। सोची हुई योजनाए आरम्भ में सफल होती नजर आएंगी।
वृश्चिक : आज आपके समस्त कार्य निर्बाधित रूप से चलते रहेंगे। कार्य व्यवसाय से आर्थिक लाभ भी रुक रुक कर होने से धन संबंधित परेशानियां कुछ हद तक सुलझेंगी।
धनु : आज दिन का पूर्वार्ध आलस्य से भरा रहेगा।
मकर : आज के दिन मानसिक चंचलता के कारण बनते कार्यो को दुविधा के कारण आप स्वयं बिगाड़ लेंगे।
कुंभः आपको आज के दिन प्रत्येक कार्यो में सावधान रहने की आवश्यकता है। धन के पीछे भागने की प्रवृति पर आज लगाम लगाकर रखे।
मीनः आज के दिन लाभ के अवसर आपकी तलाश में रहेंगे। दिन में जिस किसी के भी संपर्क में रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, वल्दीयत, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

1	2		■	■	3	■	■	■
4		■	5			6	■	7
■	8			■	9			
10	■	■		■	■		■	
11				■	12			■
	■		■	13		■	14	
16	17		■	18				■
■		■	19			■	■	20
21		■		■	■	22		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 052 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
धं	ध	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	यां	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

■ न्यूज गैलरी

सिंटर प्लांट-3 में कोक ओवन गैस इंजेक्शन प्रणाली की शुरुआत

भिलाई। बीएसपी के सिंटर प्लांट-3 ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मशीन-1 के सिंटर बेड पर कोक ओवन गैस सीओजी इंजेक्शन प्रणाली का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह प्रणाली संयंत्र के इस हिस्से में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं एवं कच्चा माल) और अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राजगुप्ता द्वारा प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश सहित संयंत्र वरिष्ठ अधिकारीगण और शीर्ष प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। इस परियोजना का निष्पादन संयंत्र की यांत्रिक, विद्युत व इंस्ट्रूमेंटेशन टीमों द्वारा किया गया। इस कार्य में मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीज की भूमिका उल्लेखनीय रही। सिंटर बेड में सीओजी के इंजेक्शन से प्रति टन सिंटर उत्पादन में लगभग 2 किलोग्राम कोक की बचत संभव हो पाती है। इससे सिंटर की गुणवत्ता में सुधार होता है और रिटर्न फाइन्स की मात्रा घटती है। सीओ-2 उत्सर्जन में भी वार्षिक अनुमानित 12700 टन की कमी दर्ज की जा सकती है।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, स्कूल में मनाया गौरव दिवस

कुम्हारी। सरस्वती शिशु मंदिर में बोर्ड परीक्षाओं के शानदार नतीजे पर गौरव दिवस मनाया गया। स्कूल में उत्साहवर्धन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने शिक्षा सत्र 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस साल 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 80 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की। इस दौरान मुख्य वक्ता वीवाय हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.आनंद जोशी ने शाला परिवार व विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। अध्यक्षीय उद्बोधन सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय सचिव विवेक सक्सेना ने दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र और सीएसईबी के पूर्व अध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष मीना वर्मा सहित शाला समिति से निश्चय वाजपेयी, हरिदास वैष्णव, रामबिहारी मिश्रा उपस्थित थे।

रिसाली में बना प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर

अब रिसाली में होंगे राष्ट्रीय स्तर के मैच - सांसद विजय बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। प्रदेश के पहले रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर का लोकार्पण रिसाली के आत्मानंद गार्डन में रविवार को देर शाम किया गया। इसके निर्माण में 16 लाख 10 हजार रुपए खर्च किये गए हैं। दुर्ग सांसद व छत्तीसगढ़ प्रदेश स्टेट रोल बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा के आतिथ्य में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर पर 25 से भी अधिक बच्चों ने प्रदर्शन भी किया।

इस अवसर पर दुर्ग सांसद और एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय बघेल ने कहा कि रिसाली में प्रदेश का पहला स्केटिंग ग्राउण्ड तैयार करना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने विधायक ललित चंद्राकर की सक्रियता और सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि रिसाली भले ही छोटा है, लेकिन यहां उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने आत्मानंद गार्डन के निर्माण और संचालित गतिविधियों के लिए निगम के सभापति केशव बंछोर को बधाई दी। सांसद ने कहा कि आने वाले वर्षों में रिसाली में भी राष्ट्रीय स्तर व फेडरेशन के खेल कराए जाएंगे।

विद्युतीकरण का लोकार्पण

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने वार्ड 23 प्रगतिनगर रिसाली बीएसएनएल से आशीर्वाद भवन मोड़ तक 18.98 लाख की लागत से विद्युतीकरण कार्य और वार्ड 5 एचएससीएल कालोनी में सियाराम शॉप से ब्लाक ए तक लागत 5.44 लाख से किये गए विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

रिसाली बनेगा रोल मॉडल

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि इस ग्राउण्ड से अभ्यास कर बच्चे राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिसाली का नाम रोशन करें, यही उनकी इच्छा है। विकास एक सतत प्रक्रिया है। रिसाली नगर निगम क्षेत्र को प्रदेश में रोल मॉडल बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास किये जाएंगे। महापौर शशि सिन्हा ने आत्मानंद गार्डन में बने स्केटिंग फ्लोर के लिए सांसद और विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने सांसद के प्रयासों से मिली सौगात को गौरवपूर्ण सौगात बताया। स्वागत भाषण सभापति केशव बंछोर व आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी मेंबर सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, शीला नारखेड़े, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

निगम में शुरू होगा घर-घर रेन वाटर हार्वेस्टिंग अभियान

जल संकट बढ़ने के साथ ही भू-जल स्तर बढ़ाने की कवायद शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। भूमि का जलस्तर बढ़ाने के लिए नगर निगम भिलाई अब हर घर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए अभियान चलाएगा। जिन मकानों का निर्माण हो रहा है, उन सभी मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य होगा। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने कहा कि ज्यादातर नागरिक भवन पूर्णता प्रमाण पत्र लेते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाते हैं। इसकी फोटो भी नगर निगम में जमा कर देते हैं। इसके बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में स्लैब डालकर बंद कर दिया जाता है।इससे बारिश का पानी जमीन के भीतर नहीं जाता।

छत का पूरा पानी रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के अंदर जाना चाहिए। केवल अतिरिक्त पानी ही बाहर निकलना चाहिए। लेकिन, नागरिक जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील नहीं है। निगम आयुक्त ने भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि भवन पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने से पहले प्रत्येक घर का रेनवाटर हार्वेस्टिंग चेक किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं चलेगी। आयुक्त ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति रैन वाटर सिस्टम का निर्माण नहीं कराता है, तो उसके जमा एफडीआर की राशि से निगम भिलाई द्वारा नियमानुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाकर दिया जाए। रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिये नगर निगम में राशि जमा कर भवन अनुज्ञा लेने वाले नागरिकों से कहा गया है कि 15 दिनों के भीतर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर पर बनवा लें। ऐसा न करने पर एफडीआर की राशि जप्त कर ली जाएगी। इस राशि से उनके घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाया जाएगा। इस कार्य के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने वाली एजेंसी से संपर्क किया जा रहा है। नगर निगम की जोन टीम को अपने-अपने वार्डों में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करने कहा गया है। टीम आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी करेगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और महापौर नीरज पाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अवश्य लगाएं।

कुपोषित बच्चों को सुपोषण आहार किट का वितरण

सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर राम जानकी मंदिर वार्ड 30 में आयोजित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाधान शिविर में पहुंचकर 8 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, 12 कुपोषित बच्चों को सुपोषित किट और 22 बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई कि साफसफाई कैसे रखना है। स्वास्थ्य के अनुसार कब, क्या भोजन करना चाहिए। भोजन करते समय कौन सी सावधानियां बरतना चाहिए। उम्र के अनुसार दिनचर्या के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान मांग और शिकायत से संबंधित 145 आवेदनों का निराकरण करने जोन आयुक्त सतीश यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया। आगामी सुशासन तिहार शिविर 23 मई को जोन 3 मदर टेरेसा नगर वार्ड 37 शीतला मंदिर डोम शेड में रखा गया है। इसमें वार्ड 35, 36, 37, 52, 53, 54, 55, 56 के नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के संबंध में समाधान की जानकारी दी जाएगी।

बुनियादी शिक्षा और गणना में बदलाव लाने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ में बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही प्रमुख गैरसरकारी संस्था विभा ने विभा गाइडिंग लाइट्स पहल के तहत दुर्ग जिले में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दुर्ग जिले में नींव परियोजना के तहत लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन एलएलएफ के सहयोग से शुरू किया गया है। बुनियादी साक्षरता और गणना के क्षेत्र में बदलाव लाने वाले 25 उत्कृष्ट शिक्षकों और 50 समर्पित सामुदायिक शैक्षणिक समन्वयकों, सीएसीएस को बुनियादी शिक्षा में दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ये शिक्षक नवाचारी शिक्षण विधियों को अपनाने छात्र केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने और अपने समुदायों में मार्गदर्शन देने के लिए अग्रणी रहे हैं। इनके प्रयास दुर्ग की शिक्षा व्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं और हर बच्चे के शैक्षणिक भविष्य की मजबूत नींव रख रहे हैं। समग्र शिक्षा दुर्ग के जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुरेन्द्र पांडे ने कहा कि यह पुरस्कार शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने का अवसर देता है। मूल्यांकन के लिए एक मज़बूत टीम बनाई गई थी और गहन मूल्यांकन के बाद 50 शिक्षकों और कुछ क्लस्टर कोऑर्डिनेटर्स को सम्मानित करने के लिए चुना। सम्मान चाहे बच्चों को मिले या बड़ों को हमेशा प्रेरणा देता है। समारोह में एससीइआरटी के अतिरिक्त निदेशक जेपी राठ; एससीईआरटी केव्याख्याता डॉ बी रघु और एससीईआरटी के सदस्य दकेश्वर वर्मा और सुनील कुमार मिश्रा सहित ज़िले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

गतका खेल को बढ़ावा देने होंगे आयोजन, खिलाड़ियों को मिलेगा प्रोत्साहन : इंदरजीत

■ न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के हित में कई घोषणाएं की

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा गुरुनानक स्कूल, सेक्टर-6, भिलाई में छत्तीसगढ़ गतका टीम के खिलाड़ियों का चयन किया गया।

चयन ट्रायल के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 130 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने 14, 17, 19, 22, 25 आयु वर्ग में हिस्सा लिया।

एसोसिएशन के टेक्निकल हेड अमन सिंघ और मुख्य कोच पृथ्वीपाल सिंघ के नेतृत्व में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और अनुशासन के आधार पर प्रत्येक वर्ग में 10-10 खिलाड़ियों की टीम बनाई गई। कुल 65 खिलाड़ियों का चयन किया गया। एसोसिएशन की उपाध्यक्ष कल्पना स्वामी ने खिलाड़ियों के चयन की घोषणा की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ ने चयनित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क ट्रैक सूट दिये जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता के लिए रेल यात्रा का खर्च भी एसोसिएशन द्वारा वहन किया जाएगा।

इंदरजीत सिंघ छोटू ने घोषणा करते हुए कहा कि 12, 13, 14 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले नेशनल गतका चैंपियनशिप में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक विजेताओं को क्रमशः 20 हजार, 15 हजार और 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को एक वर्ष की शैक्षणिक फीस स्कॉलरशिप के रूप में दी जाएगी।

सहयोग के लिये उन्होंने गुरुनानक स्कूल प्रबंधन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य इस ऐतिहासिक खेल को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पहचान दिलाना है। गतका न केवल आत्मरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक और आत्मिक मजबूती भी प्रदान करता है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के वाइस चेयरमैन पलविंदर सिंह रंधावा, सिक्ख यूथ फोरम के अध्यक्ष सुच्चा सिंघ, एसोसिएशन के रामदास सिंघ, अमन सिंघ, पृथ्वीपाल सिंह, राजवीर सिंह, धमतरी एसोसिएशन के वेदराम साहू, गेंदराम, संध्या शर्मा, दीपांकर मिर्जा, सभी जिलों के पदाधिकारी और दर्शकगण उपस्थित रहे।

एक राष्ट्र एक चुनाव पर आज सेमिनार

भिलाईनगर। पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच (एक राष्ट्र एक चुनाव) को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भिलाई में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 20 मई 2025 को दोपहर 4 बजे एसएनजी विद्यालय ऑडिटोरियम सेक्टर-4 भिलाई में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय उपस्थित रहेंगे। सेमिनार में वक्ताओं द्वारा (एक राष्ट्र एक चुनाव) विषय की संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्याख्या प्रस्तुत की जाएगी। देश में संसाधनों की बचत, प्रशासनिक स्थिरता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रभावी होगी। यंगिस्तान भिलाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

कूलर, स्टैंड, चेयर जब्त : अतिक्रमणकारी दुकानदारों में हड़कंप

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण दस्ते की संयुक्त टीम ने मार्केट में पटवा लाइन, कपड़ा लाइन, पांच कंडील, कुआं चौक के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अतिक्रमण दस्ते के प्रभारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की गई। दुकानदारों को दुकानों के सामने सामान रखकर कारोबार न करने की हिदायत दी गई। टीम ने पटवा लाइन व पांच कंडील एरिया सहित बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर रखे गए विज्ञापन बोर्ड को हटाने की कार्रवाई की।

दुकानों के बाहर सामान सजाकर रखे कूलर, तिरपाल, स्टेंड, स्टूल, चेयर के अलावा अन्य सामग्री जब्त की गई। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई होते देखकर दुकानदारों ने दुकान के सामने रखे सामान को समेटना शुरू कर दिया। अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने सड़क किनारे सामान रखकर कारोबार न करें। कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करते पाया गया तो चालान करने के साथ ही सख्त कार्यवाही की जाएगी। हाथ-ठेले और सड़क घेरकर पसरा लगाने या दुकानों के बाहर चबूतरा होने पर तत्काल हटाया जाएगा।

नालियों में डिस्पोजल देख सुपरवाइजर पर भड़कीं महापौर

■ सफाई व्यवस्था बाधित करने वालों पर होगी कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कसारीडीह के गुरुघासीदास वार्ड 44 में महा सफाई अभियान के दौरान महापौर आज स्वच्छता सुपरवाइजर पर भड़क गई। नाली में डिस्पोजल कचरा भरा पड़ा था। नालियों के ऊपर कई दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है जिसके कारण सफाई नहीं हो पा रही है। महापौर ने नगर निगम के स्वच्छता अमले को अतिक्रमणकारी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

महापौर ने सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और वार्ड के प्रभारी इंजीनियर से कहा कि निगम की जमीन पर अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल रखकर मकान निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। खाली जमीन पर बिल्डिंग मटेरियल का व्यापार करने वाले व्यापारियों के गुमास्ता व ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये।

ईडब्लूएस कॉलोनी क्षेत्र में नालियों के ऊपर अवैध कब्जा हटाकर स्थल की साफ सफाई कराने कहा गया। उन्होंने अवैध कब्जे करने वाले लोगों को नोटिस देकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

महापौर ने वार्ड के नागरिकों से सफाई के संबंध में चर्चा की। उन्होंने नाली, रोड की सफाई के बारे में जानकारी ली। लोगों ने बताया कि सड़क नाली की सफाई होती है। घर-घर कचरा लेने स्वच्छता दीदी आती है।

महापौर ने खाली प्लाट में कचरा और झिल्ली-पन्नी बिखरा देखकर प्लाट मालिक को नोटिस देने कहा। कचरा व झिल्ली-पन्नी फेंकने वालों की पहचान कर जुर्माना वसूलने के निर्देश दिये। इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, वार्ड पार्षद मनीष कोठारी, उपअभियंता विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज, सुरेश भारती सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505103000031 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सानिया टण्डन पिता श्री मदन टण्डन उम्र 19 वर्ष जाति- सतनामी पता- ग्राम खजरी तह0 खैरागढ़ जिला- राजनांदगांव के द्वारा आवेदिका नाबा सानिया टंडन पिता मदन टंडन वली पालक मां गायत्री पति स्व. चोवाराम के नाम से मौजा- उमरपोटी प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में स्थित जमीन खसरा नंबर 823/2 रकबा 0.0150 हे., 1440 वर्गफीट प्लाट नंबर 16 ए भाग भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिस पर निर्विवाद रूप से मालिकन व काबिज में चली आ रहा है। आवेदिका की जन्म तारीख 07/01/2006 इस प्रकार वर्तमान में 19 वर्ष है, बालिक हो चुकी है। उपरोक्त संपत्ति पर नाबा सानिया टण्डन पिता मदन टंडन वली पालक मां गायत्री पति स्व. चोवाराम लिखा गया है, जिस पर से नाबा. को विलोपित कर सानिया टण्डन पिता मदन टण्डन दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र /ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक टोमेश्वर कुमार पिता पुरनलाल साकिन ग्राम बेंदरी प.ह.न. 11 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि अपने मां स्व. पुसई बाई पति पुरनलाल का मृत्यु दिनांक 09/03/2025 को ग्राम बेन्दरी प.ह.न. 11 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने का कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक टोमेश्वर कुमार पिता पुरनलाल साकिन ग्राम बेंदरी प.ह.न. 11 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 16.05.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20250510100061 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रितपाल सिंह भाटिया आ. स्व. सौहेन्द्र सिंह निवासी आर्य नगर कोहका मिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि पुराना खसरा नं. 679 का दु. नया खसरा नं. 899/1 रकबा 3.15 एकड भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 16.08. 1971 के आधार पर विक्रेता सुकालूराम वल्द मूलचंद देवांगन निवासी कुरूद मिलाई से कय किया गया था। वर्तमान में विक्रेता की मृत्यु हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख में विक्रेता की वारिसानो का नाम दर्ज हैं। जिसे विलोपित कर रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनांमा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को पंजीयन के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 02.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 18/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक विवेक कुमार अग्रवाल आ. स्व. लक्ष्मी नारायण अग्रवाल निवासी तालपुरी ए ब्लाक भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल शीट कं 28 डी भूखण्ड कं. 221/1 रकबा 80 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमती निर्मला अग्रवाल पति स्व.लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 15.09.2024 को एवं उनके पति लक्ष्मीनारायण की मृत्यु दिनांक 23.04.2011 को हो चुकी है। धारक द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 25.04.2024 को अपने पुत्रवधु ज्योति अग्रवाल एवं पुत्र विवेक कुमार अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित की है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर वसीयत प्राप्तकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर | नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202504104700032 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संजय कुमार सिंह पिता स्व. श्री सदानंद सिंह उम्र- 57 वर्ष निवासी- देव भवन, रैदास वाड, तिवारी बिल्डिंग के पास केदारपुर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.म. - जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 719/117 रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदक की पत्नी ममता सिंह नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व. ममता सिंह पति- संजय कुमार सिंह का स्वर्गवास दिनांक 08/06/2023 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित करने हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किया था जिसमें भुलवंश पुत्र प्रणव सिंह एवं पुत्री दिव्या सिंह का नाम दर्ज नहीं हो पाया था जिसे दर्ज करवाने एवं अन्य शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01(छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 06/अ-20(4)/ वर्ष 2024-25

आवेदक अजय कुमार बत्रा आ. ओ.पी. बत्रा निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई की ओर से आम मुख्तयार संजय पारलकार आ. स्व. व्ही. पारलकार द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एच.आई.जी 31 रकबा 330 वर्गमीटर धारक अजय कुमार आ. ओ.पी.बत्रा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को केता आमिर खान आ. कलामुद्दीन खान निवासी हुडको भिलाई के पास विक्रय करने की अनुमति बावत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.06.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर | नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 08/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका श्रीमती सुमित्रा सोनी पति राजकुमार सोनी निवासी वार्ड नं. 32 जैन मंदिर मार्ग दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 सी प्लाट नं. 54 क्षेत्रफल 22 व.मी. भूमि धारक कमला देवी पति बागसिंह राजपुरोहित नि. सदर बाजार दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूमि पंजीकृत बैनामा दिनांक 26.04.2024 द्वारा आवेदिका को विकय की है, जिस पर केता कय पश्चात काबिज है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर कयशुदा भूखण्ड से विकेता/धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर | नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार देवांगन आ. स्व. जगदीश प्रसाद देवांगन निवासी दल्लीराजहरा तह. व जिला बालोद के द्वारा ग्राम बोड़ेगांव तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 126/1 रकबा 0.16 हे. भूमि जो कि आवेदक के पिता स्व. जगदीश प्रसाद देवांगन के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार/भूमिस्वामी जगदीश प्रसाद देवांगन की मृत्यु दिनांक 10.04.2009 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

12वीं की छात्रा योशिता ने प्राप्त किए 93 प्रतिशत अंक

कुरूद/नवप्रदेश। सहायक अभियंता सीएसपीडीसीएल कुरूद सुरेश कुमार कोसरे एवं माता रोहिणी कोसरे व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला की सुपुत्री योशिता कोसरे ने केंद्रीय विद्यालय धमतरी में अध्ययनरत कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा 93 प्रतिशत अंक का हासिल करते हुए कक्षा में द्वितीय एवं जीव विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त की। छात्रा योशिता ने पढाई के साथ साथ गीतांजली संगीत कला केंद्र कुरूद के माध्यम से कत्थक नृत्य में भी पारंगत है। वह एकल एवं सामुहिक नृत्य में अपने हुनर का प्रदर्शन नेपाल, पुरी, हरिद्वार, बनारस, उज्जैन, भिलाई, रायपुर के साथ अन्य कई शहरो में भी कर चुकी है। इस सफलता में माता पिता, गुरूजनो का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। छात्रा के इस उपलब्धि पर ईई धवल किशोर बंजारे कुरूद एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

झरिया गंधर्व समाज जिला धमतरी की विशेष बैठक

नगरी/नवप्रदेश। झरिया गंधर्व समाज की जय चित्र रथ गंधर्व महाराज की जय रविवार को झरिया गंधर्व समाज का जिला स्तर का बैठक रखा गया था जिसमें सर्वप्रथम बाबा बाहर राय मांझी के पूजा अर्चना करने के बाद और इष्ट देव शंकर भगवान के जयकारा के साथ और गंधर्व देव के जयकारा के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया इसी बीच हमारे जिला के अध्यक्ष दीनदयाल गंधर्व जी और उपाध्यक्ष राजकुमार चालकी सचिव वासूदेव मरकाम सह सचिव नरोत्तम संरक्षक रामकुमार कोषाध्यक्ष हरेंद्र टांडेश सलाहकार मोहन जालेश पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश राम नगारर्ची सिहावा क्षेत्र अध्यक्ष गणेश राम टांडेश मगर रोड अध्यक्ष दुलार सिंह गनियार भारत नागेश सुदर्शन टांडिया ढेलू राम दिनेश राम दास अर्जुन तुकाराम बाबू लाल मडावी बृजभूषण बघेल उत्तम शांडिल राजेंद्र महेंद्र जगत भोजराज सोनवानी संतोष कुमार मरकाम राजकुमार जगत धर्मेंद्र सोनवानी चंद्रशेखर बघेल कृष्णा चंद्रवंशी एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष गण एवं अन्य जिला पदाधिकारी गण जिसमें सामाजिक चर्चा परिचर्चा पर विचार विमर्श किया गया और अनेक से सामाजिक पर गतिविधि पर चर्चा किया गया झरिया गंधर्व समाज जिला धमतरी का कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुआ।

महादेव साहू ने लिया प्रभारी प्राचार्य का प्रभार

धमधा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय धमधा में महादेव साहू ने लिया प्रभारी प्राचार्य का प्रभार समिति सदस्यों ने गुलाल वंदन कर उन्हें आसन्दी प्रदान किया । सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय धमधा में सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के निर्देशानुसार वरिष्ठ आचार्य महादेव साहू को विद्यालय का विधिवत प्राचार्य घोषित किया गया एवम पूर्व प्राचार्य और समिति सदस्य गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने उन्हें सरस्वती शिशु मंदिर की योजनाओ एवम प्रधानाचार्य की भूमिका बताते हुए प्राचार्य की कुर्सी पर बैठाए, उन्होंने कहा कि प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर रूपी गाड़ी की वह धुरी है जिसके चारों ओर पालक, चालक एवम बालक चक्कर लगाते है परिणाम स्वरूप शिशु मंदिर को एवम उनकी योजनाओ को निरन्तर आगे ले जाने का गुरुत्व दायित्व प्राचार्य का है।

अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भाजपा मनाएगी त्रि-शताब्दी समारोह

21 से 31तक होंगे विविध कार्यक्रम

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी त्रि-शताब्दी समारोह के रूप में भव्य आयोजन करेगी। इस अवसर पर 21 से 31 मई तक जिला मुख्यालय सहित मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य वक्ता रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीराम साहू, राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश साहू सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विधायक मोतीराम साहू ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं। जीवन में आई तमाम कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपने कर्तव्यों से कभी पीछे नहीं हटते हुए समाज सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। उन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, रोजगार को बढ़ावा देने, मंदिरों का जीर्णोधार करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए।

वहीं राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन न्याय, सेवा और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कई जागरूकता अभियान चलाए, जनसुनवाई व्यवस्था को सशक्त बनाया, विधवाओं को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं।

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी अहिल्या बाई के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि 10 दिवसीय आयोजन में संगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला जागरूकता अभियान और अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 22 मई को जिला मुख्यालय में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने किया।इस अवसर पर बैठक में जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, अनूप भोसले, लीलाराम ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, राधेश्याम सोनवानी, फारुख चौधरी, सागर मयाणी, अजय रोहरा, मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, सुमित पारख,धनराज विश्वकर्मा ,रिकेश साहू, हेमंत सिन्हा, मंजुलता हरित, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चर्तुवेदी, लेखराम ध्रुवा, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, नपा सभापति रेणुका साहू, खेम सिंह बघेल, सूरज सिन्हा, किशोर यदु, भीम साहू, प्रकाश सोनी, पूर्णिमा चंद्राकर , छाया राही , देवकी साहू , सरल उईके प्रतीक सिंह,महेश कश्यप, किशोर यदु , सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शांत गांव को जुए का ‘राजमहल’ बनाकर जुआरियों ने खेला लाखों का दांव, पकड़ाए

पुलिस ने अचानक मारकर किया लाखों का खेल खत्म

कुरूद, धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के एक शांत गांव, बोदाछापर खार, ने तब सुर्खियां बटोरीं जब पुलिस ने यहां चल रहे एक बड़े जुआ रैकेट का पर्दाफाश किया। यह गांव, जो अपनी हरी-भरी खेतों और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है, चार जिलों के जुआरियों के लिए एक गुप्त ‘राजमहल’ बन गया था, जहां लाखों रुपयों का दांव लगाया जा रहा था।

धमतरी के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के इशारे पर, कुरूद थाने की पुलिस टीम ने एक खुफिया सूचना पर तेजी से कार्रवाई की। निरीक्षक राजेश जगत के नेतृत्व में पुलिस ने गांव को घेर लिया और उस वक्त धावा बोला, जब 10 जुआरी 52 पत्तों के खेल में डूबे हुए थे।

इस अप्रत्याशित कार्रवाई में पुलिस ने जुआरियों को हक्का-बक्का कर दिया। मौके से 1.38 लाख रुपये की नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए गए। पकड़े गए जुआरियों में धमतरी के अलावा रायपुर, बालोद और राजनांदगांव के खिलाड़ी शामिल थे, जिससे पता चलता है कि बोदाछापर खार अवैध जुए का एक अंतर-जिला केंद्र बन चुका था।

पुलिस ने दूज लाल डहरिया (रायपुर), प्रीतम कुमार साहू, पूर्वेश चंद्राकर, सुरेश पंसारी, गज्जू उर्फ गजेंद्र साहू, राजेश कुमार देवांगन, सुरेंद्र साहू (सभी धमतरी), गोपेश कुमार (बालोद), गेंद लाल साहू और वासुदेव ढीमर (दोनों राजनांदगांव) को गिरफ्तार किया।

थाना कुरूद में इन सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने इस सफलता के लिए टीम को बधाई दी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने की बात कही। इस ऑपरेशन में शामिल पुलिसकर्मियों - सउनि. सुरेश नंद, प्रआर. शेषनारायण पांडेय, दारा चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, महेश साहू, त्रिवेंद्र सिरमौर, भावसिंग पाटिल, तोप सिंह, सैनिक गोवर्धन लहरे, और हेमंत ध्रुव - की मुस्तैदी ने इस ‘राजमहल’ के खेल को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब बोदाछापर खार फिर से अपनी शांति की ओर लौट रहा है, लेकिन जुआरियों के लिए यह एक सबक जरूर छोड़ गया है।

इन जगहों पर सजती है रोजाना जुए की फड़

विदित हो कि लंबे समय से कोकड़ी के जुआरियों रंजीत -धनेश नाम के लोगों द्वारा जगह बदल बदलकर चर्रा की नर्सरी,मोगरा -छाती की खार तो उड़ेना - बोदाछापर आदि गांव में जुए की महफिल सजाई जाती है। जिसमें से कल बोदा छापर में कल सवा लाख से भी अधिक नगदी और बावन परियों के साथ 10जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े।

भाविका साहू को मिला सहारा, महिला एवं बाल विकास विभाग ने दिया स्पांसरशीप योजना का लाभ

राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयास से भाविका साहू को स्पांसरशिप योजना में प्रतिमाह मिलेगा 4 हजार रुपए

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के द्वारा दूरभाष के माध्यम से दी गई सूचना के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए भाविका साहू ग्राम पिपरछेड़ी की 09 वर्षीय गरीब बालिका को स्पान्सरशीप योजना के तहत् लाभान्वित किये जाने का निर्णय लिया है। इस योजना अंतर्गत बालिका को प्रतिमाह 4 हजार रूपये मिलेगा तथा यह राशि बालिका को 18 वर्ष के पहले तक देय होगा।

मिशन वात्सल्य योजना के जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि गरियाबंद जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पिपरछेड़ी गांव की 9 वर्षीय कुमारी भाविका साहू है। विधायक रोहित साहू के सूचना के आधार पर जिला बाल संरक्षण इकाई गरियाबंद की टीम द्वारा बालिका के निवास स्थान पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। जिसमें पाया गया कि बालिका के माता का स्वर्गवास 2018 में हो गया है और पिता लगभग 20 वर्ष से 82 प्रतिशत दिव्यांग है। जिस कारण वह कोई भी कार्य करने में सक्षम नही है व परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में रह रहे बच्चों को मिशन वात्यल्य योजना महिला एवं बाल विकास अंतर्गत स्पांसरशीप (प्रवर्तकता कार्यक्रम) से लाभ दिलाने हेतु विभाग द्वारा तत्काल सामाजिक जॉच कराया गया व मापदंड संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण किया गया।

रियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम सुखरी, छुईखदान और संबलपुर में पहुंची

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जहां पर रैली कर जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव के गली में भ्रमण किया गया, इस जल यात्रा में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, जनपद सदस्य रेशमा साहू,जनिया साहू, राजेश साहू, पीआरपी रिंकी सिंह,ग्रामपंचायत सरपंच घनश्याम साहू, उमाकांत चंद्राकर, मां बम्लेश्वरी और बिहान समूह सहित ग्रामवासी उपस्तिथि हुए , फूलबासन यादव ने जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया, अभियान की गंभीरता देखते हुए लोग जलयात्रा एवं जागरूकता अभियान में सहभागिता निभा रहे है इसको को देखते हुए व्यर्थ बहा रहे पानी का संरक्षण करते हुए सोखता बनाने की ओर जागरूक हो रहे है साथ ही नाला बंधान के माध्यम से गांव की पानी को गांवों में रोकने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है , शिव कुमार देवांगन ने कहा आए दिन अखबार के माध्यम से रोड चौड़ीकरण के कारण पेड़ हजारों की संख्या में काटा जाना है, प्रत्येक वर्ष बरसात में कमी के अलावा तापमान भी बढ़ रहा है इसके लिए गांव गांव में भरी धूप में जलयात्रा निकालकर एवं सभा के माध्यम से राजनांदगांव जिले में बड़ी संख्या में पौधे लगे और बचे इसके लिए आयमुलक पौधे की व्यवस्था की जा रही है, हमने देखा है देशी आम बहुत बड़े होने के बाद काटा जाता है इसका संरक्षण के लिए देशी आम में ग्राफ्टिंग नि:शुल्क की जाएगी, साथ ही कम दरों में केशर आम बड़ी संख्या में लगाई ।

महिलाएं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से पर्यावरण संरक्षण की दिशा बढ़ा रहीं कदम

कसडोल /नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्लास्टिक मुक्त जिला के तहत ग्रामीण क्षेत्रों प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की शुरुआत की गई है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण आय का जरिया भी बन गया है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया, विकासखंड बलौदाबाजार के पनगांव एवं विकासखंड कसडोल के देवरीकला में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन ग्राम पंचायत के द्वारा चयनित स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक विकासखंड में 4 क्लस्टर बनाया गया है और प्रत्येक क्लस्टर से समूह की दीदियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक लाया जाता है।

एक देश एक चुनाव को लेकर आयोजित व्याख्यानमाला कार्यक्रम में रुपकुमारी एवं शिवरतन शर्मा हुए शामिल

तिरंगा यात्रा में भी हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। चेम्बर ऑफकामर्स एवं अधिवक्ता संघ द्वारा ‘एक देश एक चुनाव’ पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए। अपने संबोधन में सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्र को विकसित बनाने की दिशा में कारगर होगा। देश को हर साल चुनाव करवाने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। वहीं वित्तीय बोझ भी कम होगा।

रुपकुमारी ने आगे कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव का उद्देश्य मतदाताओं के लिये सुविधा और आसानी सुनिश्चित करना होता है। मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती हैं आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होती है। चुनाव नीतिगत निष्क्रियता को रोकता है। सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा। वहीं चुनाव से जुड़े विवादो में भी कमी आएगी।

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, शिवरतन शर्मा ने सम्बोधित करते हुआ कहा कि देश को अब एक साथ चुनाव की जरूरत है। हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इससे प्रशासन पर बोझ बढ़ता है। विकास कार्य रुकते हैं। बार-बार आचार संहिता लगने से योजनाएं अधर में लटक जाती हैं,शासन-प्रशासन का सामान्य कामकाज भी प्रभावित होता है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे तो समय और खर्च दोनों की बचत होगी। जनप्रतिनिधि पूरे कार्यकाल में जनता की सेवा कर सकेंगे।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। बाद में कुछ राज्यों में विधानसभा समय से पहले भंग होने से यह सिलसिला टूट गया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से दीर्घकालिक नीतियां प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव से सरकारों को स्थिरता मिलेगी। कार्यक्रम को चेम्बर आफकामर्स के सुभाष भट्टर, जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश यदु ने भी सम्बोधित कर अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के उपरान्त महेश्वरी भवन से हटरी बाजार होकर रामसप्ताह तक आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के साहस, शौर्य,पराक्रम, समर्पण को सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

पेज 1 का शेष

महुआ पेड़ की छांव में ...

जब मुख्यमंत्री की नजर ओवरफ्लो हो रही पानी टंकी पर पड़ी

चौपाल के दौरान जब मुख्यमंत्री की नजर ओवरफ्लो हो रही पानी टंकी पर पड़ी, तो उन्होंने पानी की बर्बादी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर पीएचई विभाग के सब इंजीनियर को फटकारते हुए कहा कि या तो काम करो, या सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो। जनसंवाद के दौरान महिलाओं ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से स्व-सहायता समूह बनाकर जैविक खेती कर रही हैं और स्थानीय मंडियों में सब्जियाँ बेचकर आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट से उगाई गई लाल भाजी भी मुख्यमंत्री को भेंट की।

मुख्यमंत्री के कड़े तेवर...

मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय के इस तीखे रुख से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग समाप्त हो चुका है।

पहलगाम हमले के...

निभा रहा है। विदेश सचिव ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार संबंधित पक्षों को पाकिस्तान प्रायोजित सीमा-पार

आतंकवाद के खतरे के बारे में जागरूक कर रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि किसी अन्य देश को जम्मू-कश्मीर के मुद्दों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

संसदीय समिति ने सर्वसम्मति से विदेश सचिव को ट्रोल करने की निंदा की

विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री को ट्रोल करने की निंदा की और उनके पेशेवर आचरण की प्रशंसा की है। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए हुए समझौते के बाद विदेश सचिव को सोशल मीडिया पर भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्हें राजनीतिक नेताओं, पूर्व नौकरशाहों और रक्षा दिग्गजों से समर्थन मिला था।

युद्ध विराम में ...

इस्तेमाल था, मिस्त्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया था।

आप ने देश को ...

प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफदिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे।

'टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार' : जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ‘इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया।’

विपक्ष हमलावर, इस्तीफे की मांग पर अड़ा : कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद विपक्षी दलों ने विरोध को और तेज कर दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजधानी भोपाल में जगह-जगह प्रदर्शन किए। पार्टी विधायकों ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की और मंत्री शाह को तत्काल ठु शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील मुद्दे पर मंत्री के गैर-जिम्मेदाराना बयान ने न केवल सैन्य बलों का अपमान किया है, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी ठेस पहुंचाई है।

सिंगारपुर में आकाशीय...

प्रशासन को सूचित किया और घटनास्थल पर पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम पहुंची। पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

ग्रामीणों और परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। यह दंपति अपने पीछे छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनके भविष्य को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता है।

गांव के सरपंच का बयानः

यह हमारे गांव के लिए अत्यंत दुखद घटना है। हेमलाल और चैती बहुत मेहनती और मिलनसार दंपति थे। हम शासन से अपील करते हैं कि उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा और उनके बच्चों की देखरेख की व्यवस्था की जाए।÷

प्रशासन से अपील

ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करे एवं बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जामा मस्जिद विवाद : हाईकोर्ट...

के अंतिम अवतार ‘कल्कि’ को समर्पित था। अदालत ने मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था।इस आदेश के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन समिति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने 29 अप्रैल 2025 को मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट जाने का निर्देश देते हुए दो सप्ताह के भीतर राज्य सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने को कहा था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि विवादित कुआं मस्जिद परिसर से बाहर स्थित है।

भारत कोई धर्मशाला...

था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है।

यह है मामला

कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

ग्राम गुडेलिया बना छत्तीसगढ़ का मॉडल विकसित गांव : बृजमोहन अग्रवाल

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक के विकसित गांव गुडेलिया में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर मेंअपनी सहभागिता देते हुए ग्राम गुडेलिया के शिविर में आए ग्रामीणों द्वारा रखे गये मांगों पर विकास की अनेक घोषणायें करते हुए अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया में उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाईब्रेरी के अलावा अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र का उन्होंने लोकार्पण भी किया।

उक्त अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया में हुए कार्यो एवं क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश में सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है, जहां हर वर्ग के लिये शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा एवम शहरों जैसे कार्य ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में किया जा रहा है सांसद ने कहा कि मैं आए हुए सभी सरपंचों से निवेदन करता है कि आप सभी भी गुड़ेलिया गाव के जैसे अपने गाव को विकसित करने का प्रयास करे , सभी सरपंचों के लिए गुड़ेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल को एक रोल मॉडल बताया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है। उन्होंने गांव,गरीब, किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव में इतने अधिक विकास कार्य कराये गये हैं कि पूरे प्रदेश में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है। यह गांव मॉडल गांव के रूप में पूरे प्रदेश में लोगों को प्रेरणा देने का कामकर रहा है। उक्त अवसर पर सरपंच एवम सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत सिहावा में निकली गई तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। शासन के निर्देश अनुसार हमारे देश की गौरव भारतीय सेना के सम्मान में आपरेशन सिंदूर राष्ट्र के तहत ग्राम पंचायत सिहावा में तिरंगा रैली निकाला गया यह रैली पंचायत भवन से शुरू होकर गलियों से होते हुए सब स्टेशन गया इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने कहा यह रैली देश के उन वीर जवानों के लिए समर्पित है जिन्होंने भारत पाकिस्तान युद्ध मे पराक्रम से युद्ध कर पकिस्तान को करारा जवाब दिया उन्होंने सभी सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही रैली मे आय सभी ग्रामीण जनो को बधाई दी इस अवसर पर जनपद सीईओ करुणा सागर पटेल सरपंच श्रीमती उषा देवी नाग, सचिव संतोष ध्रुव उपसरपंच सुनील सिंहसार भीतरास सरपंच रेमन्त शान्डिल्य उपसरपंच सुनील यादव साथ ही ग्राम सिहावा के वरिष्ठ नागरिकों प्रवीण गुप्ता बल्लु सेन साथ ही पंच फैजल खान त्रिलोक ध्रुव चूड़ामणि ध्रुव किशन लाल नाग वीरेंद्र कुमार मनहरे राजकुमार कुंजाम लोकेश्वर पटेल ओम प्रकाश विजय कुमार अग्रवानी तिलेश्वरी पटेल मीनू कुलदीप कृति लता नाग पायल पटेल ममता निषाद अशोक निषाद गोविंद नारायण साहू गुलाबनिषाद दुलेश्वर पटेल सुरेंद्र निषाद साथ ही ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे

नपं अध्यक्ष के खिलाफ महिला उपाध्यक्ष ने लिखवाई रिपोर्ट

■ **गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने पर एफआईआर**

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव नगर पंचायत में तिरंगा यात्रा के पहले अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच विवाद के मामले में उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर की शिकायत पर पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू पर अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के आरोप में उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

तुमगांव पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर 13 निवासी व नगर पंचायत उपाध्यक्षा सावित्री उत्तम निर्मलकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू व उनके पूरे परिवार ने नगर पंचायत कार्यालय में तिरंगा यात्रा के दौरान सभी पार्षद व कार्यालय के कर्मचारियों के सामने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने पर उतारू हो गया और इसके पहले भी मेरे चारपहिया वाहन को रोककर बीच रास्ते में जान से मारने की धमकी दे चुका है। इनके द्वारा शासकीय संपत्ति को बिना नीलाम, बिना सूचना, बिना रसीद कटवाए चोरी कर ले जाता है मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देता रहता है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है।

बता दें कि शनिवार को तुमगांव में तिरंगा यात्रा निकलने से पहले यहां के नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू और उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के बीच विवाद हो गया। जिसके आधे घंटे बाद अध्यक्ष बलरामकांत साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इधर, उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर व उनके समर्थक यात्रा में शामिल नहीं हुए और मामले की शिकायत लेकर वे एसपी कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष के खिलाफ अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी की शिकायत की। बाद पुलिस ने अध्यक्ष साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया।

दोनों एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने बताया कि नगर पंचायत की ओर से क्षेत्र में पिचिंग कार्य कराया गया था। काम पूरा होने के बाद कुछ पत्थर बच गए थे। पुराने मद की समय खत्म हो जाने के कारण मुनादी कराकर पत्थरों को एक रुपए प्रति नग की दर से बेच दिया गया है। जिसने पत्थर खरीदे हैं, उसके पास रखने की जगह न होने के कारण उन्होंने मेरे कार्यालय के समीप खाली जमीन पर सारे पत्थर रखवाए हैं।

बिना एक्सपायरी डेट लिखा बिक रहा ओजस कंपनी का पानी पाउच, सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़

विभाग ने लगाई है फटकार

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा (करहीभदर) में संचालित ओजस जल कंपनी पर पानी की शुद्धता को लेकर सवाल लगातार बना हुआ है। जहां लगातार खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम यहां छापा मार कर जांच कर रही है तो वहीं बाजारों में धड़ल्ले से बिना एक्सपायरी डेट लिखे हुए इसी कंपनी के पानी पाउच बेचे जा रहे हैं। बालोद जिला मुख्यालय के छोटे-छोटे ठेले गुमटी जिला अस्पताल के आसपास की दुकानों के साथ चखना सेंटर तक में ओजस कंपनी के पानी पाउच आपको मिल जाएंगे। जिसमें किसी तरह की एक्सपायरी डेट नहीं लिखी रहती है। सिर्फ इतना लिखा हुआ है कि उक्त पाउच में भरा हुआ पानी एक माह के लिए ठीक है।

नवप्रदेश फालोअप

एक माह से अधिक होने पर उसकी शुद्धता खराब हो जाएगी। ऐसे में बिना किसी तारीख या महीने के इस तरह एक माह की वैधता लिखा जाना भी संदेह को जन्म देता है। बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि उक्त पानी पाउच की पैकिंग कब और किस महीने हुई होगी और कितने माह से यह बाजार में खप रहा है।

ऐसे में ओजस कंपनी के पानी पाउच पीने वालों के लिए भी यह खतरा बना हुआ है कि कहीं उन्हें जल जनित बीमारी का सामना न करना पड़ जाए । एक ओर जहां लंबे समय से पॉलीथिननुमा पाउच में पानी भरे होने से रासायनिक क्रिया के चलते लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है तो वही इस तरह ओजस कंपनी द्वारा एक्सपायरी डेट, महीने को अंकित ना करते हुए बिना किसी तारीख के पानी पाउच बेच जाना भी बड़ी लापरवाही को उजागर करता है। मामला संज्ञान में आने के बाद खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा संबंधित संचालक को इस बात के लिए फटकार लगाई गई है कि वह जब तक नया मशीन नहीं लग जाता तब तक पानी पाउच की पैकिंग नहीं करेंगे, ना बिक्री करेंगे। ऐसे में सवाल यह भी है कि पूर्व में जो पानी पाउच एक महीने के भीतर बनाए गए हैं या उसके पहले के बने हैं, इसका कोई ठिकाना नहीं है। जो पानी पाउच वर्तमान में कंपनी सहित बाजारों में उपलब्ध है, उसमें सिर्फ इतना लिखा है कि यह पानी पाउच सिर्फ एक महीने के लिए शुद्ध है।

लोगों के साथ हो रहा धोखा

बाजार में उपलब्ध ओजस कंपनी के पानी पाउच में अंग्रेजी में लिखा है कि वह पैकिंग के एक महीने के भीतर तक उपयोग के लायक है। लेकिन इसकी पैकिंग कौन से महीने हुई है किस तारीख की हुई। इसका कहीं कोई जिक्र नहीं है और बाकायदा इस पानी पाउच को प्रमाणित बताया जा रहा है। ऐसे में शुद्धता पर सवाल तो खड़े होते ही है। लोगों के साथ इस तरह से धोखाधड़ी भी उक्त कंपनी के द्वारा की जा रही है। ज्ञात हो कि ओजस पानी पाउच का निर्माण और बिक्री बीबी फूड्स एंड बेवरेजेस के नाम से पंजीकृत है। विभाग की शर्तों के मुताबिक पानी पाउच हो या बोतल निर्माण या पैकेजिंग की तारीख और महीने लिखा होना चाहिए। इस संबंध में जब हमने खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण पटेल से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि पानी बोतल हो या पानी पाउच हो दोनों में मैन्युफैक्चरिंग यानी निर्माण की तारीख और शुद्धता समाप्ति की तारीख दोनों लिखा होना चाहिए।

चाकू से युवक पर हमला

महासमुंद। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच विवाद में एक युवक ने दूसरे पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। गुरु घासीदास वार्ड 21 निवासी गंगाधर देवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 17 मई की शाम उनके बड़े पुत्र हरीश देवार ने फोन कर बताया कि गुरूघासीदास वार्ड काली मंदिर के पास भाई उमीद कुमार देवार पर हरिश स्वीपर ने चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया है। सूचना के बाद जब मैं पहुंचा तो मेरे छोटे बेटे उमीद कुमार ने बताया कि हरिश स्वीपर मोहल्ले के लड़कों से विवाद कर रहा था जिसे मैं बीच बचाव करने आया तो वह मुझे देखकर पुरानी विवाद को लेकर अश्लील गाली-गलौज कर पीटने लगा हरिश ने चाकू से हत्या करने की नीयत से चोट पहुंचाया।

एकता ई-रिक्शा चालकों ने विधायक दीपेश साहू को सौंपा ज्ञापन

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। एकता ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ बेमेतरा द्वारा सोमवार स्थानीय विधायक दीपेश साहू को उनके निवास कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नगर के बाजार चौक क्षेत्र में स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित करने की मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष रामचंद बारले के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में संघ के पास कुल 140 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जिनमें 20 महिला एवं 120 पुरुष चालक शामिल हैं। पूर्व में यह सभी चालक विगत 8 वर्षों से थाना परिसर के बाहर से संचालन कर रहे थे, लेकिन 15 अप्रैल 2025 से उन्हें वहां से हटा दिया गया। इससे इन चालकों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

विधायक दीपेश साहू ने इस संदर्भ में ई-रिक्शा चालकों की चिंता को जायज़ बताया और कहा रिक्शा चालक हमारे शहर के परिवहन की रीढ़ हैं, उनकी आजीविका पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। मैं स्वयं इस मामले को लेकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करूंगा और एक समुचित तथा सुरक्षित स्थान पर स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाएगी।

न्यूज गैलरी

शिक्षक फेडरेशन और छग शिक्षक कांग्रेस ने कलेक्टर सौंपा ज्ञापन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। छ ग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन और छ ग शिक्षक कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान मे सुशासन तिहार मे कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रमुख रूप से युक्तियुक्तकरण, लंबित समयमान वेतनमान,एरियर्स राशि, जिला मे प्राथमिक शाला प्रधान पाठक प्रमोशन और करमोन्नति शामिल है।

ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से छ ग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार डडसेना, शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, संरक्षक गिरजा शंकर धीवर,भटगाव तहसील अध्यक्ष फिरत राम सायतोडे ,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राय, ब्लॉक सचिव दरस राम राजेत्री,छ ग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला मीडिया प्रभारी लुकेश्वर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सरयूकांत बंजारे,ब्लॉक सचिव लाला प्रसाद बंजारे,संरक्षक गिरीश साहू, विधिक सलाहकार आशीष मिश्रा, महासचिव दिलहरण साहू,संगठन मंत्री टीकेश्वर जायसवाल, महामंत्री संजीव राजेत्री,गोपाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

शासन की योजनाओं से आम जनता के जीवन में आ रहा आमूलचूल परिवर्तन : संतोष पाण्डेय

■ **सांसद सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम खोभा में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सांसद संतोष पाण्डेय सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम खोभा में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों में विभागीय स्टॉलों में जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है और साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बहुआयामी विकास कार्य हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनमानस के जीवन स्तर के उन्नयन के लिए बुनियादी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। हर व्यक्ति का यह सपना होता है कि उसका अपना पक्का आवास हो। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख पक्के मकान की स्वीकृति मिली है। इसी तरह ग्राम खोभा में 203 आवास स्वीकृत किए गए है। शासन की योजनाओं से आम जनता के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। जिले में 98 प्रतिशत संस्थागत प्रसव बढ़ा है तथा मातृ मृत्यु दर में कमी आयी है। सरकार कृषकों के साथ ही सभी वर्ग के नागरिकों के विकास के लिए तेज गति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हम तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे है। जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आंतकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने आंतकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके आतंकी स्थानों को ध्वस्त किया। भारतीय सेना के सम्मान में हम सभी आज तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे है। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य

■ **शासन स्तर से स्वीकृति उपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्य निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत**

राजनांदगांव /नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है। शासन स्तर से स्वीकृति उपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्य निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत हैं। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। जिले के छुरिया विकासखंड में 2 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माणाधीन है। जिससे दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचल के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में लगभग 2 करोड़ 94 लाख 55 हजार रूपए की लागत से फिजियोथेरेपी वार्ड का निर्माण किया जा रहा है। जिले में पूर्व में किसी भी प्रकार का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल नहीं था। जिसकी मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए 16 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसी प्रकार विकासखंड डोंगरगढ़ एवं घुमका में 50-50 लाख रूपए की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण भी अंतिम चरण में है। बरसात के दिनों में जिला अस्पताल बसंतपुर में जल भराव की स्थिति बनती थी, उसे देखते हुए जिला चिकित्सालय में 3 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में विभिन्न प्रकार के 1 करोड़ रूपए का कार्य तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के नवीन भवन हेतु 75 लाख की लागत से निर्माण कार्य जल्द प्रारम्भ किया जा रहा है। साथ ही साथ मेडिकल कॉलेज में 2 करोड़ 79 लाख रूपए की लागत से ट्रामा सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बायो मेडिकल वेस्ट निपटान हेतु कार्य भी निर्माणाधीन है। जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं में नवीन व बड़े कार्यों की स्वीकृति प्राप्त होने से आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होगी। साथ ही इन स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर तकनीकी के उपकरण, मेडिकल उपकरण, लैब की व्यवस्था, मानव संसाधन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

अवैध शराब बिक्री करने वालों की खैर नहीं

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बुड़ेनी में आमसभा का आयोजन किया गया वहां नवनिर्वाचित आदिवासी महिला सरपंच उतरा ध्रुव ने कड़े शब्दों में कहा कि गांव में अवैध शराब बिक्री किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है,साथ ही मुख्य रूप से गांव में पेयजल की समस्या,कृषि यंत्र उपलब्ध कराने ,समेत गांव विकाश के लिए चर्चा की गई ।बैठक में सचिव , उपसरपंच,पंचगण, व गांव के वरिष्ठजन मौजूद रहे । वहीं गांव के लोगों ने एकमत होकर मिलकर ग्राम विकाश में आदिवासी महिला सरपंच का सहयोग करने की बात कही।

नवकिरण में एडीईओ टेस्ट सीरीज में 138 प्रतिभागियों ने लिया भाग

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में 4 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को दूसरा टेस्ट पेपर एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट-02 आयोजन हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन, आजीविका संबंधित योजनाओं की जानकारी, पंचायती राज की जानकारी, ग्रामीण विकास की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी, सामान्य हिंदी आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। दूसरा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 76 परीक्षार्थियों और अन्य एडीईओ परीक्षा की तैयारी करने वाले 62 परीक्षार्थियों कुल 138 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट मेगा टेस्ट -03 आगामी 25 मई को आयोजित किया जाएगा, जो पुनः एडीईओ परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित रहेगा। साव ने आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

सुशासन तिहार पर कांग्रेस के पूर्व विधायक ने साधा निशाना

सुशासन तिहार सिर्फ सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग -छाबड़ा

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनाया जा रहे सुशासन तिहार पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सुशासन तिहार सिर्फ एक सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग तथा दिखावा बनकर रह गया है। सुशासन तिहार के नाम पर जहां अवैध वसूली हो रही है, वहीं नतीजा शून्य हैं। शासन द्वारा अब तक यह नहीं बताया गया है कि सुशासन पर्व के दौरान कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा किन-किन विभागों से संबंधित आवेदन थे, उन आवेदनों में कितने आवेदन मांग से संबंधित थे तथा कितने आवेदन शिकायत से संबंधित थे।

अगर आवेदन मांग से संबंधित थे तो उनमें से कितनी मांगों को शासन ने पूरा किया और अगर शिकायत से संबंधित आवेदन थे तो उन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई। सिर्फएक सुशासन तिहार के नाम पर शिविर लगाकर सरकारी मशनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा अधिकारी कर्मचारी उक्त शिविर में चलती हुई लू, धूप और गर्मी से परेशान है। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता सुशासन तिहार के नाम पर मौज मस्ती कर रहे हैं। जनता की समस्याएं यथावत बनी हुई है। भाजपा के कार्यकर्ता उक्त शिविर में धौस जमाने का काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के नाम पर बेमेतरा जिले में नगरी क्षेत्र में कितने आवेदन प्राप्त हुए शासन को नगरवार जानकारी देनी चाहिए। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद वार तथा ग्राम पंचायत वार इसकी जानकारी आम जनता को दी जानी चाहिए थी, मात्र समाधान शिविर के नाम पर लुट खसोट मची हुई है तथा शासकीय पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

शिविर के नाम पर भाजपा केवल अपने पुराने पाप को धोने में लगी हुई है, आम जनता को बदलने फुसलाना का काम सुशासन समाधान शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। आज बेमेतरा जिले की जनता भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहे रेत चोरी के कारण पानी की समस्या से बेहाल है। विगत दो माह में शासन आम जनता को पेयजल भी उपलब्ध नहीं कर पा रहा है, सड़के बदहाल हो रही हैं, शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बेमेतरा जिला वापस धरातल में जा चुका है, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली नहीं मिल पा रही है, घंटो घंटो पावर कट की समस्या बनी हुई है। अति आवश्यक सेवाओं का समाधान ना करके प्रशासन सुशासन तिहार बनाने में लगा हुआ है, यही कारण है कि बेमेतरा जिले में कई जगहों पर सुशासन तिहार के समाधान शिविर में आम जनता की सहभागिता लगभग नहीं के बराबर है।

भाजपा वाले जरूर जनता के ऐसे काम जो स्वाभाविक रूप से कार्यालय में किए जाते हैं जैसे राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड जैसे आसानी से हो जाने वाले कार्यों को समाधान शिविर के माध्यम से हल करके वाहवाही लूटी जा रही है, ठीक इसी तरह शिकायतें भी जस की तस बनी हुई है।

सुशासन तिहार के माध्यम से मांगे गए आवेदनों पर शासन की ओर से अथवा भाजपा सरकार की ओर से कहीं कोई कार्यवाही नहीं की गई है, कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो सुशासन तिहार के नाम पर भाजपा के लोग सरकारी पैसों पर मौज मस्ती और पार्टी मना रहे हैं। वही अधिकारी भी सुशासन तिहार के नाम से अपने कार्यालय से गायब है, जनता के काम ना तो समाधान शिविर में हो रहे हैं और ना ही कार्यालय में, कुल मिलाकर देखा जाए तो छत्तीसगढ़ शासन का यह सुशासन तिहार सिर्फएक ढकोसला बनकर रह गया है।

बदलते मौसम के बीच 12 दिनों में ही 85 प्रतिशत तेंदूपत्ता की हुई तोड़ाई

■ **अब तक करीब 76601 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी**

महासमुंद/नवप्रदेश। बदलते मौसम के बीच तेंदूपत्ता की इस साल अच्छी फसल हुई है। ऐसे मौसम के बाद भी 12 दिनों में ही लक्ष्य का 85 प्रतिशत तेंदूपत्ता की तोड़ाई अब तक हो चुकी है। जिस तेजी के साथ तोड़ाई हो रही है अनुमान है कि जल्द ही तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। जिले में 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अब तक मिले आंकड़ों के मुताबिक करीब 76601 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदा जा चुका है। बता दें कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल में निवासरत ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है। मार्च में शाखकर्तन के बाद 6 मई से जिले की 75 समितियों के माध्यम से 786 फड़ों से तेंदूपत्ता का संग्रहण शुरू हुआ। जिसके साथ ही जंगलों में ग्रामीणों की चहल-पहल बढ़ गई। जानकारी के अनुसार इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 91 हजार 300 मानक बोरा रखा गया है, जो गत वर्ष के बराबर है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता तोड़ाई के पूर्व संग्राहकों का सर्वे किया गया। इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य में 94 हजार संग्राहक जुटे हैं। तोड़ाई और संग्रहण कार्य की मॉनिटरिंग के लिए फड़ों में बीट गार्ड, सचिवों की तैनात की गई है। संग्राहकों द्वारा तेंदूपत्ता की तोड़ाई के बाद 50-50 पत्तों का एक बंडल तैयार कर फड़ों में उसे सुखाया जाता है। जिसके लिए धूप की पर्याप्त आवश्यकता है, यदि पत्तों को पर्याप्त धूप न मिले तो तेंदूपत्ता के सड़ने का डर बना रहता है लेकिन इस बार जब से तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू हुई है तब से मौसम में आए लगातार बदलाब के कारण तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रभावित हुई।

इस दफा मजदूरी में इजाफा : मालूम हो कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल के ग्रामीणों के आय का बड़ा जरिया है। इसी आय से इनकी गुजर-बसर होती है और यही कारण है इस कार्य में पूरा परिवार जुटा रहता है।

पंचायत में आयोजित समाधान शिविर सिर्फ औपचारिकता, 2 घंटे में शिविर का हुआ समापन

■ कोपरा में चुने हुए जनप्रतिनिधियों की कार्य शैली पर जनता की नाराजगी

कोपरा नवापारा। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत कोपरा के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जो सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए लगाया गया। नगर पंचायत द्वारा नगर में आयोजित शिविर के ही दिन सुबह मुनादी कराया गया। शिविर को लेकर नगर अध्यक्ष रूपनारायण साहू के द्वारा भी नगर में कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया। लोगों को जानकारी अभाव होने के कारण भी शिविर में नहीं पहुंच सकें।समाधान शिविर लगभग 12 बजे शुरू हुआ, जो लोगों की भीड़ कम होने के कारण मात्र 2 घंटे में समाप्त कर दिया गया। शिविर में जो भीड़ दिख रही हैं वह अधिकारी कर्मचारियों की भीड़ हैं। शिविर में पहुंचे अधिकारियों द्वारा लोगों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों के निराकरण के स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 6 किसानों को धान बीज, 2 किसानों को नये किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को मच्छरदानी, 4 को आयुष्मान कार्ड व 2 टीबी मरीज को पोषण आहार किट, समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को

व्हीलचेयर वितरण किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 3 नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। आयोजित शिविर में वर्तमान गर्मी को देखते हुए पंखे कूलर का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया था। जिसके कारण उमस भरी गर्मी में समाधान शिविर में पहुंचे नगर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही, शिविर के दौरान ही लाइट बंद हो जाने से शिविर में पहुंचे लोग एक-एक करके शिविर से निकलते गए। जिससे शिविर में नगर के लोगों की भीड़ काफी कम रही। वही, समाधान शिविर प्रारंभ होने के पूर्व भारतीय सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में तिरंगा रैली निकाला गया। जो गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर की गलियों से होते हुए समाधान शिविर स्थल तक पहुंचा। इस अवसर पर राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा नगर में 2 टैंकर देने की घोषणा किया है, जो कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, मुन्नालाल देवदास, विक्रम साहू, नंदराज बंशे, जेठू ध्रुव, शशिकला साहू, तारिणी सेन, दामिनी साहू, थानेश्वर साहू, कौशल साहू,कुछ वार्ड पार्षद भी शिविर में नहीं दिखे जनता पार्षद को मूल भूत सुविधा के लिए घुंघती रहीं। ये भी नगर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

■ न्यूज गैलरी

खरोरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा,जवानों को किया नमन

खरोरा/नवप्रदेश। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस साहस, शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तान को नाकों चने चबवाया, उससे पूरे देश में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। सेना की इस सफलता पर गनगर पंचायत खरोरा सहित अंचल के कई गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। खरोरा में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल,जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।वक्ताओं व लोगों ने सेना को सलाम करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों ने ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान को जिस प्रकार तहस-नहस किया है उसे वह जीवन भर याद रखेगा। रैलियों में राइस मिल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सूरज सोनी , उपाध्यक्ष सुमित सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरीलालसिंह ठाकुर, ,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, गुलाब टिकरीया,पार्षदगण,भाजपा मंडल अध्यक्ष ओर कार्यकर्ता, तोरण ठाकुर,विकास ठाकुर,राहुल मरकाम,जयप्रकाश वर्मा,तेजराम पाल व अन्य मौजूद रहे ।

ग्राम पंचायत दुगली में तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दुगली में तिरंगा यात्रा किया गया, साथ ही जय जवान जय किसान का नारा लगाया गया। इस मौके सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी आई.टी. सेल प्रभारी भाजपा मंडल कुकरेल वरुण देव नेताम वार्ड पंच उषा वर्मा नरेंद्र रजक गायत्री बाई गौरी बाई ध्रुव शिवा नेताम, सचिव बीरेंद्र साहू, लता मंडावी समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।।

आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आश्रित ग्राम दुगलीपारा में आपरेशन सिंदूर के सफ्लता में तिरंगा यात्रा निकाली गई. यह यात्रा स्कूल से शुरू होकर पूरे गांव भ्रमण में निकली। यात्रा में नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों का उत्साह देखने लायक था। जम्मू कश्मीर के पहलगाव में हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा नागरिक शहिद हुए जिसका भारतीय सेना ने दुश्मन देश पाकिस्तान को करारा जवाब दिया.देश की सरहदों की सुरक्षा में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर÷ कर आतंकी ठिकानों में घुसकर सैन्य कार्यवाही कर उन्हें पस्त किया। इस दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया, इस ऐतिहासिक यात्रा में श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, दुर्गा दरो सरपंच,द्वारिका प्रसाद पंचायत सचिव,हिरदेश्वरी मरकाम,रामजी नेताम,गुलसन साहू,रमती कुंजाम,चंदेश्वरी शोरी,आशालता मरकाम, रोहणी शोरी, छनिता साहू,पुष्पा ध्रुव,लता चाणक्य, पूनम चतुर्वेदी, अमरिका ध्रुव,गीतांजलि यादव, चेलेश्वरी धृतलहरे, मनेश्वर मरकाम, दीनदयाल नागरची, सुजान मानिकपुरी आदि शामिल थे।

तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान के उद्घोष की गूंज

ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने आतंकवाद को ध्वस्त कर ताकत से किया इंसाफ : रमन सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्र सेवा के लिए देश के सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य को सम्मान देने के लिए तथा आपरेशन सिंदूर में सशक्त भारतीय सेना के योगदान को अविस्मरणीय बनाने एवं देशभक्ति के जज्बे को हर दिल में अक्षुण्य बनाए रखने के लिए आज तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आज अभूतपूर्व उत्साह के साथ कारवां निकला। हम सेना के साथ हैं और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र की भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए देश के जवान-सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए नगरवासियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इंसाफ ताकत से किया गया और भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में ऐसे स्थान जहां आतंकवादी गतिविधियां संचालित हो रही है, उन्हें ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा इस संदेश को लेकर निकला है कि भारत की ताकत, भारत की सेना, भारत के जवान मातृभूमि के लिए युद्ध लड़े हैं, हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हम

देश की आन-बान-शान के लिए आयोजित तरंगा यात्रा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार शहर के आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। विधानसभा डॉ. रमन सिंह ने कहा कि देश भर में तिरंगा यात्रा देश की आन-बान-शान के लिए आयोजित की जा रही है। देश की एकता और सौहार्द्र को बनाये रखने के लिए देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है। पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जिस तरह जम्मू-कश्मीर के के पहलगांव में निर्दोष नागरिकों की हत्या की और देश के सौहार्द्र एवं समरसता को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई। जाति एवं धर्म पूछकर निर्मम हत्या की गई और हमारी बहनों को सिंदूर पोछना पड़ा।

यह संकल्प लेते है, कि भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति ही नहीं बल्कि हमारी सेना में भी चुनौतियों का सामना करने का सामर्थ्य है। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, जय जवान जय किसान के उद्घोष से माहौल गूंज उठा। भारत की जीत सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के लिए आभार प्रकट करने स्कूली बच्चे, स्काउट-गाइड, खिलाड़ी एवं नागरिकों का काफिला नगर निगम कार्यालय से गायत्री मंदिर चौक होते हुए भारत माता चौक से होते हुए महाकाल चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। ढोल मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ देश भक्ति पूर्ण गीतों दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए..., संदेशे आते है..., हमे इश्क है सरजमी से, वंदेमातरम्... जैसे देश भक्तिपूर्ण गीतों से ऑपरेशन सिंदूर की जीत के जश्न को मनाया गया।

आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की : मेजर राजेश शर्मा

कारगिल युद्ध में शामिल हुए मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की। उसके जवाब में भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बखूबी अंजाम दिया गया। तिरंगा यात्रा सैनिकों के लिए सम्मान है तथा भारतीय सेना के अतुल्य साहस का परिचय है। आज भारत सुपरपावर बनने की ओर अग्रसर है। कोई इसे कमजोर न समझे।

विधानसभा अध्यक्ष ग्राम भर्रेगांव में आयोजित तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

■ सैनिकों-जवानों के पराक्रम को सलाम करते हुए निकाली गई तिरंगा यात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भर्रेगांव में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और वीर जवानों के साहस को सलाम किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता एवं हमारे भारतीय सेना के शौर्य के तहत निर्दोष नागरिकों के जीवन को समाप्त करने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चलाया गया। हमारे सैनिकों-जवानों के इस पराक्रम को सलाम करते हुए देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। शांतिपूर्ण, अनुशासित, संगठित एवं उत्साह से भरी तिरंगा यात्रा में ग्राम भर्रेगांव एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों की धुन पर गली-गली घुमकर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक, हम सेना के साथ है और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र का संदेश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों ने भारत की जीत सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद दिया। तिरंगा यात्रा में समाज सेवी कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिमा चंद्राकर, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव लक्ष्मी बंजारे, पप्पू रमेश चंद्राकर, योगेश बंजारे, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

गरियाबंद में सैनिक कल्याण बोर्ड एवं सैनिक कैंटीन स्थापना की अत्यंत आवश्यकता

■ राज्य शासन, केंद्र सरकार एवं जिला प्रशासन से सार्वजनिक मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती तथा आदिवासी बहुल जिले गरियाबंद में सैनिक कल्याण बोर्ड एवं सैनिक कैंटीन की स्थापना की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में सैकड़ों की संख्या में भूतपूर्व सैनिक, शहीदों के परिवार एवं वर्तमान में देशसेवा में लगे जवानों के परिजन निवास करते हैं, किंतु उन्हें आज भी अन्य जिलों या राजधानी रायपुर तक सेवाओं के लिए भटकना पड़ता है। गरियाबंद जिला ओडिशा राज्य की सीमा से लगा हुआ है तथा यहाँ के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में युवा भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस बल में भर्ती होते हैं। ऐसी स्थिति में यहां सैनिकों एवं उनके परिवारों की सेवा-सुविधाओं हेतु एक पूर्णकालिक सैनिक कल्याण बोर्ड तथा सैनिक कैंटीन (ष्टस्ष्ठ) की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में गरियाबंद जिले के सैनिकों को छोटे-छोटे प्रमाणपत्र, चिकित्सा सहायता, पेंशन संबंधी समस्याओं, एवं ष्टस्ष्ठ सामग्री हेतु रायपुर तक बार-बार जाना पड़ता है। यह न केवल आर्थिक बोझ है बल्कि एक अपमानजनक अनदेखी भी प्रतीत होती है, जो हमारे वीर सैनिकों के योगदान के प्रतिकूल है। जनहित में यह आवश्यक है कि जिला मुख्यालय गरियाबंद में स्थायी

सैनिक कल्याण बोर्ड एवं एक पूर्ण सुविधायुक्त सैनिक कैंटीन की शीघ्र स्थापना की जाए। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों व शहीद परिवारों के लिए परामर्श एवं सहायता केंद्र, बच्चों के लिए विशेष छात्रवृत्ति एवं रोजगार सहायता योजनाएं भी प्रारंभ की जाएं। सैनिक कल्याण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन एवं प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। हम राज्य शासन, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन गरियाबंद से निवेदन करते हैं कि इस अत्यंत आवश्यक जनमांग पर शीघ्र संज्ञान लें और आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाएं। यह निर्णय न केवल गरियाबंद के लिए, बल्कि समस्त छत्तीसगढ़ के युवाओं में देशभक्ति और गौरव का नया संचार करेगा।

हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा के तहत किया गया भ्रमण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम सुखरी, छुईखदानऔर संबलपुर में पहुंची जहां पर रैली कर जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव के गली में भ्रमण किया गया। अभियान की गंभीरता देखते हुए लोग जलयात्रा एवं जागरूकता अभियान में सहभागिता निभा रहे है इसको को देखते हुए व्यर्थ बहा रहे पानी का संरक्षण करते हुए सोखता बनाने की ओर जागरूक हो रहे है

मंत्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ तिरंगा यात्रा का किया नेतृत्व

साजा/बेमेतरा /नवप्रदेश। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक÷ अभियान के तहत आज नगर पंचायत नवगढ़ में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ रजक बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद राजकर, जनप्रतिनिधि अजय साहू, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रध्वज हाथ में लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। हाल ही में जम्मू-

कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाए जाने की घटना के विरोध में यह यात्रा एकजुटता का प्रतीक बनी। इस कायराना हमले का देशभर में व्यापक विरोध हुआ, जिसके बाद भारतीय सेना ने त्वरित और सफ्ल कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को नष्ट कर आतंकवादियों को मार गिराया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सर्वदलीय निकाली तिरंगा यात्रा

कसडोल/नवप्रदेश। पहफ्लगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर बदला लिया। इसलिए नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू की अगुवाई मे शनिवार शाम को गुरुघसीदास चौक से सर्वदलीय तिरंगा यात्रा निकाली गई।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों का हाथ था,पाकिस्तान को उसकी इस करतूत की पूरी सजा व जवाब मिलेगा और फ्रि देश की सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आंतकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर करारा जवाब दिया,पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वाले आतंकियों को उसी भाषा में जवाब मिला है। सेना को खुली छूट दी गई और उन्होंने आतंकियों को उन्हीं के घर में घुसकर मार गिराया। उन्होंने राफेल, मिसाइलों और भारतीय सेना के ताकत की सराहना करते हुए कहा कि यह नया भारत है जो दुश्मनों को कहीं भी ढूंढ निकालता है। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों के खिलाफ हर हमले का पलटवार ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ : नागेश्वर साहू

कोई भी गलतफ्हमी में किसी को नहीं रहना है। अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं। इस तरह की अफ्वाह न फैलाएं, सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें चल रही है। जिन लोगों ने माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। उन्हें चुन-चुन कर सेना मारेगी। भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा,अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा,पाकिस्तान सुधर जाए वरना उसे उजाड़ देंगे। पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे, आपको बता दें कि, इसका आयोजन प्रदेश स्तर, जिलास्तर एवं मडल स्तर पर मनाया जा रहा है।

अपराध

आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर 60 लाख रुपए की धोखाधड़ी को दिया अंजाम

विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। 14 मई को प्रार्थी महेंद्र साहू के द्वारा लिखित आवेदन पेश कर थाना पांडुका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू (विद्युत विभाग बलौदाबाजार में कार्यपालन अभियंता) के द्वारा प्रार्थी से एवं उनके परिवार के सदस्यों एवं जान पहचान के लोगों से विद्युत विभाग के अलग-अलग पदों में नौकरी लगने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर 60 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया। आवेदन जांच में प्रथम दृष्टिया अपराध धारा 318(4), 336(3) 338,340 (2) ढ्ढह्य का घटित करना पाए जाने से आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू के विरुद्ध धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार करना,का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।प्रकरण में फ्रार आरोपी लोकेश्वर कुमार साहू को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा विगत तीन वर्षो से ऑनलाइन जुआ खेलने एवं जुआ में बहुत ज्यादा पैसा हार जाने से उधारी हो जाने की बात बताई गई। हारे हुए रकम की भरपाई हेतु आरोपी द्वारा प्रार्थी एवं उनके रिश्तेदारों को विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम से 60 लख रुपए नगद लेना एवं फर्जी नियुक्तिपत्र देने की बात आरोपी द्वारा कबूल किया गया है।

आरोपी को 14/05/2025 को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड लेकर लगातार पूछताछ किया गया था।

जिसमें आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सीपीयू,ङ्कद्गद्धद्बष्द्यद्ग वाहन, ऑनलाइन गेमिंग के दस्तावेज, प्रार्थी से प्राप्त नकद राशि में से 40000 नकद को जप्त किया गया है पुलिस रिमांड समाप्त होने पश्चात आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी

कुलेश्वर कुमार साहू पिता धन्नू लाल साहू उम्र 42 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेश्वर धमतरी थाना अर्जुनी जिला धमतरी।

जप्त समाग्री

फर्जी नियुक्ति पत्र,40 हजार नगद, बोलेरो वाहन, लैपटॉप, मोबाइल, ऑनलाईन गेमिंग के दस्तावेज

मरगांव में ग्राम सभा आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत उमरगांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पंचायत सचिवों का हड़ताल खत्म होने पर ग्राम पंचायत में यह पहला ग्राम सभा आयोजित हुआ जिसमें त्रिवेणी पुजारी को ग्राम सभा अध्यक्ष बनाया गया। विभिन्न प्रकार की चर्चा चली एवं ग्राम न्याय एवं शांति व्यवस्था सामिति गठित किया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच अंजना ध्रुव, पुर्व सरपंच सुरेश मरकाम, सचिव सामरथ जी, पंच महेश पुजारी, मोती दिवाकर, चन्द्रभान यादव, पुनम कश्यप, विष्णुरत साहू, नुतन साहू, शोभित नेताम, गजेन्द्र साहू, प्रहलाद मरकाम, पन्ना पुजारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

तीर्थों का राजा प्रयाग नगरी के सोनतीर्थ घाट में गंदगी से हो रही श्रद्धालुओं को परेशानी

राजिम/नवप्रदेश। तीर्थों का राजा प्रयाग नगरी के सोनतीर्थ घाट में इन दिनों गंदगी फैली हुई है। यहां अस्थि विसर्जन, स्नान, दान इत्यादि सारे कृत्य किए जाते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मुंडन संस्कार एवं अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए पिंडदान इत्यादि के लिए लोग पहुंचते हैं।

ब्राह्मण द्वारा पूजा पाठ करने के - बाद यजमान के साथ ही परिवार के लोग नए कपड़े धारण कर सोनतीर्थ घाट पहुंचते हैं और स्नान करने के उपरांत जिस कपड़े को पहनकर डुबकी लगाई हैं उसे वहीं छोड़ देते हैं। धीरे-धीरे यही कपड़े जमा हो जाते हैं और गंदगी फैल जाती है। यहां कागज के टुकड़े, रैपर, पॉलिथीन फेकी गई है। खाद्य पदार्थ इत्यादि की गंदगी है। बड़ी संख्या में स्नान करने के कारण नीचे की मिट्टी व रेत ऊपर आ जाती हैं इससे पानी मटमैला हो गया है और तो और कुछ लोग चलनी लेकर पानी पर डुबकी लगाते हैं और नीचे की रेत व मिट्टी को ऊपर निकालते है। इससे पानी और गंदा हो जाता है। बताया जाता है कि श्रद्धालुओं द्वारा डाले गए सिक्के, सोना, चांदी, तांबे, लोहा इत्यादि को बटोरने के लिए वह इस तरह के कार्य करते हैं। नई राजधानी से पहुंचे साहू परिवार ने बताया कि घर से निकलते ही त्रिवेणी संगम की छवि हमारे मस्तिष्क में उभर आया था। सब कुछ वही है लेकिन गंदगी के कारण परिवार के अन्य सदस्य स्नान नहीं कर पा रहे हैं।

नगर पालिका खरोरा में लगा समाधान शिविर

■ **सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों को लगाई फटकार**

खरोरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व अन्य समस्या के समाधान हेतू चल रहे सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण समाधान शिविर नगर पंचायत खरोरा के सांस्कृतिक भवन परिसर में अयोजित किया गया इस शिविर में महिलाबाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई संस्कार का आयोजन किया गया सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक अनुज शर्मा ने बच्चों को खीर खिलाया स्वास्थ विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया टीबी मरीजों को फूड कीट दिया गया वही वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम आभियान अंतर्गत पौधा वितरण किया गया कृषि विभाग द्वारा स्पेयर वितरण किया गया।

आबकारी विभाग को मिला बच्चों शराब कोचिया की काम में न लगाने की मांग : वही आबकारी विभाग को ग्रामीणों ने नाबालिको को शराब न देने और शराब कोचिया लोगो को कम उम्र बच्चों को अवैध शराब बिक्री के कार्यों में न लगाने की मांग की गई। वही राजस्व विभाग में शासकीय जमीन को सुरक्षित कर भू माफिया से सुरक्षित करने की मांग ग्राम पंचायत केशला और खरोरा के लोगो ने की इस अवसर पर मुख्य रुप से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल,जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन आधिकारी गण में मुख्य रूप से जिला अपर कलेक्टर निधि साहू एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार शेखर मंड़ई ,आलोक वर्मा,सहित सभी विभाग के अधिकारि उपस्थित रहे ।

कहा-लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बिजली विभाग, पीएचई, आबकारी, पुलिस, नगर पंचायत, के अधिकारियों को उन्होंने एक एक कर मंच पर बुलाया और छेत्र की समस्याओं को लेकर फटकार लगाई। वहीं उन्होंने आगे कहा कि साय सरकार के सुशासन तिहार के शिविर के पूर्व ही मोदी के गारंटी के तहत पुरे प्रदश वासियों को लाभ मिल रहा है किसानो को बोनस,3100 प्रति किंवटल धान खरीदी किया जा रहा 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए महतारी वंदन के अंतर्गत दिया जा रहा है गरीब मजदूरों को दीनदयाल मजदूर योजना अंतर्गत सालाना 10 हजार रूपए सहयोग राशि दिया जा रहा है ।

सांसद के अंदाज से लोग हुए खुश

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने ही अंदाज में लोगों की सम्बोधित किया उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह सुशाशन तिहार इसलिए चलाया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी भी योजना पात्र होते हुए भी वंचित है तो हमे उनके घर द्वार तक पहुंच कर उस कमी को दूर करके पात्र योजना का लाभ दिलाना है इस तिहार में जितने भी आवेदन आए है जिसका त्वरित निराकरण किया जा रहा है आपके गांव में आपके द्वार पर आपकी समस्या दूर हो रही है।

विधायक दिपेश साहू ने सरपंच संघ अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लाक के ग्राम पंचायत रेवे के सरपंच रघुवीर पिंटू सिन्हा को जनपद पंचायत बेरला सरपंच संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक दीपेश साहू ने शुभकामनायें देते हुए कहा की रघुवीर पिंटू सिन्हा का सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता, निरंतर जनसेवा और कार्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सरपंच संघ और अधिक सक्रियता तथा प्रभावशीलता के साथ जनहित में कार्य करेगा। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर मजबूत नेतृत्व ग्रामीण विकास की नींव होता है और श्री सिन्हा का चयन निश्चित ही जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी श्री सिन्हा को अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

'संस्कारधानी' में लोकतंत्र की चिता पर बैठी सत्ता नेताओं की चकाचौंध के पीछे ध्वस्त कानून-व्यवस्था

■ **अपहृत शिक्षिका की चीख शासन-प्रशासन बहरा**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जहां किसी जिले को 'संस्कारधानी' और 'राजनीतिक वीआईपी ज़ोन' कहा जाए, वहां से न्याय की सबसे बुलंद आवाज़ उठनी चाहिए। लेकिन राजनांदगांव से उठती आवाज़ आज इंसाफनहीं, इंसाफकी चीख है—जिसे सत्ता के गलियारों में बैठे लोग सुनना नहीं चाहते।

इस जिले में सत्ताधारी दल के महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, बैंक चेयरमैन से लेकर आधे दर्जन रसूखदार भाजपा नेता बारी-बारी से कुर्सियों पर विराजमान हैं, लेकिन ज़मीन पर हालात बद से बदतर हैं। सरकारी दफ्तरों में दलाली और दबाव, पुलिस प्रशासन में डर और दिशाहीनता, और नेताओं में केवल मंचीय दिखावा बचा है।

नेताओं का 'सेवा' से 'सेल्फी' तक का सफर

आज का नेता जनता का सेवक नहीं, कैमरे का बंदी बन गया है। योजनाओं का लाभ ज़मीन तक पहुंचे या नहीं, इससे उन्हें सरोकार नहीं। लेकिन सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होनी चाहिए। जनता के बीच जाना, पीड़ित के घर बैठना, अफसरों से जवाबदेही लेना—ये सब अब बीते ज़माने की बातें हो गई हैं।

शिक्षिका अपहरण: जब न्याय भी भयभीत हो गया : राजनांदगांव में दिनदहाड़े एक शिक्षिका का अपहरण, रातभर अमानवीय अत्याचार, और फिर तीन दिन बाद भी आरोपी आज़ाद घूम रहे हों—यह किसी वीआईपी जिले की नहीं, बल्कि अराजक राज्य की तस्वीर पेश करता है। पीड़िता और उसके परिवार द्वारा बार-बार बताए जाने के बावजूद डोंगरगांव टीआई और महिला पुलिस कर्मी की निष्क्रियता केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संगीन अपराध की संलिप्तता को दर्शाती है।

अब तक न कोई सस्पेंशन, न विभागीय जांच, न ही कोई सार्वजनिक माफ़ी—सवाल ये है कि क्या सत्ताधारी दल की ताकत ने पुलिस तंत्र को बौना बना दिया है?

जनता की आस्था की परीक्षा का समय

जनता अब समझने लगी है कि 'टिकट' और 'योग्यता' दो भिन्न चीजें हैं। जो नेता जात-पात और नोटों के बल पर चुनाव जीतते हैं, वो शासन में आकर भी उसी राजनीति को साधते हैं—सेवा और संवेदना उनके एजेंडे में नहीं होती। जनता आज इसी धोखे का शिकार हो रही है।

चुप रहोगे तो अपहरण, बोलोगे तो बर्खास्तगी

अगर सत्ता की आंखें अब भी न खुलीं, तो आने वाला समय उनके लिए और अधिक डरावना होगा। लोकतंत्र की असली ताकत जनता है, और जब जनता अपनी ताकत को पहचानती है, तब सत्ता की नींव हिल जाया करती है। आज जरूरत है कि जनता, प्रशासन और मीडिया मिलकर इस 'सत्ता संरक्षित अराजकता' के खिलाफ आवाज उठाएं—वरना अगली खबर किसी और शिक्षिका के साथ दरिंदगी की होगी।

अफसर बदलें, गमछा बदलें—निष्ठा वहीं रहे

पूर्व सरकारों के 'चहेते' अधिकारी और ठेकेदार आज भी मलाई काट रहे हैं, फर्क बस इतना है कि अब उन्होंने सत्ता पक्ष का नया गमछा पहन लिया है। जनता का हक़, योजनाओं का पैसा और पद का दुरुपयोग—सबकुछ जारी है, बस चेहरे बदल गए हैं। जो लोग कल मंच से शासन को कोसते थे, आज उसी मंच पर 'जय-जय' कर रहे हैं।

किशोर न्याय अधिनियम पर बेमेतरा में महत्वपूर्ण कार्यशाला सम्पन्न

■ **अपचारी नहीं, भविष्य के नागरिक हैं ये बच्चे**

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं सह अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति महिला एवं बाल विकास रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज यहाँ कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला आयोजन किया गया।

कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, न्यायपीठ के अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता जोशी, सदस्य प्रफुल्ल शर्मा, किशोर न्याय बोर्ड सामाजिक कार्यकर्ता शेषनारायण मिश्रा, श्रीमती मनीष तिवारी, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, नवा बिहान, मिशन शक्ति, सखी वन स्टाप सेंटर के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थित थे। कार्यशाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा किया गया।

इसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बच्चों के सर्वोत्तम हित में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु संवेदीकरण है। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे समाज की उस संवेदनशील सोच का प्रतीक है।

रेत का अवैध परिवहन कर रहे 7 ट्रैक्टर को तहसीलदार ने किया जब्त

सिमगा/नवप्रदेश। एसडीएम अंशुल वर्मा के निर्देशानुसार तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा ने क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्यवाही प्रारंभ कर दिया है। तहसीलदार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के शिवनाथ नदी के किनारे स्थित ग्राम चक्रवाय में रविवार को राजस्व विभाग,पुलिस,विभाग और माइनिंग विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध रेत परिवहन कर रहे कलाराम निषाद, राकेश ओंगरे,कमलेश्वर यादव,भूलन निषाद वगैरह के 7 ट्रेक्टर एवं ट्राली जब्त किया है। तहसीलदार ने जप्त वाहनों को दामाखेड़ा चौकी में सुपुर्द किया है। वही रेत माफियाओं द्वारा शिवनाथ नदी से प्रतिदिन सौकड़ो वाहनों से रेत का दोहन किया जा रहा है यह काम विगत कई महीनो से चल रहा है माइनिंग विभाग की उदासीनता के चलते बेधड़क अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन का कारोबार संचालित किया जा रहा है। गत दिनों कलेक्टर दीपक सोनी ने टोल फ्री नंबर जारी करते हुए अवैध रेट उत्खनन एवं परिवहन पर कसावत लगाने राजस्व, पुलिस, वन, खनीज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित की है जिसके पश्चात कार्यवाही जारी है।

सिमगा आंचल में बेधड़क चल रहे अवैध ईंट भट्ठे कार्यवाही नहीं

सिमगा/नवप्रदेश। विकासखंड के शहर एवं ग्रामीण अंचल में अवैध ईंट भट्ठों की बेताहाशा वृद्धि न सिर्फ सरकारी राजस्व को चुना लगा रही है, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और जल संसाधनों को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है। खनीज विभाग और प्रशासन की खामोशी ने इस अवैध कारोबार को खुला निमंत्रण दे दिया है। शहर एवं ग्रामीण के स्थानीय जानकारी के मुताबिक इन भट्ठों में कुम्हार जाति के नाम पर मिली कानूनी छूट का दुरूपयोग रसूखदार लोग कर रहे हैं। खेत किराए पर लेकर मिट्टी की खुदाई से उवंरता खत्म हो रही है। एक ओर खेत बंजर हो रहे हैं, वही दूसरी ओर सड़कों पर उड़ती धूल से रहगीर परेशान हैं। इन ईंट भट्ठों में पानी की बर्बादी की स्थिति यह है कि ग्रामीणों के लिए जहां पीने का पानी टैंकरों से उपलब्ध कराया जा रहा है, वही ईंट निर्माण के लिए पंपो से बेहिसाब पानी बहाया जा रहा है। यह स्थिति ऐसे समय में और भी चिंताजनक है जब क्षेत्र में जल संकट गहराया हुआ है। विद्युत विभाग और पंचायतों को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। कई संचालक दूसरे राज्यों और जिलों से आकर धड़ल्ले से कारोबार कर रहे हैं। ग्रामीणों की कई शिकायतों के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।यदि प्रशासन ने शीध्र हस्तक्षेप नहीं किया तो यह संकट न केवल पर्यावरणीय आपदा में बदल सकता है,बल्कि शासन की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करेगा।

गोबरा नवापारा में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को गैर संचारी रोग हाइपरटेंशन के प्रति जन जागरूकता प्रदान किया जा रहा है एवं मरीजों को संतुलित एवं स्वस्थ आहार लेने तंबाकू, शराब का उपयोग न करने, नियमित व्यायाम करने, योग करने, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ तेजेन्द्र साहू ने बताया कि अपने रक्तचाप यानी ब्लडप्रेशर को सटीक रूप से मापकर लंबा जीवन जीया जा सकता है। इसके अलावा स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम के माध्यम से भी हाइपरटेंशन की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है।

इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम के तरीकों को बढ़ावा देना है। चिकित्सकों के मुताबिक, उच्च रक्तचाप एक मूक हत्यारा है, जिसका कोई लक्षण नहीं दिखता, लेकिन यह दिल की बीमारी, स्ट्रोक और गुर्दे की विफलता जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे बढ़ावा देने में ज्यादा नमक, तंबाकू और अल्कोहल का उपयोग, अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी, तनाव और वायु प्रदूषण कारण बन सकता है। इसके नियंत्रण के लिए रक्तचाप की नियमित जांच करानी चाहिए, स्वस्थ आहार लेना चाहिए, नियमित व्यायाम करना चाहिए और तनाव को प्रबंधित करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी के निर्देशन व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा साहू के निर्देशन में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ तेजेन्द्र साहू, नितेश कुंभकार, डिंपल विनायक सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी अपनी उपस्थिति दे रहे है।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोध दिवस कल

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारत रत्न राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस 21 मई बुधवार दोपहर 12.30 बजे राजीव भवन बेरला रोड बेमेतरा में मनाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से रविंद्र चौबे पूर्व मंत्री, गुरु रुद्र कुमार पूर्व मंत्री, गुरु दयाल बंजारे पूर्व संसदीय सचिव एवं आशीष छाबड़ा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा एवं पूर्व विधायक बेमेतरा की उपस्थिति में होना है। जिसमें ब्लॉक पदाधिकारी, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, मोर्चा, संगठन एवं कांग्रेस प्रकोष्ठ सेवादल, किसान कांग्रेस, इंटक, अनुसूचित जाति जनजाति कांग्रेस जिला पँचायत सदस्यगण, जनपद पँचायत सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित होवे।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल हेतु प्रदान की जा रही प्रोत्साहन राशि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर 2 किश्तों में 5000 रूपए सहायता दी जाती है। प्रथम किश्त के भुगतान हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीयन एवं गर्भावस्था के 6 माह के भीतर एक बार प्रसव पूर्व जांच आवश्यक है। द्वितीय किश्त के भुगतान हेतु बच्चे का जन्म पंजीकरण एवं बच्चे के प्रथम चक्र का संपूर्ण टीकाकरण आवश्यक है। द्वितीय संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। किश्त के भुगतान हेतु बालिका का जन्म पंजीकरण एवं बालिका के प्रथम चक्र का संपूर्ण टीकाकरण आवश्यक है। आवेदन हेतु निर्धारित समय अंतिम एलएमपी तिथि से 570 दिवस के अंदर ही आवेदन एण्ट्री किया जा सकता है। महिला का बैंक खाता आधार सीडिंग होना आवश्यक है। राशि का भुगतान डीबीटी मोड के माध्यम से लाभार्थी के खाते में किया जाएगा। हितग्राही को आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकरण कराना आवश्यक है। फार्म के साथ स्वयं, पति, परिवार के सदस्य का मोबाईल नंबर, महिला के बैंक खाते का वितरण, जच्चा बच्चा कार्ड जमा करना, आधार कार्ड का विवरण जमा करना होगा। पात्रता हेतु एक आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि जमा कराना होगा। सॉफ्टवेयर में डाटा एण्ट्री कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड किया जाना होगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राही आवेदन करने के लिए पास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा हेल्पलाइन नंबर 14408 पर संपर्क कर सकते है।

कार्रवाई | गौ-तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, गौ सेवकों से संवाद कर की चर्चा

एसएसपी ने देवरबीजा चौकी का किया औचक निरीक्षण

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने 16 मई को ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान अचानक पुलिस चौकी देवरबीजा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चौकी में उपस्थित गौ-सेवकों से संवाद स्थापित करते हुए गौ-वंश तस्करी की रोकथाम को लेकर गहन चर्चा की।

एसएसपी साहू ने गौ-तस्करी के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों से गहन पूछताछ कर संपूर्ण नेटवर्क (लिंक-टु-लिंक) की पहचान की जाए तथा मुख्य सरगना का पता लगाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब गौ-तस्कर बख्शे नहीं जाएंगे।

उन्होंने गौ-सेवकों से आह्वान किया कि किसी भी प्रकार की गौ-वंश तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। साथ ही कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की हिंसा या दुर्घटना से बचाव हेतु विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। एसएसपी ने चौकी प्रभारी एवं स्टाफ को निर्देशित किया कि लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी और शिकायतों का शीघ्र निपटारा किया जाए। जवानों को ड्यूटी सर्टिफिकेट के साथ ड्यूटी पर भेजा जाए एवं साप्ताहिक डायरी समय पर भेजना सुनिश्चित किया जाए। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थों एवं अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। रात्रि गश्त, विजिबल पुलिसिंग और यातायात नियमों को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाई जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल साक्ष्य की सुरक्षा और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी वर्तमान समय में आवश्यक है, विशेषकर साइबर अपराधों के परिप्रेक्ष्य में। एसएसपी ने नवीन आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इससे न्याय प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ होगी।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियोग पत्र 60 से 90 दिनों के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएं। तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे मामलों की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पुलिस चौकी देवरबीजा के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, चौकी स्टाफ एवं गौ-सेवकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़
गढ़ रहा उद्योगों की स्थापना के
नए अवसर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
अब उद्यमी बनने की राह हुई आसान
सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 से
उद्योगों की स्थापना में सहयोग, युवाओं को रोजगार के मौके
पोर्टल के माध्यम से 16 से अधिक विभागों की 100 से अधिक सुविधा
पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का क्लीयरेंस
ऑफलाइन मोड में किसी भी कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं
सिंगल क्लिक पर देखी जा सकती है आवेदन की स्थिति
ई-चालान के माध्यम से पेमेंट की सुविधा
उद्योग स्थापना के लिए किन विभागों से लेना होगा क्लीयरेंस, पोर्टल पर उपलब्ध है यह जानकारी
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
संवाद -43863/1

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल डेका से छत्तीसगढ़ टेरियर्स के कमांडिंग ऑफिसर ने सौजन्य भेंट की

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में 155 इन्फैंट्री बटालियन जम्मू-कश्मीर राइफल्स (छत्तीसगढ़ टेरियर्स) नवा रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज कुमार ने सौजन्य भेंट की।

रजिस्ट्री के नए नियमों से फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नये नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन मे शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खुद राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने नयी सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने जमीनों की रजिस्ट्री के लिए नये नियमों को ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय बताते हुए कहा कि समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। रजिस्ट्री के नये नियमों से फर्जीवाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा। राजस्व मंत्री श्री टंक राम ने कहा कि पंजीयन विभाग में नयी सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है। सरकार सुगम एप का संचालन कर आमजनों को जमीनों की खरीदी-बिक्री की आसान सुविधा दे रही है। इसके साथ ही बिक्री वाली भूमि में लगे पेड़ों पर पंजीयन शुल्क को शून्य कर दिया गया है।

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का हो बेहतर क्रियान्वयन: प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

रायपुर/ नवप्रदेश आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने सोमवार को जशपुर जिला के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को पीएम जनमन योजना का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पक्के मकान, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आश्रम छात्रावास के निर्माण कार्य, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका मूलक गतिविधियों सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, उप सचिव श्री बी. के. राजपूत सहित आदिवासी विकास विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।प्रमुख सचिव श्री बोरा ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहट में आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकता, सहायिका और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने और जल जीवन मिशन के तहत सभी बसाहट तक पेयजल की सुविधा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के छात्रावास-आश्रम में चल रहे निर्माण कार्य को जून तक किसी भी स्थिति में पूरा करने के लिए कहा है।कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बैठक में बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में जल संरक्षण संवर्धन के लिए जल जागृति अभियान चलाया जा रहा हैं और जल को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करने की पहल की जा रही है। सभी शासकीय और अशासकीय भवनों में रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा रहा है।प्रमुख सचिव ने पीएम जनमन योजना और केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के

लाइसेंस और पंजीयन संबंधी कार्यों में आमजन को मिलेगी बड़ी सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया मुंगेली में नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय का लोकार्पण

■ **लाइसेंस और पंजीयन संबंधी कार्यों में आमजन को मिलेगी बड़ी सुविधा**

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में 1 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिले में स्थायी परिवहन कार्यालय भवन की सुविधा का अभाव था, जिससे आम नागरिकों को लाइसेंस, वाहन पंजीयन और अन्य कार्यों में कठिनाई होती थी। अब नए भवन के साथ यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी।

लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच आवेदकों को प्रतीक स्वरूप लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराना है। नये कार्यालय भवन के माध्यम से वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

छह एकड़ भूमि में निर्मित इस परिसर में एक एकड़ में कार्यालय भवन तथा पाँच एकड़ क्षेत्र ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के लिए आरक्षित रखा गया है। भवन में 18 कक्ष, 6 हॉल, अटैच लेट-बाथ तथा सामान्य शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यालय को पूर्णतः सुविधायुक्त रूप में डिजाइन किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों की दक्षता भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 से अब तक जिले में 11,721 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं और 49,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि लोगों में परिवहन सेवाओं की बड़ी मांग है, जिसे यह नया कार्यालय सुगमता से पूरा करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता और सेवा-सुलभता को बढ़ाना हमारी सरकार का सतत प्रयास है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले, श्री धरमलाल कौशिक, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

बीते डेढ़ साल में हमने जनता के लिए काम किया,इसलिए जनता के बीच जा रहे :मुख्यमंत्री

जो सरकार अच्छा काम करती है, वह आम जनता के बीच जाने से नहीं कतराती : विष्णु देव साय

■ **मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जान रहे योजनाओं की हकीकत**

रायपुर/ नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का उड़न खटोला बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमागोहन में उतरा। वनांचल के आदिवासी ग्राम में मुख्यमंत्री श्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल था। वे चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर अपने राज्य के मुखिया को एक झलक देखने और उन्हें सुनने के लिए घण्टो डटे रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। जो सरकार अच्छा काम करती है उनकी ही हिम्मत होती है जनता के बीच जाने की। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ आदिवासी ग्राम आमागोहन के समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में लोकसभा,नगरीय निकाय,नगर पंचायत में हमारी सरकार बनी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने दुर्ग और अम्बिकापुर में भी राज्यवासियों को 3-3 लाख पीएम आवास दिये। इसके अलावा पीएम जनमन आवास और नक्सल क्षेत्रों में आत्म समर्पित परिवारों को आवास दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस में जिनका नाम है उनको भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों का वादा पूरा कर 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष से बकाया धान बोनस राशि भी दी। उन्होंने कहा कि 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि उनके खाते में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला। जिनका नाम छूट गया है उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है,आने वाले दिनों में छूटे हुए हितग्राहियों का नाम भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के हित में निर्णय लेते हुए प्रति मानक बोरा की राशि 4 हजार से 5500 रुपये किया गया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर हितग्राहियों को रामलला का दर्शन कराया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने बड़े-बुजुर्गों की इच्छाओं को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना से तीर्थ यात्रा के इच्छुक परिवार अन्य तीर्थ स्थल का लाभ उठा पाएंगे।

कांग्रेस की तथाकथित संविधान यात्रा पर भाजपा का बड़ा हमला

■ **सौ चूहे खा बिल्ली हज को चली :केदार कश्यप**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान के नाम पर ÷सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली÷ की कहावत को चरितार्थ कर रही है। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झाँसे में कतई नहीं आने वाले हैं।

प्रदेश के वन व सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि आज संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस मिथ्या प्रलाप कर रही है, जबकि कांग्रेस के शासनकाल में ही संविधान का सबसे ज्यादा मखौल उड़ाया गया। इससे अधिक शर्मनाक कृत्य और क्या हो सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में देश पर आपातकाल थोपकर न केवल मूल नागरिक अधिकारों व प्रेस की स्वतंत्रता का गला घोंटा गया था, अपितु विपक्षविहीन संसद में संविधान संशोधन करके संविधान की मूल प्रस्तावना तक को बदलने का पाप किया था। कांग्रेस ने न केवल पूरे देश को जेल बनाकर रख दिया था अपितु संसदीय लोकतंत्र और समूची संवैधानिक व्यवस्था को नष्ट-भ्रष्ट किया था। श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली कोरी सियासी ढकोसलेबाजी है। संविधान की रचना से लेकर अब तक कदम-कदम पर संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती आ रही कांग्रेस एक बार फिर मिथ्या प्रलाप करके अपने टूलकिट एजेंडे पर काम कर रही है। भारत में आरक्षण के नाम पर झूठ फैलाने वाली कांग्रेस अमेरिका में अपने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान पर खामोश क्यों है, जिसमें राहुल गांधी ने आरक्षण का खुलकर विरोध किया था। अब कांग्रेस किस मुंह से सँविधान की रक्षा की बात कर रही है? साम्प्रदायिक तुष्टीकरण जिस कांग्रेस की रग-रग में व्याप्त है वह कांग्रेस लगातार संविधान की भावनाओं का खुला अपमान करके संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा के नाम पर सिवाय पाखंड के कुछ नहीं कर रही है।

सुशासन तिहार 2025 : जगदलपुर के करन्दोला समाधान शिविर में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप

रायपुर/ नवप्रदेश। दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान रविवार की शाम को उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं वनमंत्री केदार कश्यप जगदलपुर के करन्दोला में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारी उत्साह के साथ कर निराकरण कर रहे हैं। यह आम नागरिकों को तत्काल सुविधा देने की संवेदनशील पहल है। इस दौरान उन्होंने करन्दोला में महतारी सदन के लिए 29 लाख की घोषणा भी की।वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि सरकार सभी नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार गांव, ग्रामीणों की समस्या को समझती है, गांवों की आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखती है, इसलिए सुशासन तिहार का कार्यक्रम संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजनों द्वारा दी गई आवेदनों पर विभागों के द्वारा तत्काल कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने

विष्णु के सुशासन में हो रहा संवाद और समाधान

■ **विष्णु के सुशासन में हो रहा संवाद और समाधान**

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विष्णु के सुशासन में संवाद और समाधान की कड़ी निरंतर रूप से चल रही है। इस सुशासन की सरकार में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित हर योजना का लाभ हितग्राही को सुनिश्चित कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय की पहल पर सुशासन तिहार-2025 का आयोजन प्रदेशभर में किया जा रहा है।शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से रूबरू होने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार-2025 के तहत आमागोहन समाधान शिविर में पहुंचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। गौरतलब है कि सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेना और स्थानीय समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बिलासपुर के कोटा विकासखंड के आमागोहन गांव पहुंचे।मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार सुशासन के माध्यम से हर गांव तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर के जरिए हम ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका तुरंत समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने राज्य में सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए।

रूद्री में समाधान शिविर: प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

■ **रूद्री में बनेगा सुसज्जित मुक्तिधाम, हाईस्कूल में रंगमंच को भी मिली मंजूरी**

रायपुर/ नवप्रदेश सुशासन तिहार के तहत सोमवार को महानदी के किनारे धमतरी विकासखण्ड के रूद्री गांव में समाधान शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। शिविर में उपस्थित लोगों को संबांधित करते हुए वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब बात करने वाली नहीं, काम करने वाली विष्णु देव सरकार है। पिछले 18 महीनों में राज्य में हुए विकास कार्यों की बदौलत गांव-गांव, शहर-शहर तेजी से बदल रहा है। विकास के कामों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। राजस्व मंत्री ने रूद्री में महानदी घाट के किनारे सुसज्जित मुक्तिधाम बनाने के लिए 10 लाख रुपये और रूद्री के हाईस्कूल में रंगमंच बनाने के लिए 5 लाख रुपये की मंजूरी समाधान शिविर में ही दी।

आयोजन

भाजपा रायपुर शहर जिला ने महारानी अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर कार्यशाला का किया आयोजन

सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं अहिल्या बाई होलकर

रायपुर/ नवप्रदेश ।पुण्यश्लोका महारानी अहिल्या बाई होलकर को 300 वीं जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के प्रत्येक राज्य के सभी जिलों में आयोजित करने जा रही है अहिल्या बाई होलकर जयंती पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। जिसमें कार्यशाला प्रमुख है विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा कार्यशाला के आयोजन के पश्चात अब जिलेवार कार्यशाला का आयोजन होना तय है। इसी कड़ी में सोमवार राजधानी रायपुर स्थित एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया आयोजित कार्यशाला में विशेष रूप से विधायक गण , मंडल और आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा उपस्थित थी उन्होंने उपस्थित समुदाय को संबोधित किया उन्होंने कहा कि।

राज-व्यवस्था, न्याय और सुशासन महारानी अहिल्या बाई होलकर के शासन अहम पहचान :- वर्णिका शर्मा

छत्तीसगढ़ बाल संरचना आयोग की अध्यक्षा वर्णिका शर्मा ने कहा कि आज 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में जानने का अवसर मिला है, यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है।

कांग्रेस ने महारानी अहिल्या बाई होलकर सहित उन सभी के योगदान को दबाया जिन्होंने समाज सुधार और सनातन प्रतीकों की रक्षा की - शशांक शर्मा

आयोग के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया , महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। इन तथ्यों से देश को अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह शक्ति की आराधना है।

देव ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन सहित पार्टी के अनेक कार्यक्रम साथ-साथ चल रहे हैं। जिसमें अपनी सक्रियता के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता रानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कर्तव्य से देश को अवगत कराने में पूरी प्रामाणिकता के साथ जूटें।

खबरों के गलियारे से... कैलाश यादव

कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में अंतर समझें

जयराम रमेश को सांसद शशि थरूर का केंद्र सरकार की ओर से प्रतिनिधिमंडल में शामिल होना हजम नहीं हो पा रहा है। जब बड़े-बड़े नेता यह नहीं समझ पाए कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में क्या अंतर अब जयराम रमेश ने अंतर समजाने की कोचिंग खोल ली है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि ये सच है कि इसका मतलब कुछ लोग ही समझ पाएंगे जो मूलतः कांग्रेसी है या कांग्रेस की मूल विचार धारा का सम्मान करते हैं। यहां तो कांग्रेसी आज तक कांग्रेस को ही नहीं समझ पाए हैं। यदि समझें होते तो आज सत्ता में होते और भाजपा आज तक विपक्ष में रहती। पहले नेताओं को यह समझने की जरूरत है कि देश बड़ा है या पार्टी, जिस दिन कांग्रेस यह बात समझ जाएगी तो सबको पता चल जाएगा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना अपने आप समझ जाएंगे। कांग्रेसियों में ये बहुत बुरी आदत है कि हमारे बीच से किसी नेता को थोड़ी प्रतिष्ठा मिल गई तो तत्काल नाक भौं सिकोड़ने लगते हैं। पहली बात तो सरकार तय करेगी कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में कौन प्रतिनिधित्व करेगा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत का संदेश लेकर विदेश जाने वाले एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सौंपी है तो कांग्रेसियों को तो खुश होना चाहिए न कि इस पर सियासत करनी चाहिए। कांग्रेस ने थरूर का नाम प्रस्तावित नहीं किया था। जो जयराम रमेश को डायजेस्ट नहीं हो रहा है।

नशा शराब में होती तो नाचती बोतल

नशा शराब में होती तो नाचती बोतल वाला यह फिल्मी गाना प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाले में सच साबित हो रहा है। शराब घोटले की जांच के बीच सरकार ने राज्य सरकार ने इस घोटाले में संलिप्त 21 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति की खबर मिलते ही ताता थैय्या करने लगे है। खबरदारों का तो यहां तक कहना है कि ईओडब्ल्यू ने एफआईआर में कुल 36 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें तत्कालीन एडिशनल डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। जांच के दौरान ब्यूरो ने कई अधिकारियों से लंबी पूछताछ की है। अब अभियोजन की स्वीकृति के बाद इन अधिकारियों की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि शराब घोटाले में नजर आने लगा है। नशा शराब में नहीं बोचल और ढक्कन सूंघने वाले अधिकारियों को झूमते ईओडब्ल्यू ने देख लिया है। अब तो शराब से ज्यादा बोतल में नशा वाली कहावत लोगों में चर्चित होने वाली है।

नारियल किसानों को बनाएगा आत्म निर्भर

छत्तीसगढ़ अब नारियल की खेती में केरल को पछाड़ने वाली है। नारियल विकास बोर्ड कोंडागांव स्थित कोकोनट रिसर्च सेंटर तैयार हो चुका है। यह केंद्र न केवल नारियल की खेती को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि किसानों को नई तकनीकों और पौधों की उन्नत किस्में प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है। इस रिसर्च सेंटर में नारियल की कई प्रजातियों के साथ-साथ कोको, कॉफी, काली मिर्च, केला, लीची और हल्दी जैसी फसलों की भी उन्नत खेती की जा रही है। इस तरह का प्रयास न केवल स्थानीय किसानों की आय बढ़ा रहा है, बल्कि पूरे प्रदेश में कृषि नवाचार की मिसाल भी पेश कर रहा है। छत्तीसगढ़ के किसान नवाचार अपनाकर नया कीर्तिमान रचने जा रहे है। यह बहुत अच्छी बात है, खबरों के गलियारे में चर्चा है कि किसानों को इसका फल कब मिलेगा। नारियल के पेड़ में कब फल लगेगा और कब वो बाजार में जाकर नारियल बेचेंगे। जब भी सरकार बदलती है कोई न कोई नवाचार किसानों के माथे पड़ ही जाता है। किसानों आत्म निर्भर बनाने के लिए सरकार नए नवाचार को बढ़ावा दे रही है। नारियल रिसर्च सेंटर भी इसका तरो ताजा प्रयोग है। किसानों तो यही मान कर चल रहे है कि फल तो अब अगले चुनाव तक ही मिल पाएगा।

अब तो मांग पूरी कर दो सरकार

छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो चुके है मगर उसकी राजभाषा छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल आज तक नहीं हो पाया है। इसके लिए गाहो-बगाहे छत्तीसगढ़ बुद्धिजीवि केंद्र सरकार से मांग करते रहे है। रविवार को एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने पदयात्रा का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ी को राजभाषा बने 25 वर्ष से ज्यादा हो गए, लेकिन छत्तीसगढ़ी को पूर्ण रूप से राजभाषा का दर्जा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। राज्य में नई शिक्षा नीति मातृभाषा और स्थानीय बोली भाषा में पढ़ाई जानी है, लेकिन अभी तक स्कूली शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ी का पाठ्यक्रम निर्माण नहीं कर पाया है। छत्तीसगढ़ी भाषा के पेरोकार विनोद शुक्ल लगातार 25 साल से सरकार से मांग करते आ रहे पर कोई सुनवाई नहीं हुई। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि सरकार अब तो हमारी मांग पूरी कर दो। छत्तीसगढ़ी जनमानस में यहीं मांग उठ रही है कि केंद्र सरकार शीघ्र छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल नक्सल मुक्ति राजभाषा को आठवीं सूची में शामिल कर सौगात दे।

स्काईवॉक में कौन चलेगा सवाल उठने लगा है

डा. रमनसिंह मंत्रिमंडल में पैदल यात्रियों को फुटपाथ में चलने के बजाय सरकार के मंत्री ने स्काई वॉक बनाने का प्रस्ताव लाया जिसे ध्वनिमत से पारित कर करोड़ों रूपए खर्च किए गए । जैसे ही 2018 में सरकार बदली उस सरकार ने तत्काल स्काईवॉक का काम रोक दिया और जनता को यह बताने की कोशिश की है कि पूर्ववर्ती सरकार ने सरकारी धन का दुरूपयोग रोकने के लिए स्काईवॉक का काम तत्काल रोका जाए। अब फिर सरकार बदल गई तो अधूरे स्काईवॉक को पूरा करने के लिए सरकार ने 37 करोड़ का फंड जारी करने के साथ टेंडरिंग भी जारी करते पक्ष और विपक्ष में घमासान शुरू हो चुका है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि पक्ष वाले उसकी अच्छाई गिना रहे वहीं विपक्ष वाले इसे अपराध को बढ़ावा देने वाला बताकर इस पर सियासी जंग छिड़ गया है। कांग्रेसी तो सीधे सरकार आरोप लगा रही है कि सरकार अपने चहेते ठेकेदारों को उपकृत करने के साथ पूर्व मंत्री को मंत्रिमंडल में शामिल नहां करने का खामियाजा भुगतने जा रही है।

खरोरा में किसानों की जमीन पर निजी कंपनी का कब्जा

- **हाइटेंशन तार के लिए बिना सूचना गाड़े जा रहे जंबो पोल, किसानों में आक्रोश**

खरोरा/नवप्रदेश। रायपुर के खरोरा क्षेत्र में किसानों की खेती की जमीन पर एक निजी कंपनी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के हाइटेंशन तार के लिए जंबो साइज के पोल खड़े करने का मामला सामने आया है। इस घटना से गुस्साए किसानों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और जमकर नाराजगी जताई। किसानों ने प्रशासन पर निजी कंपनी के साथ मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है।

बिना अनुबंध जमीन का इस्तेमाल, किसानों का आरोप

किसानों का कहना है कि शारदा बाड़ी में पहले से ही सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित है, जो सरकार को बिजली बेच रहा है। अब निजी सब्सिडी प्राप्त कंपनी बिना किसी अनुबंध के उनकी महंगी खेती की जमीन और भांठा भर्री जमीनों पर हाइटेंशन तार के लिए पोल गाड़ रही है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन इस काम को सरकारी आदेश बता रहा है, जबकि उन्हें कोई लिखित सूचना या मुआवजा नहीं दिया गया।

प्रशासन की सफाई, कंपनी का पक्ष नहीं आया सामने- प्रशासन का दावा है कि निजी कंपनी का यह काम सरकारी आदेश के तहत हो रहा है। हालांकि, निजी कंपनी ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। किसानों की शिकायतों और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए यह मामला गंभीर रूप ले सकता है।

आगे क्या? - खरोरा के किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वे चाहते हैं कि उनकी जमीन का इस्तेमाल बिना उनकी सहमति के न हो और उचित मुआवजा दिया जाए। इस घटना ने एक बार फिर निजी कंपनियों और प्रशासन के बीच कथित सांठगांठ के मुद्दे को उजागर किया है। अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो किसानों का आंदोलन क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा कि उन्हें अभी शिकायत प्राप्त हुई है इस संदर्भ में क्षेत्रीय विधायक,वह प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की समस्या का हल किया जाएगा।

किसानों ने रोका काम, आंदोलन की चेतावनी

जैसे ही गांव के किसान समयलाल नशीने,दुर्गा प्रसाद नशीने, अजय वर्मा,दर्शन यादव, को इसकी खबर लगी, उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर काम बंद कराया। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जमीन का अनुचित इस्तेमाल बंद नहीं हुआ, तो वे जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन उनकी आजीविका का आधार है, और इसे बिना सहमति के हड़पने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हवा के एक झोंके के साथ पहुंच जाता है घर-घर प्रदूषण

- **सरकार बदली विधायक बदले पर नहीं बदले प्रदूषण के नजारे**
- **डा सवाल सरकार से इतने प्रदूषण में जिएं तो कैसे जिएं**

धरसीवां/नवप्रदेश। क्या धरसीवां क्षेत्र नेतृत्व विहीन है क्या यहां छत्तीसगढ़ सरकार का इस क्षेत्र में कोई अंकुश नहीं यह सवाल अब इसलिए उठने लगा है कि छत्तीसगढ़ में कई बार सरकार बदल गई विधायक बदल गए बाबजूद इसके इस क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर किसी का कोई अंकुश नहीं हवा का एक झोंका औद्योगिक इकाइयों की काली राख को आसपास के दर्जनों गांव में घर घर हर घर पहुंचा रहा है लेकिन मजाल है कि किसी जिम्मेदार ने अब तक इसे रोकने कोई प्रभावी कार्यवाही की हो गुरुवार की दोपहर चली तेज हवा के साथ भी हमेशा की तरह औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस टू एवं फेस वन की औद्योगिक इकाइयों की काली राख हवा के साथ वायुमंडल में घुलकर आसपास के गांवों में घर घर हर घर पहुंची और ग्रामीणों का सांस लेना तक दूभर कर दी।

गुरुवार की दोपहर डेढ़ बजे से लेकर ढाई बजे तक चली तेज हवा के साथ औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस टू के भयावह नजारे को एक ग्रामीण ने कैमरे में कैद किया जिसमें साफ देख सकते हैं कि किस तरह हवा का एक झोंका औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषण को अपने साथ समेटकर ग्रामीणों राहगीरों ओर आसपास के गांवों के ग्रामीणों की सांस तक लेना मुश्किल कर देता है हवा चलती है तो न सांस लेने के साथ औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषण भी पेट के अंदर नाक अंदर काली आंखों में चुभन रास्ते में हैं तो रास्ता तक दिखाई नहीं देता इतना प्रदूषण हवा के साथ फैलता है

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस वन फेस टू एसकेएस रोड मुरेठी गांव सोंडरा गांव सांकरा गांव निमोरा चिखली धनेली सिलतरा टाडा मांढर आदि आसपास के दर्जनों गांवों के हालात औद्योगिक प्रदूषण से चिंताजनक हैं मकानों की छतों पर औद्योगिक प्रदूषण की काली परत जमी रहती है हवा के साथ जो औद्योगिक प्रदूषण है वह घरों के अंदर तक जा रहा है तालाबों के पानी पर सुबह काली परत जम जाती है ग्रामीणों को नहाने में खुजली चलती है प्रदूषण से तरह तरह की बीमारी होती रहती हैं बाबजूद ग्रामीणों की दर्दभरी दास्तां सुनने वाला कोई नहीं।

हवा चलते ही राहगीरों को दिखती है मौत

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में जैसे ही तेज हवा चलती है हवा के साथ औद्योगिक इकाइयों की काली राखड़ के कारण रास्ता भी दिखाई देना बंद हो जाता है पैदल साइकिल या बाइक से चलने वालों की आंखों में चुभन होने लगती है सांस लेने में तकलीफहोने लगती है जो अक्सर दुर्घटना का कारण भी बन जाता है।

देवजीभाई पटेल ने अपनी ही सरकार के खिलाफ चलाया था अभियान

औद्योगिक प्रदूषण को लेकर धरसीवां विधानसभा के लगातार तीन बार विधायक रहे देवजी भाई पटेल ने अपने कार्यकाल में हल्लाबोल अभियान चलाया था और बढ़ते प्रदूषण को लेकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया था तब प्रदूषण पर कुछ समय तक अंकुश दिखा लेकिन उसके बाद फिर कभी अंकुश नहीं लगा बिना ब्रेक की गाड़ी की तरह प्रदूषण बेरोकटोक दौड़ता गया और हालात बद से बदतर होते गए सरकार भी बदल गई ओर बदलने के बाद वो सरकार भी चली गई विधायक भी बदल गए लेकिन प्रदूषण घटने के बजाय बढ़ता ही गया

शिकायतें रद्दी की टोकरी में

बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण से हालाकान ग्रामीण पर्यावरण संरक्षण मंडल में कई बार शिकायत कर चुके लेकिन नतीजा सिफर ही निकला सोंडरा के ग्रामीणों ने जिनमें महिलाएं भी सामिल थी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण मंडल में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ नामजद शिकायत की थी बाबजूद उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई

ग्राम गुडेलिया बना छत्तीसगढ़ का मॉडल विकसित गांव : बृजमोहन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक के विकसित गांव गुडेलिया में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर मेंअपनी सहभागिता देते हुए ग्राम गुडेलिया के शिविर में आए ग्रामीणों द्वारा रखे गये मांगों पर विकास की अनेक घोषणायें करते हये अनेक विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया में उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाईब्रेरी के अलावा अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र का उन्होंने लोकार्पण भी किया।

उक्त अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया में हुए कार्यो एवं क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश में सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है, जहां हर वर्ग के लिये शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा एवम शहरों जैसे कार्य ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में किया जा रहा है सांसद ने कहा कि मैं आए हुए सभी सरपंचों से निवेदन करता है कि आप सभी भी गुड़ेलिया गाव के जैसे अपने गाव को विकसित करने का प्रयास करे , सभी सरपंचों के लिए गुड़ेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल को एक रोल मॉडल बताया।

उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है । उन्होंने गांव,गरीब, किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव में इतने अधिक विकास कार्य कराये गये हैं कि पूरे प्रदेश में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है। यह गांव मॉडल गांव के रूप में पूरे प्रदेश में लोगों को प्रेरणा देने का कामकर रहा है।

बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की बदहाल सड़क ने फिर मचाई खलबली

- **गाडामोर के पास बीच सड़क में माजदा वाहन पलटा**

नवागढ़/नवप्रदेश। बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की खराब सड़कें और तेज रफ्तार वाहन चालक यहां की जनता के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। शनिवार शाम करीब 6 बजे नवागढ़-मुंगेली मार्ग के गाडमोर-नवलपुर मोड़ के पास एक सफेद रंग की माजदा वाहन के टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। वाहन में पडकीडीह अंधियारखोर केलाबाड़ी से कच्चे केले लदे हुए थे, जो कोरबा भेजे जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन तेज रफ्तार में नवागढ़ की ओर आ रहा था। मोड़ के पास अचानक टायर फटने की तेज आवाज सुनाई दी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। वाहन के पलटते ही उसमें लदे कच्चे केले चारों ओर बिखर गए। इस कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। हालांकि चालक और हेल्पर सुरक्षित बाहर निकले।

जाम और राहत कार्य

इस हादसे के कारण सड़क पर करीब 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पलटी हुई गाड़ी को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अलील चंद ने बताया कि पुराने टायर और तेज रफ्तार दुर्घटना के मुख्य कारण थे। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अपने वाहनों की जांच कराएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

थाना प्रभारी का संदेश

अलील चंद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को तेज रफ्तार से बचना चाहिए, समय-समय पर वाहन की जांच करानी चाहिए और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा इंतजाम और सड़क की मरम्मत पर विशेष ध्यान देना होगा।

स्थानीय लोगों की चिंता

स्थानीय लोग चाहते हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपाय करे ताकि भविष्य में हादसे कम हों और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की बदहाली को लेकर समय रहते कदम न उठाए गए तो बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना रहेगा।

सड़क की खराब स्थिति और बढ़ती दुर्घटनाएं :

स्थानीय लोग बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की खराब सड़क स्थिति से बेहद परेशान हैं। सड़कों पर गहरे गड्ढे, टूटी सड़कें और अपर्याप्त सुरक्षा संकेत यात्रियों और वाहन चालकों की जान के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। तेज रफ्तार के साथ-साथ सड़क की यह खराब स्थिति दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

स्थानीय प्रशासन से कई बार सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपायों की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस भी इस समस्या से अवगत है और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को सतर्क करती रहती है।

कवर्धा में धर्मांतरण को लेकर हुई बड़ी कार्रवाई

- **आरोपी जोस थॉमस बीमारी ठीक करने और अन्य मामले पर कर देता था धर्मांतरण**

कवर्धा/नवप्रदेश। धार्मिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर जबरन धर्मांतरण के प्रयास को कबीरधाम पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने चर्च परिसर से जुड़े आरोपी जोस थॉमस को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। यह कार्रवाई जिले में धार्मिक सद्भाव बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

मामला थाना पंडातराई क्षेत्र के ग्राम कारीमाटी का है, जहां के एक निवासी ने थाना कवर्धा में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की थी कि शहर के चर्च परिसर में संचालित एक निजी विद्यालय के पदाधिकारी द्वारा बीमारी ठीक करने, आर्थिक सहायता देने और जीवन में सुधार लाने जैसे प्रलोभनों के जरिए धर्मांतरण का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक यह कार्य व्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से किया जा रहा था। थाना कवर्धा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित प्राथमिक जांच करते हुए गवाहों के कथन, दस्तावेज और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी जोस थॉमस, निवासी चर्च परिसर कवर्धा, के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी को विधिसम्मत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए जबरन, धोखाधड़ी या लालच देकर धर्मांतरण करने जैसे अपराधों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। यह पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि ऐसे प्रयासों को समय रहते रोका जाए ताकि जिले में शांति, सौहार्द और सामाजिक समरसता बनी रहे। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और यदि इस प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे या जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

ढाबे में रिश्वत लेते आरक्षक का वीडियो हुआ था वायरल, एसपी ने किया सस्पेंड

बलौदाबाजार। बीते दिनों हमने राजा देवरी थाने के एक आरक्षक के वीडियो वायरल होने की खबर लगाई थी, जिसमें वह सिमगा के पास जंक्शन ढाबे में रिश्वत लेते नजर आता है। मामला खुलने के बाद सोमवार को बलौदाबाजार एसपी भावना गुप्ता ने आरक्षक विरेन्द्र कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्होंने छ्रस्क्कतारेश साहू को जांच मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। बता दें, वीडियो वायरल होने के बाद आरक्षक से बातचीत की, तब उसका दावा था कि उक्त कैश उसने किसी नारायण निषाद को उधार में दिए थे और उसके कहने पर ही पैसे लेने वह ढाबा गया था। वायरल वीडियो में आरक्षक गाली-गलौच करते हुए और लाइजनिंग के लेन-देन की बात करते सुना जा सकता है। इस वीडियो में आरक्षक 2-3 ढाबा चलाने की बात भी कहते हुए सुना जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com